4 रायपुर संभाग
गांड़ा समाज द्वारा आयोजित दीवाली मिलन समारोह में..

6 अभिमत
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कच्छ से संदेश

09 विविध
घर पर बनाए मूंग दाल डोसा

10 संस्कारधानी
धान खरीदी की तैयारियां... इलेक्ट्रॉनिक तराजू से होगी...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित — हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, मंगलवार 05 नवम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-74 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### भारत औपनिवेशिक मानसिकता त्याग रहा है : जगदीप धनखड़



**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लोक प्रशासन में प्रौद्योगिकी को अपनाने, इसे समावेशी बनाने और 'अंत्योदय' से प्रेरित होने पर जोर देते हुए कहा कि भारत औपनिवेशिक मानसिकता त्याग रहा है। धनखड़ ने यहां भारतीय लोक प्रशासन संस्थान की आम सभा की 70वीं वार्षिक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारत तेजी से औपनिवेशिक मानसिकता को त्याग रहा है। औपनिवेशिक विचारों को चुनौती दी रही है। उन्होंने कहा, भारतीय लोक प्रशासन में भारतीय विशेषताएं होनी चाहिए जो औपनिवेशिक मानसिकता से दूर हो और स्वतंत्रता के बाद हमारी आकांक्षाओं के अनुरूप हो।

### वायु सेना का मिग-29 विमान आगरा के निकट दुर्घटनाग्रस्त



**नयी दिल्ली।** वायु सेना का मिग-29 लड़ाकू विमान तकनीकी खराबी के कारण सोमवार को आगरा के निकट दुर्घटनाग्रस्त हो गया जबकि विमान का पायलट समय रहते पैराशूट की मदद से सुरक्षित बच निकलने में सफल रहा। वायु सेना के प्रवक्ता के अनुसार विमान नियमित प्रशिक्षण उडान पर था। पायलट को जैसे ही विमान में तकनीकी खराबी का पता चला उसने विमान को ऐसी जगह पर उतारने की सफल कोशिश की जिससे कि जमीन पर जानमाल का नुकसान न हो। इसके बाद पायलट पैराशूट की मदद से सुरक्षित बच निकलने में सफल रहा।

### अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में सात करोड़ से अधिक लोगों ने मतदान किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका में पांच नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए सात करोड़ 80 लाख से अधिक लोगों ने मतदान किया है। यूनिवर्सिटी ऑफ फ्लोरडिया की इलेक्शन लैब ने यह जानकारी दी। इलेक्शन लैब के मुताबिक लगभग सात करोड़ अमेरिकी पहले ही चुनाव में मतदान कर चुके हैं, जिसमें तीन करोड़ 65 लाख अमेरिकियों ने व्यक्तिगत रूप से मतदान किया और तीन करोड़ 25 लाख ने मेल के जरिए मतदान किया।

## मोहन का विष्णु ने किया आत्मीय स्वागत....



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने निवास में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आत्मीय स्वागत किया। डॉ. यादव छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की 24वीं वर्षगांठ के अवसर पर राजधानी रायपुर में आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव का मुख्य अतिथि के रूप में शुभारंभ करने छत्तीसगढ़ पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री साय ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. यादव को शाल, श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री साय को छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# राज्योत्सव का भव्य शुभारंभ



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस राज्योत्सव 2024 का भव्य शुभारंभ छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति से हुआ। नवा रायपुर के राज्योत्सव ग्राउण्ड के मुख्य मंच से छत्तीसगढ़ी कलाकारों के दल ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी और दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। तीन दिवसीय राज्योत्सव के आयोजन को लेकर मेला स्थल को शानदार ढंग से सजाया गया है। हजारों की संख्या में लोग यहां आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद और प्रदर्शनी देखने के लिए पहुंचे। राज्योत्सव 2024 का शुभारंभ मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में हुआ। उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने की। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री द्वय अरूण साव एवं विजय शर्मा सहित अन्य मंत्रिगण, सांसद, विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधि सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के शुभारंभ के पूर्व से ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों का दौर शुरू हो गया। सुप्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी लोक कलाकार स्व.लक्ष्मण मस्तुरिहा के गीतों की प्रस्तुति ने खूब समां बांधा। रिखी क्षत्रीय की टीम ने छत्तीसगढ़ राज्य में अलग-अलग महीनों में आयोजित होने वाले तीज-त्यौहार एवं लोकपर्व आधारित कार्यक्रमों की संवाद, गीत एवं नृत्य के माध्यम से शानदार प्रस्तुति दी। उनकी टीम ने तीजा-पोरा, जंवारा, हरेली, गौरी-गौरा पूजा के साथ ही सुवा नृत्य एवं करमा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## पंडित धीरेंद्र शास्त्री का मिला आशीर्वाद...



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने निवास में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री से प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए आशीर्वाद ग्रहण किया। मुख्यमंत्री साय ने पं. धीरेंद्र शास्त्री के अपने निवास पहुंचने पर उन्हें शाल- श्रीफल भेंटकर उनका का आत्मीय स्वागत किया। गौरतलब है कि पं. धीरेंद्र शास्त्री छत्तीसगढ़ के प्रवास पर आए हुए हैं। राजधानी रायपुर आने से पहले वे कांकेर और कवर्धा के कार्यक्रमों में शामिल हुए।

# बस खाई में गिरी, 36 लोगों की मौत

एजेंसी ‹ अल्मोड़ा
www.dailypioneer.com



उत्तराखंड के अल्मोड़ा के पास मार्चुला में एक बस खाई में गिर गई, जिसमें 36 व्यक्तियों की मौत हो गई। जानकारी अनुसार मरने वालों की संख्या और अधिक हो सकती है। एसडीआरएफ की टीम राहत बचाव कार्य में जुटी हुई है। बताया जा रहा है बस में 45 से अधिक लोग सवार थे। यह बस नैनी डांडा से रामनगर जा रही थी और सुबह ही खाई में गिर गई। वहीं पुष्कर सिंह धामी ने घटना के मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं। मृतकों के परिजनों को मुआवजा का भी ऐलान किया गया है। घायलों को ऋषिकेश एम्स एयरलिफ्ट किया गया है। जानकारी अनुसार जब बस गिरी, उसके बाद कुछ यात्री खुद से ही घायल अवस्था में बस से बाहर निकल आए। इसके बाद उन्होंने वहां मौजूद लोगों को जानकारी दी, जिसके बाद आनन फानन में राहत बचाव टीम पहुंची और घायलों को अस्पताल ले जाया गया। मौके पर अल्मोड़ा के एसएसपी भी मौजूद रहे।

## दिन दहाड़े शूट ऑउट



**रायपुर।** सेंट्रल जेल रायपुर के बाहर सोमवार की दोपहर दिन दहाड़े शूट ऑउट का मामला सामने आया है। जानकारी अनुसार सेंट्रल जेल में अपने भाई से मिलकर निकलते ही साहिल नामक व्यक्ति को गोली से शूट किया गया। बताया जा रहा है कि, दो राउंड फायरिंग की गई है। जिनमें से एक उसके गले में लगी है। इस गोलीबारी में घायल साहिल खान को अंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## सुविधा, सुरक्षा, स्थिरता और समृद्धि की गारंटी के साथ चुनाव लड़ेगी : मोदी

एजेंसी ‹ रांची
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी के संकल्प पत्र का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा झारखंड में चार गारंटी के साथ चुनावी मैदान में उतरी है। मोदी ने झारखंड में आयोजित अपनी पहली चुनावी सभा गढ़वा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा झारखंड में सुविधा, सुरक्षा, स्थिरता और समृद्धि की गारंटी के साथ चुनाव लड़ेगी। मोदी ने कहा कि माताओं, बहनों और बेटियों के कल्याण के लिए झारखंड संकल्प पत्र में कई संकल्प लाई है। उन्होंने गोगो दीदी योजना का जिक्र करते हुए कहा कि इस योजना के तहत हर महिला को 2100 रुपये दिए जाएंगे। झारखंड में भाजपा सरकार बनने के बाद 500 रुपये में गैस सिलेंडर देगी। यहीं नहीं अगले साल से दीपावली और रक्षाबंधन पर दो मुफ्त सिलेंडर भी देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र रोटी-बेटी-माटी के सम्मान, सुरक्षा और समृद्धि के लिए समर्पित है।

## उत्तर प्रदेश, पंजाब, केरल की 14 सीटों पर उपचुनाव अब 20 नवंबर को

पायनियर संवाददाता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

चुनाव आयोग ने केरल, पंजाब और उत्तर प्रदेश में 14 विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में उपचुनाव 13 की जगह 20 नवंबर को कराने की घोषणा की। आयोग के अनुसार, इनमें केरल की पलक्कड़, पंजाब की डेरा बाबानानक, चब्बेवाल, गिद्दरबाहा, बरनाला और उत्तर प्रदेश की मीरापुर, कुण्डरकी, गाजियाबाद, खैर, करहल, सीसा मऊ, फूलपुर, कटिहारी, मझवां सीट शामिल हैं। आयोग ने कहा है कि उसने विभिन्न राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों के अनुरोध पर यह फैसला किया है। आयोग की विज्ञप्ति के अनुसार, इन दलों ने 13 नवंबर को सम्बंधित क्षेत्रों में सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों में लोगों की व्यस्तता के आधार पर चुनाव तिथि बदलने का अनुरोध किया था। इन सीटों के उपचुनाव की मतगणना 20 नवंबर को कराई जायेगी और चुनाव प्रक्रिया 25 नवंबर तक संपन्न करा ली जायेगी। आयोग ने कहा है कि इन सीटों पर चुनाव कार्यक्रम की अन्य तिथियों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। उल्लेखनीय है कि आयोग ने 15 अक्टूबर को 15 राज्यों में 48 विधानसभा और दो लोक सभा सीटों के लिये उपचुनाव कराने की घोषणा की थी। कार्यक्रम के अनुसार महाराष्ट्र की नान्देड़ संसदीय सीट और उत्तराखंड की केदारनाथ सीट को छोड़ कर इन सभी सीटों के उपचुनाव में मतदान 13 नवंबर को कराने का कार्यक्रम था। आयोग ने भाजपा, कांग्रेस, बसपा और रालोद जैसी पार्टियों और सामाजिक संगठनों के अनुरोध पर तीन राज्यों की 14 सीटों पर मतदान की तिथि बदल दी है और इन सीटों पर मतदान महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के मतदान के लिये तय 20 नवंबर की तिथि के दिन मतदान कराने का फैसला किया है।

## भारत ने कनाडा सरकार से की मंदिरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग

वार्ता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

भारत ने कनाडा के ब्रैम्पटन स्थित हिंदू सभा मंदिर में खालिस्तानी उग्रवादियों द्वारा की गई हिंसा की कड़ी निंदा करते हुए कनाडा सरकार से मंदिरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और दोषियों के खिलाफकार्रवाई करने की मांग की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मीडिया के सवालों के जवाब में कहा, हम कल ओंटारियो के ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर में चरमपंथियों और अलगाववादियों द्वारा की गई हिंसा की निंदा करते हैं। जायसवाल ने कहा, हम कनाडा सरकार से यह सुनिश्चित करने का आह्वान करते हैं कि सभी पूजा स्थलों को ऐसे हमलों से बचाया जाए। हम यह भी उम्मीद करते हैं कि हिंसा में शामिल लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि भारत सरकार कनाडा में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा को लेकर बेहद चिंतित हैं। भारतीयों और कनाडाई नागरिकों को समान रूप से सेवाएं प्रदान करने के लिए हमारे कांसुलर अधिकारियों को धमकी, उत्पीड़न और हिंसा से सुरक्षित रखा जाए।

### श्रद्धालुओं को मंदिर जाने से रोकने का मुद्दा सख्ती से उठाए सरकार : कांग्रेस



कांग्रेस ने कनाडा में श्रद्धालुओं को मंदिर जाने से रोकने के वीडियो पर चिंता ज़ाहिर करते हुए कहा है कि वहां की सरकार खालिस्तान समर्थकों की बजाय मंदिर गये श्रद्धालुओं के खिलाफ कार्रवाई कर रही है जिसका भारत सरकार को सख्ती से विरोध करना चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने एक वीडियो में कहा,'सुबह से कनाडा से ऐसे वीडियो आ रहे हैं जिसमें हिंदू श्रद्धालुओं को मंदिर जाने से रोका जा रहा है। मंदिर के बाहर खालिस्थान समर्थक नारेबाजी और हिंसक प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन कनाडा की पुलिस उन पर कार्रवाई करने की बजाय उन श्रद्धालुओं पर कार्रवाई कर रही है ।

## दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर स्थायी प्रतिबंध लगाने पर करें विचार : सुप्रीम कोर्ट

पायनियर संवाददाता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली में पटाखों पर प्रतिबंध लागू न किए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए दिल्ली सरकार और अन्य अधिकारियों से कहा कि वे राजधानी क्षेत्र में पटाखों के इस्तेमाल पर स्थायी प्रतिबंध लगाने के पर विचार करें। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने एम सी मेहता द्वारा दायर याचिका से संबंधित एक मामले की सुनवाई करते हुए ये टिप्पणियां कीं। पीठ ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में दिवाली के बाद वायु प्रदूषण के खतरनाक स्तर से यह स्पष्ट है। कि पटाखे पर प्रतिबंध से संबंधित उसके आदेश का पालन नहीं किया गया और दिवाली के आसपास पराली जलाने की घटनाएं भी बढ़ गईं। शीर्ष अदालत ने दिल्ली सरकार और दिल्ली के पुलिस आयुक्त को निर्देश दिया कि वे एक सप्ताह के भीतर हलफनामा दाखिल कर इस साल पटाखों पर प्रतिबंध लागू करने के लिए उठाए गए कदमों के साथ-साथ अगले साल प्रतिबंध का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों को रिकॉर्ड में लाएं। पीठ ने कहा कि इस बीच दिल्ली सरकार और अन्य अधिकारी दिल्ली में पटाखों के इस्तेमाल पर स्थायी प्रतिबंध लगाने के मुद्दे पर भी फैसला लेंगे।

## हाथियों की बिजली करंट से मौत के मामले को हाईकोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान



**बिलासपुर।** रायगढ़ जिले में घरघोड़ा वन परिक्षेत्र में तीन हाथियों की मौत के मामले में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा तथा न्यायमूर्ति बी.डी.गुरु ने स्वतः संज्ञान में ली गई जनहित याचिका पर सुनवाई कर सचिव ऊर्जा विभाग तथा मैनेजिंग डायरेक्टर छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी से शपथ पत्र प्रस्तुत करने के आदेश दिए। प्रकरण की अगली सुनवाई 20 नवंबर को निर्धारित की गई है। जानकारी अनुसार वन्य जीव प्रेमी नितिन सिंघवी ने भी जनहित याचिका में हस्तक्षेप याचिका दायर कर बताया कि बिलासपुर वन मण्डल में भी एक अक्टूबर को बिजली करंट से एक हाथी शावक की मौत हो गई। बिजली तार टूटने से 9 अक्टूबर को कांकेर में तीन भालू की मौत हो गई थी। शिकार करने के लिए लगाए गए बिजली तार से कोरबा में 15 अक्टूबर को दो लोग मारे गए थे तथा 21 अक्टूबर को भी शिकार करने के लिए लगाए गए बिजली तार से अंबिकापुर के बसंतपुर के जंगल में एक व्यक्ति की मृत्यु हुई है।

### 15 प्रतिशत एयर ट्रैफिक कंट्रोलर महिलाएं हैं

## राष्ट्रपति मुर्मु ने विमानन क्षेत्र की सफल महिलाओं से बात की

एजेंसी ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में भारतीय विमानन क्षेत्र की सफल महिलाओं के एक समूह के साथ बातचीत की। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार यह बैठक द प्रेसिडेंट विद द पीपल पहल के तहत हुई जिसका उद्देश्य लोगों के साथ गहरा जुड़ाव स्थापित करना और उनके योगदान को मान्यता देना है। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि देश के नागरिक विमानन क्षेत्र में विभिन्न परिचालन और तकनीकी क्षेत्रों में महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में 15 प्रतिशत एयर ट्रैफिक कंट्रोलर महिलाएं हैं, 11 प्रतिशत फ्लाइट डिस्पैचर महिलाएं हैं और 9 प्रतिशत एयरोस्पेस इंजीनियर महिलाएं हैं। उन्होंने कहा कि पिछले साल वाणिज्यिक लाइसेंस प्राप्त करने वालों में 18 प्रतिशत पायलट महिलाएं थीं। उन्होंने उन सभी सफल महिलाओं की सराहना की जो अभिनव सोच रखती हैं और नए रास्ते पर चलने का साहस रखती हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि केन्द्र सरकार के समावेशी प्रयासों ने नागरिक विमानन क्षेत्र में महिलाओं की प्रगति को बढ़ावा दिया है। अब अधिक से अधिक महिलाएं विमानन को अपने करियर के रूप में चुन रही हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विमानन उद्योग में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के साथ-साथ इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए समान अवसर भी जरूरी हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा और उचित प्रशिक्षण के अलावा परिवार का सहयोग भी जरूरी है। अक्सर देखा जाता है कि कई महिलाएं उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी परिवार से सहयोग न मिलने के कारण अपने सपनों को पूरा नहीं कर पाती हैं। उन्होंने सफल महिलाओं से आग्रह किया कि वे अन्य महिलाओं के लिए मार्गदर्शक बनें और उन्हें अपना करियर चुनने और अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रोत्साहित करें।



### मुर्मु ने अल्मोड़ा हादसे पर जताया शोक

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने सोमवार को उत्तराखंड के अल्मोड़ा में हुई बस दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री धामी ने मृतकों के परिजनों और घायलों के लिये पृथक रूप से सहायता राशि देने की भी घोषणा की है।

## सरकार पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए हरसंभव प्रयास करेगी : सिन्हा

वार्ता ‹ श्रीनगर
www.dailypioneer.com



जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर सरकार राज्य को पूर्ण राज्य का दर्जा और संवैधानिक गारंटी बहाल करने के लिए हरसंभव प्रयास करेगी। सिन्हा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए लोगों की आकांक्षाएं प्रबल हैं। अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश के रूप में पुनर्गठित करने के बाद जम्मू-कश्मीर विधानसभा के पहले सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सदस्य एक दशक से अधिक समय में पहले लोकतांत्रिक चुनाव के सफल और शांतिपूर्ण आयोजन के बाद यहां एकत्र हुए हैं। उन्होंने कहा, अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश के रूप में पुनर्गठित करने के बाद ये चुनाव, राजनीतिक अनिश्चितता की अवधि के बाद लोकतांत्रिक शासन को बहाल करने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हैं। उन्होंने कहा, यह लोकतंत्र की स्थायी भावना, हमारी संस्थाओं की ताकत और इस क्षेत्र के लोगों का इस विधानसभा के माध्यम से अपने लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व में विश्वास का प्रमाण है। इस प्रतिष्ठित सदन की बहाली को देखना सौभाग्य की बात है, जो एक बार फिर जम्मू-कश्मीर के लोगों की आकांक्षाओं को दर्शाता है। उपराज्यपाल ने कहा, प्रधानमंत्री ने कई मौकों पर राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है, जो लोगों के लिए फिर से आशा और आश्वासन का स्रोत रहा है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के मंत्रिपरिषद ने हाल ही में राज्य का दर्जा तत्काल बहाल करने का आह्वान करते हुए एक सर्वसम्मत प्रस्ताव पारित किया है।

## भारत-वियतनाम सैन्य अभ्यास विनबैक्स अंबाला में शुरू

एजेंसी ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



वियतनाम-भारत द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास 'विनबैक्स 2024' का 5 वां संस्करण सोमवार से अंबाला में शुरू हो गया। यह अभ्यास 23 नवंबर तक अंबाला और चंडीमंदिर में किया जायेगा। यह अभ्यास भारत और वियतनाम के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में एक प्रमुख मील का पत्थर है। सैन्य अभ्यास का यह संस्करण दोनों देशों की सेना और वायु सेना के कर्मियों द्वारा पहली बार द्वि-सेवा स्तर की भागीदारी के साथ अभ्यास के दायरे में वृद्धि को दर्शाता है। अभ्यास में 47 कर्मियों वाली भारतीय सेना की टुकड़ी का प्रतिनिधित्व कोर ऑफ इंजीनियर्स की एक रेजिमेंट के साथ-साथ अन्य हथियारों और सेवाओं के कर्मियों द्वारा किया जा रहा है। समान ताकत वाली वियतनामी टुकड़ी का प्रतिनिधित्व वियतनाम पीपुल्स आर्मी के सैनिक करेंगे। विनबैक्स-2024 का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत शांति अभियानों में संयुक्त राष्ट्र दल के हिस्से के रूप में इंजीनियरिंग कार्यों को करने के लिए इंजीनियर कंपनी और मेडिकल टीमों की संयुक्त सैन्य क्षमता को बढ़ाना है। द्विपक्षीय अभ्यास के पिछले संस्करणों से बढ़े हुए दायरे के साथ एक फील्ड प्रशिक्षण अभ्यास के रूप में विनबैक्स का आयोजन आपसी विश्वास, अंतर-संचालन को मजबूत करेगा और भारतीय सेना तथा वियतनाम पीपुल्स आर्मी के बीच सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने में सक्षम करेगा। मानवीय सहायता तथा आपदा राहत प्रदर्शन और उपकरण प्रदर्शन के साथ 48 घंटे का सत्यापन अभ्यास भी कार्यक्रम का हिस्सा है।

# एकजुटता से प्रगति पथ अग्रसर बालको : निर्मलेंदु

पायनियर संवाददाता ➤ बाल्कोनगर
www.dailypioneer.com







बालको के भूतपूर्व कर्मचारी 76 वर्षीय निर्मलेंदु समद्दार, जो बालकोनगर के निवासी हैं। याद करते हुए कहते है कि मैं 1970 में बेहतर रोजगार के तलाश में भिलाई से कोरबा आया। कोरबा परियोजना (जिसे अब बालको के नाम से जाना जाता है) शुरु हो रही थी। कंपनी के गैराज में 1970 से तकनीशियन के तौर पर काम करने वाले निर्मलेंदु ने उस दौर के बारे में बताया, जब कंपनी 200 कर्मचारियों के साथ सिविल कार्य करने में व्यस्त थी, जिसमें अधिकारी और कर्मचारी दोनों शामिल थे। 1972 में कंपनी ने एल्यूमिना उत्पादन के लिए फूटकापहाड़ से बॉक्साइट लाना शुरू किया। कंपनी में मेरी जिम्मेदारी 25 से ज़्यादा भारी वाहनों की देखरेख करने की थी। इसमें एल्युमिना चार्जर और लोडर भी शामिल थे। 1971 के अंत तक कंपनी में 600 कर्मचारी कार्यरत थे।

जब मैं कंपनी में शामिल हुआ उस समय टाइप डी (3 बीएचके घर) क्वार्टर की एक पंक्ति थी। जल्द ही बालकोनगर के सेक्टर-6 और सेक्टर-1 में टाइप बी (2 बीएचके फ्लैट) क्वार्टर बने। 1978 तक सेक्टर 5 में सिविक सेंटर (बाज़ार) बना तथा इस क्षेत्र का तेज़ी से विकास हुआ। 1980 तक बालको टाउनशिप एक समृद्ध समुदाय में विकसित हो गया था जिसमें स्कूल, बाज़ार और 1975 में बना 30 बिस्तरों वाला अस्पताल भी शामिल था।

अपने परिवार के बारे बताते हैं कि मेरी शादी 1974 में हुई थी। मैं तथा मेरी पत्नी यहाँ एक खुशहाल जीवन जी रहे है क्योंकि हमें ज़रूरतों की चीज़ें के साथ यहां एक सामाजिक माहौल भी मिला। जहाँ कई सांस्कृतिक क्लब और विभिन्न उत्सव साथ मनाने की परंपरा चली आ रही है। 1975 में कंपनी के कई सामाजिक-सांस्कृतिक क्लब थे, जिसमें केरल समाजम, बालको मलयाली एसोसिएशन, क्रिश्चियन एसोसिएशन, अग्रदूत, बालको सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति, आंध्र मित्र कला मंडली और कई अन्य शामिल थे। कर्मचारियों के लिए एक समर्पित क्लब था जिसे बालको क्लब कहा जाता था। 1973 में गठित बालको क्लब द्वारा सभी प्रमुख त्यौहार तथा फिल्म, समारोह, संगीत संध्याएँ और नाट्य आयोजित किये जाते थे।

वह बताते हैं कि बालको ने टाउनशिप की महिलाओं के लिए 'बालको लेडीज़ क्लब' नाम की एक कमेटी भी बनाई थी। 1973 में गठित बालको लेडीज़ क्लब ने टाउनशिप में खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए। क्लब द्वारा आस-पास के गाँवों में स्वास्थ्य शिविर, छात्रवृत्ति और सामुदायिक कार्यों में दान जैसे सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्य का भी समर्थन किया। क्लब ने क्षेत्र के सभी लोगों के लिए लोकप्रिय वार्षिक कार्निवल मेला का भी आयोजन किया।

कर्मचारियों को नवाचार करने और उत्पादकता बढ़ाने के लिए बालको ने 1973 में 'सुझाव योजना' की शुरुआत की थी। इस घटना को याद करके हुए वो बताते हैं कि विदेश से खरीदे गए उपकरणों के विकल्प के रूप में मैंने एक नया उपकरण पेश करके कंपनी के करीब 40,000 रुपये बचाए जिसके के लिए मुझे बालको की 'सुझाव योजना' के तहत नकद पुरस्कार दिया गया था।

निर्मलेंदु को डिज़ाइन और मॉडल का शौक था। अपनी खुशी जाहिर करते हैं कि मैंने बालको के लिए कई झांकियाँ बनाईं। हमने 1980 के दशक की शुरुआत में पहली बार भोपाल प्रदर्शनी में भाग लिया, जहाँ हमने स्मेल्टर और उत्पाद रेंज के छोटे मॉडल का प्रदर्शन किया। उस वर्ष बालको ने जीत हासिल की। एक सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई के रूप में बालको ने निजीकरण तक भोपाल, रायपुर और बिलासपुर में कई झांकी प्रतियोगिता में भाग लिया। कंपनी ने राष्ट्रीय महत्व के दिन अपने समारोह में इस कला को अभी भी बरकरार रखा है।

निर्मलेंदु मुस्कुराते हुए अपने बगीचे को देखते हुए कहते हैं कि टाउनशिप ने इस क्षेत्र की सुंदरता को बढ़ाया है। क्षेत्र में दुर्लभ फूल के साथ कंपनी और उसके कर्मचारियों ने विभिन्न प्रजातियाँ लाए, जो अब लोगों के बरामदों में खिलें हैं।1980 तक कंपनी ने टाउनशिप में कई फूलों के पौधे लगाए थे, जिनमें गुलमोहर और निलगिरी जैसी प्रजातियाँ शामिल थीं। आज बालको टाउनशिप में सूरजमुखी, बोगनविलिया, हिबिस्कस, चमेली और कई अन्य प्रकार के फूलों के पौधे हैं। मैं अपना अधिकांश समय बागवानी और चित्र बनाने में बिताता हूँ। वह अंत में कहते हैं कि 54 साल हो गए और यह अभी तक जारी है।

## बालको की शुरूआती यात्रा

27 नवंबर, 1965 की स्थापना के साथ ही, सार्वजनिक क्षेत्र में एल्यूमिनियम उत्पादन करने वाली पहली कंपनी बनी। 1966 में कोरबा साइट के ऑफिस की स्थापना के बाद 1969 से सिविल कार्य आरंभ हो गया। 1973 में एलुमिना प्लांट की शुरूआत हुई और पहली बार 1974 में सोवियत संघ (रूस) को 8000 टन एलुमिना निर्यात कर कंपनी ने बड़ी उपलब्धि हासिल की। एक लाख टन वार्षिक एल्यूमिनियम उत्पादन क्षमता के स्मेल्टर को चार चरणों में स्थापित किया गया। सभी चरण में 25 हजार टन वार्षिक क्षमता के स्मेल्टर का निर्माण हुआ। पहले एवं दूसरे चरण के स्मेल्टर को उत्पादन के लिए 1975 तथा 1977 में मंजूरी मिली तथा तीसरे एवं चौथे चरण का निर्माण कार्य 1977 एवं 1978 तक मुकम्मल हो गया था।

कंपनी ने पहली बार 1976 में 'भारततल' इंगट जापान को निर्यात किया। इसी के साथ अपने प्रचालन का विस्तार करते हुए कंपनी ने 1976 में एक प्रॉपरज़ी रॉड उत्पादन इकाई, 1978 में बिलेट और 1980 में स्लैब रोलिंग की स्थापना की। साथ ही 1978 में अलॉय पिग्स एवं बिलेट तथा 1979 में एक्सट्रूशन प्रोडक्ट का कॉमर्शियल प्रोडक्शन शुरू किया। कंपनी के उत्पाद में एलुमिना, पिघला धातु, ईंगट, एलॉय मेटल, बिलेट, स्लैब, प्रॉपरज़ी रॉड, एक्सट्रूशन और रोल्ड उत्पाद शामिल थे।

बालको ने 1970 में एक आवासीय टाउनशिप को विकसित किया जिसमें सभी सामुदायिक सुविधाएँ उपलब्ध थीं। 1980 तक समृद्ध टाउनशिप विकसित किए गए, जिसमें स्कूल एवं बाज़ार शामिल थे। इसके साथ ही 1975 में 30 बिस्तर वाला अस्पताल बना। बालको ने सभी समुदायों के लिए पूजा स्थल बनवाएं, जिनमें मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे और चर्च आदि शामिल थे।

2001 में भारत सरकार ने भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) के 51 शेयरों का विनिवेश स्टरलाइट इंडस्ट्रीज (अब वेदांता लिमिटेड है) में किया। विनिवेश के बाद बालको ने तेजी से विकास की राह पर कदम बढ़ाया। इन छह दशकों में बालको अपनी क्षमता को 1 मिलियन टन प्रति वर्ष तक पहुंचने का लक्ष्य रखता है। इसके साथ ही वैश्विक स्तर पर कंपनी छठी सबसे बड़ी स्मेल्टर बन जाएगी। नेतृत्व और नवाचार के छह शानदार दशकों की मदद से कंपनी एल्यूमिनियम उद्योग के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भरता बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकों ने की मुलाकात

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले से रायपुर नगर (दक्षिण) विधानसभा उप-निर्वाचन के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक जी. रेखा रानी, पुलिस प्रेक्षक करण शर्मा और व्यय प्रेक्षक कनुप्रिया दामोर ने मुलाकात की। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में हुई इस मुलाकात के दौरान रायपुर नगर (दक्षिण) विधानसभा उप-निर्वाचन को निर्बाध, निष्पक्ष, पारदर्शी और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी तथा रायपुर के कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह भी इस दौरान मौजूद थे।

05 Nov. 2024 Pride Of Raipur

M A K AZAD COLLEGE OF PHARMACY, RAIPUR (C.G.)
Since – 2004
Approved by PCI New Delhi
Affiliated with CSVTU Bhilai
ADMISSION / REGISTRATION OPEN - 2024-25
B Pharmacy – D Pharmacy
XII Science – PCB/ PCM
B Pharmacy lateral entry
CHOURASIYA COLONY NAV DURGA NAGAR RAIPUR
9329621221 , 9425214413 , 9981224037 ,7714913335
email I D - makazadpharmacy123@gmail.com
For online registration Visit: www.makazadpharmcy.com

DYNAMO
Price 72000/- Offer 59,990/- Today Only
ESCAPE EXPLORE EXHILARATE
3 Year Warranty
XL
कोई भी पुरानी गाड़ी लाएं और DYNAMO ले जाएं। बाकि आसान किश्तो में पाएं।
निश्चित उपहार प्रत्येक बुकिंग पर 2999/- देकर बुक करें।
आज ही ले फ्री-टेस्ट ड्राइव
कैशबैक 5000/-
सिर्फ 9999/- देकर घर ले जायें
फाइनेंस सुविधा उपलब्ध बढ़ती कीमतों से फायदा
CHAWLA ELECTRIC जी.ई. रोड तेलीबांधा रायपुर, मो. 87708 96699, 99079 60900

SAVI Arts ONE STOP SHOP FOR ALL FINE ART ITEMS
Deals In
Resin work and material
Festival decoration
Handmade bandhanwar (Toran)
Diyas
Painting
Crockery items
Tealight holder (Metal/ cloth/ wood etc)
Call Now 8964029818, 8319103510
Savi Arts And Craft Store, Shop No. 4, Business Apartment Near Shankar Nagar, Chowpaty, Beside Post Office, Shankar Nagar, Raipur (C.G.)

9575261555
VASTU समाधान
दीपक गुप्ता
(PGD In Vaastu, MBA, MA, LLB, MSW)
(वास्तुशास्त्री एवं अंक वास्तुशास्त्र)
Life Designer and Mentor
वास्तुशास्त्र- घर, दुकान, ऑफिस, प्लॉक, फैक्टरी, कारखाना का नींव से लेकर निर्माण तक संपूर्ण वास्तु।
अंक वास्तुशास्त्र- हस्ताक्षर वास्तु, नाम स्पलिंग वास्तु मोबाईल नंबर, घर का नंबर, कार एवं अन्य किसी भी प्रकार के नंबर अंक से जीवन में सुख शांति, सफलता और संपन्नता प्राप्त करने के अचूक सरल उपाय।
पता- उषा इस्टेट, B8/6 फ्लोर, पंडरी मोवा ब्रिज के बगल में, रायपुर

क्या आपके यहां बार - बार चोरी हो रही है ?
तो ब्रांडेड कैमरे ही लगवायें
हम सामान ही नही, सर्विस भी अच्छी देते है
शहर से बाहर गोडाउन, घर एवं शॉप को मोबाईल पर लाईब देखें
क्या आप सस्ते कैमरे लगवाकर नाखुश है ?
सेल्स एण्ड सर्विस के लिए संपर्क करे -
लक्ष्मी सिक्यूरिटी सिस्टम
91652-22223, 93292-94567

बेचना है
रायपुर से 12 किलोमीटर पाटन के बेहतरीन लोकेशन वॉल्फोर्ट ग्रीन के पीछे कोपडीह खुडमुड़ा रोड पर कमर्शियल काम्प्लेक्स, घर एवं गोडाउन बनाने हेतु पूर्व दिशा में 2250 Sqft फीट 58 का फ्रंट प्लाट 1050/- फीट एवं अभनपुर में विशाखापट्टनम रोड से वॉकिंग डिस्टेंस नगरसीमा अंतर्गत 1000 फीट प्लॉट बेचना है।
मो. 8770262964

होमलोन व मार्डगेज लोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रीयकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होम लोन ब्यज दर मात्र 8.70%*
मार्डगेज लोन ब्यज दर मात्र 9.50%*
वर्तमान होमलोन को ट्रांसफर करायें कम ब्याज दर पर 8.70%
पायें उतना ही अतिरिक्त लोन, होम लोन दर पर 8.70%*
SHRI SIDDHI VINAYAK FINACE
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, Raipur
Mob.: 9329002356
नोट - बैंकिंग एवं फायनेंस सेक्टर में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्कता है।

विज्ञापन हेतु जगह उपलब्ध है।
9329846567
9827146567

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step
JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us..
9302787900, 9425211789

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

## हर बड़ी अपराधिक घटना के पीछे कांग्रेस का हाथ : किरण देव

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने छत्तीसगढ़ में बढ़ते अपराध और अराजकता के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराते हुए कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हर बड़ी अपराधिक घटना के पीछे कांग्रेस का हाथ है और यह पार्टी प्रदेश में अशांति फैलाने की साजिश रच रही है। उन्होंने कहा, जहां भी अपराध या तनाव की स्थिति उत्पन्न हो रही है, उसकी जड़ में कांग्रेस का हाथ है। देव ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस सत्ता को अस्थिर करने के लिए षड्यंत्र रच रही है और इस पूरे खेल का उद्देश्य भय और आतंक का वातावरण निर्मित करना है। किरण देव ने दामाखेड़ा में हुए कबीरपंथ के आचार्य के निवास पर हमले का जिक्र करते हुए इसे कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की साजिश बताया। उन्होंने कहा कि इस घटना का आरोपी कांग्रेस का एक सक्रिय कार्यकर्ता है, जिसका उल्लेख स्वयं प्रकाशमुनि साहेब ने भी किया है। इसके अलावा, बलौदाबाजार में कलेक्टर और एसपी कार्यालय को जलाने की घटना में भी कांग्रेस के विधायक और सैकड़ों कार्यकर्ता संलिप्त हैं। देव के अनुसार, अदालत ने इस मामले में आरोपियों को जमानत देने लायक भी नहीं माना, जो दर्शाता है कि इनके खिलाफ मजबूत साक्ष्य मौजूद हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने सूरजपुर में एनएसयूआई के नेताओं पर जघन्य हत्या का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस अपनी राजनीति चमकाने के लिए ऐसी हिंसात्मक गतिविधियों को प्रायोजित कर रही है। उन्होंने कहा कि केशकाल में भी युवा कांग्रेस का ब्लॉक उपाध्यक्ष नकली नोटों के साथ पकड़ा गया है, जो बताता है कि कांग्रेस के नेताओं का आपराधिक गतिविधियों से संबंध है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह प्रदेश में कोयला, शराब, पीएससी और महादेव घोटालों में संलिप्त है। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश में शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। दामाखेड़ा में कबीरपंथ पर हुए हमले की निंदा करते हुए उन्होंने कहा कि दोषियों को, चाहे वह कितने भी बड़े नेता क्यों न हों, सलाखों के पीछे भेजे बिना भाजपा चैन से नहीं बैठेगी।

## राज्यपाल ने छठ पर्व की दी शुभकामनाएं



**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका ने छठ पूजा के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल ने कहा है कि सूर्य उपासना का यह पर्व हमें प्रकृति के प्रति प्रेम का संदेश देता है। छठ पूजा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं बल्कि आस्था, विश्वास और प्रकृति के प्रति हमारी कृतज्ञता का प्रतीक भी है। यह पर्व हमारे जीवन में सुख, समृद्धि और शांति का संचार करने का अवसर प्रदान करता है। राज्यपाल ने इस अवसर पर उन्होंने कामना की है कि यह पर्व प्रदेशवासियों के जीवन में नई ऊर्जा और उमंग का संचार करे। सूर्य देव की कृपा से सभी का जीवन स्वस्थ, समृद्ध और खुशहाल हो।

# इस चुनाव में दक्षिण में नया इतिहास रचेंगे : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि अबकी बार हम दक्षिण में नया इतिहास रचेंगे। पूरे दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के पक्ष में वातावरण बना हुआ है। जनता के आर्शिवाद से कांग्रेस के प्रत्याशी आकाश शर्मा चुनाव जीतेंगे। दक्षिण विधानसभा का चुनाव में साय सरकार के 11 माह के कुशासन के खिलाफ जनता मतदान करने को तत्पर है। 11 माह में राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था भाजपा की वायदाखिलाफी, सरकार का कुशासन बड़ा चुनावी मुद्दा होगा। केई सरकार 11 माह के अल्प समय में ही इतनी ज्यादा अलोकप्रिय साबित हो सकती है। इसका उदाहरण छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार है। जनता भाजपा सरकार से ऊब चुकी है, अतः जनमानस भाजपा के खिलाफ है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी आकाश शर्मा प्रचंड मतो से चुनाव जीतेंगे। कांग्रेस का प्रत्याशी युवा है, उनको व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। वे जुझारू है। इसके विपरीत भाजपा प्रत्याशी पर सांसद रहते हुये निष्क्रियता का तमगा लगा हुआ है। रायपुर की जनता ने सांसद के रूप में सुनील सोनी को अवसर दिया था लेकिन वे जन आकांक्षाओं पर खरा नहीं उतर पाये। कांग्रेस ने उनके मुकाबले सक्रिय युवा को मौका दिया है। विधायक के रूप में आकाश शर्मा रायपुर दक्षिण की जनता की बेहतर सेवा करेंगे। सरकार की असफलता से जनता में भाजपा के खिलाफ आक्रोश है। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में दक्षिण उपचुनाव को लेकर उत्साह है। कांग्रेस का कार्यकर्ता दक्षिण में कांग्रेस का विधायक बनाने को तत्पर है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि राज्य की आम आदमी भाजपा के राज में अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहा है। राजधानी में दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में बस स्टैण्ड में एक महिला के साथ सामूहिक दुराचार हो गया। राजधानी में भाजपा के राज में 5 बार गोली चल गयी, अंतरराष्ट्रीय गैंग पैर पसार रहे, राजधानी चाकूपुर बन गया, राजधानी में आदमी गाजर मूली की तरह काटे जा रहे, मरीन ड्राईव मर्डर ड्राइव बन गया है। रायपुर की कानून व्यवस्था बिगड़ गयी है। इन सब मुद्दो को लेकर कांग्रेस दक्षिण के उपचुनाव में जनता के बीच लेकर जा रही है।

ज्योति पर्व है, ज्योति जलाएं, मन के तम को दूर भगाएं
दीप जलाएं सबके घर पर, जो नम आंखें उनके घर पर
हर मन में जब दीप जलेगा, तभी दीवाली पर्व मनेगा
राईस मिल एसोसिएशन
की ओर से
समस्त
क्षेत्रवासियों
को
खुशियों एवं प्रकाश के महापर्व
दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं
विनीत- समस्त पदाधिकारीगण एवं समस्त सम्मानीय सदस्यगण

# राजयोग से परिस्थितियों का सामना करने की शक्ति मिलती है : ब्रह्माकुमारी रजनी दीदी

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com





प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के जापान एवं फिलिपीन्स स्थित सेवाकेन्द्रों की इन्चार्ज ब्रह्माकुमारी रजनी दीदी ने बतलाया कि राजयोग श्रेष्ठ योग पद्धति है। इससे विपरीत परिस्थितियों का सामना करने में मदद मिलती है। विदेशियों को यह काफी आकर्षित करता है।

ब्रह्माकुमारी रजनी दीदी शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में अपना अनुभव सुना रही थीं। वह इन दिनों जापान से खास छत्तीसगढ़ में ब्रह्माकुमारी संस्थान की सेवाओं को देखने के लिए यहाँ आयी हुई हैं। आगे वह भिलाई, दुर्ग और राजनांदगांव भी जाएंगी। उन्होंने आगे बतलाया कि जापान में बहुतांश लोग बौद्ध धर्म को मानने वाले हैं। वह लोग ईश्वर को नहीं मानते हैं। ऐसे देश में उनको हिन्दू फिलासफी को समझाना कठिन होता है। भारत में तो सभी लोग रामायण महाभारत और गीता आदि शास्त्र पढ़े हुए होते हैं अतः उन्हें आध्यात्मिक ज्ञान सुनाना और उनकी सेवा करना आसान होता है लेकिन विदेश में जहाँ की संस्कृति रहन-सहन और खान-पान सब कुछ भिन्न होता है। वहाँपर हमको सप्ताह कोर्स कराने में बहुत मेहनत करनी पड़ती है। इसमें काफी समय लग जाता है। इतना ही नहीं वहाँ ज्ञान पर सुनाने के साथ-साथ लोगों को शुद्ध शाकाहारी और सात्विक भोजन बनाना भी सिखाना पड़ता है। उन्होंने बतलाया कि जापान में भूकम्प आने पर सुरक्षा की दृष्टि से बिजली पानी आदि सब सुविधाएं बन्द हो जाती हैं। ऐसे ही एक अवसर पर आश्रय स्थल में उन्हें सत्तर लोग मिले। जहाँ पर ब्रह्माकुमारी बहनों को बिना विचलित हुए निश्चिन्त बैठे देखकर लोगों ने पूछा कि आप इतना निश्चिन्त कैसे हैं? जब उन्हें पता चला कि हम राजयोगी हैं तो उन्होंने भी राजयोग सीखने की इच्छा प्रकट की। इस प्रकार राजयोग हमें हर परिस्थिति में शान्त रहना सीखाता है। उन्होंने कहा कि भारत के सारे त्यौहार वह लोग विदेशों में भी मनाते हैं लेकिन वहाँ इतना धूमधाम नहीं होता है। मकानों में इतनी सजावट भी नहीं होती है। भारत में तो सभी त्यौहार बहुत ही उमंग-उत्साह के साथ मनाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान में आने से आध्यात्मिकता को अपनाने से हमारे जीवन में बदलाव आया है। हम सब बहुत भाग्यशाली आत्माएं हैं जो कि हमें बाबा का ज्ञान मिला। परिवर्तन का आधार पवित्रता है। यही हमारे आध्यात्मिक जीवन की बुनियाद भी है। हमारे मन में किसी के भी प्रति दुर्भावना अथवा वैमनस्यता न हो। मन से सब मैल निकाल दो। दिवाली मनाना माना अन्दर की सफाई करना। चूँकि अब नया युग शुरू होना है इसलिए कुछ भी पुराना हमारे मन में बचा हुआ न रहे। तब आत्मा एकदम शुद्ध, पवित्र और सुख शान्ति से भरपूर होकर वापिस अपने घर परमधाम जाएगी। उन्होंने कहा कि पवित्रता में इतनी शक्ति है कि इससे हमारे दुःख और अशान्ति समाप्त हो जाते हैं। पवित्रता हमारे जीवन में सुख और शान्ति की जननी है। इस अवसर पर रायपुर के बाल कलाकारों ने ब्रह्माकुमारी रजनी दीदी के स्वागत में जापान और भारत की संस्कृति को मिलाकर बहुत ही सुन्दर मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

## आगामी संगठन चुनाव के लिए जिला चुनाव अधिकारी बने पूर्व मंत्री डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी

पायनियर संवाददाता ◂ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



प्रदेश भाजपा नेतृत्व द्वारा आगामी संगठन पर्व में होने वाले निर्वाचन प्रणाली के सफल क्रियान्वयन हेतु पूर्व मंत्री व जिला चुनाव अधिकारी डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी ने मंडल चुनाव अधिकारी और सहयोगी की घोषणा की है जो तत्काल प्रभावशील होगी एवं जिनके निर्देशन मे मंडल चुनाव होना है और वे अपने-अपने मंडल चुनाव के संगठनात्मक निर्वाचन को मूर्त रूप देंगे। उक्ताशय की जानकारी पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी रितेश श्रीवास्तव ने दी, मंडलवार चुनाव अधिकारी एवं सहयोगी के नाम इस प्रकार है। बया - सुरेंद्र टिकरिहा, पुनीत नायक, टूंड्रा - टेसूलाल धुरंधर, सत्यभामा साहू, कसडोल - अनिल पांडे, सुदीप मानिकपुरी, लवन - विजय केशरवानी, गिरधारी वर्मा, पलारी - कृष्णा अवस्थी, अमित वर्मा, दक्षिण पलारी - विपिन बिहारी वर्मा, शंभू डहरिया, बलौदाबाजार शहर - तेजराम वर्मा, नीलम सोनी, बलौदाबाजार ग्रामीण - श्यामबाई साहू, डमरूधर वर्मा, सुहेला - सेवक वर्मा, दौलतराम पाल, भाटापारा शहर - योगेश चंद्राकर, सुनील यदु, भाटापारा ग्रामीण - आनंद यादव, प्यारे रजक, सिमगा - राकेश तिवारी, अभिजीत अवस्थी, निपनिया - ओमप्रकाश चंद्रवंशी, राजेश पटेल होंगे।

## कनौजिया सोनार समाज ने किया संगठन का विस्तार

**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कनौजिया सोनार समाज ने संगठन विस्तार करते हुए सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में जिले स्तर पर जिला अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष की नियुक्ति कर दी है। जिसमें दुर्ग जिले से अध्यक्ष उत्तम सोनी आमा पारा दुर्ग, सचिव रघुनंदन सोनी शांति नगर भिलाई 3, रायपुर जिले से अध्यक्ष कमलेश सोनी कचना रायपुर, सचिव देवलाल सोनी गांधी नगर पंडरी रायपुर, कोषाध्यक्ष गिरधर सोनी चंदखुरी फार्म रायपुर, भाटापारा बलौदा बाजार जिला अध्यक्ष शंकर सोनी टेमरी, सचिव ताराचंद सोनी सारा गांव, खैरागढ़, छुईखदान, गंडई जिला अध्यक्ष रमेश बच्चन सोनी सचिव राजेश सोनी डुंडा, कोषाध्यक्ष बलदाऊ सोनी बुंदेली को बनाया गया है। यह आदेश प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ कनौजिया सोनार समाज कार्यालय भिलाई 3 के अनुशंसा पर और प्रदेश सचिव सहमति से विभिन्न पदों पर नियुक्ति गई है जिसका कार्यकाल आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगा।

## शिक्षक रूपेंद्र ने करवाया न्योता भोज





पायनियर संवाददाता ◂ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडगांव जिले के प्राथमिक शाला व उच्च प्राथमिक शाला डोंगरीपारा चिपावण्ड में प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना न्योता भोज और पूरक पोषण आहार के अंतर्गत संस्था में पदस्थ शिक्षक रूपेन्द्र कुमार साहू ने अपने स्वर्गीय पिता प्रभुलाल साहू की प्रथम पुण्यतिथि पर संस्था में अध्यनरत 57 बच्चों को माध्यम भोजन के अतिरिक्त न्योता भोज में खीर पुरी खिलाया। संस्था प्रमुख सावित्री कोर्राम व गमला पुजारी और शिक्षक हीरालाल चुरेंद्र, नीरज ठाकुर, कुमुद पांडेय, प्रियंका पटेल, योगिता नाग, भृत्य यशोदा ठाकुर ने आयोजन के उपलक्ष्य में शिक्षक रूपेन्द्र कुमार साहू को हृदय से आभार प्रकट करते हुए साहू परिवार को धन्यवाद प्रेषित किया।

## वार्डों में गौरा गौरी शोभायात्रा निकली, बजरंग सेना अखाड़ा दल ने दिखाए हैरतअंगेज करतब

पायनियर संवाददाता ◂ भाटापारा
www.dailypioneer.com



गौरा गौरी शोभायात्रा में बजरंग सेना अखाड़ा दल के बाल कलाकारों ने दिखाया हैरतअंगेज करतब। नगर में दीपोत्सव पर्व बड़े धूमधाम से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भगवान गौरा-गौरी मूर्ति की स्थापना नगर के अधिकांश वार्डो में जैसे ,नयापारा वार्ड, डबरा पारा,नया गंज वार्ड, हथनिपारा वार्ड, सुभाष वार्ड ,शक्ति वार्ड ,नेहरू वार्ड, मातादेवालय वार्ड सहित अनेक वार्डों में किया गया, जहां पर भगवान गौरा गौरी की विधिवत पूजा अर्चना आदिवासी समाज सहित सभी समाज के लोगों ने किया। धनतेरस के दिवस पर गौरा-गौरी स्थापना फूल कूचरना का कार्यक्रम संपन्न किया गया है लक्ष्मी पूजन पर प्रात 10:00 बजे संबंधित स्थल से भगवान गौरा गौरी की मूर्ति हेतु चुलमाटी कार्यक्रम संपन्न किया गया एवं निर्धारित स्थल पर ले जाकर भगवान गौरा गौरी की मूर्ति संबंधित बैगाओ के द्वारा बनाई गई तथा रात्रि में भगवान गौरा गौरी विधिवत वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न हुआ। गोवर्धन पूजा के दिन प्रात 6:00 बजे टिकावन कार्यक्रम संपन्न हुआ एवँ दोपहर 12:00 बजे भगवान गौरा-गौरी की भव्य शोभायात्रा गाजे बाजे व अखाड़े के साथ विसर्जन कार्यक्रम स्थानीय कल्याण सागर तालाब में संपन्न किया गया इसी तात्पर्य में नयापारा वार्ड, धरमु गली गौरा चौरा पर ईश्वर राजा-गौरा रानी की मूर्ति स्थापित सतरूपा गणेश सिंह ध्रुव, सावित्री पुनऊराम ध्रुव,कदम सुरेश सिंह ध्रुव, जयसिंह कुंती ध्रुव, इंदु गीता प्रसाद ध्रुव,दिनेश बिमला ध्रुव, प्रीति ओमसिंह ध्रुव, रामायण संतोषी ध्रुव,नेहा प्रेम ध्रुव के देखरेख में जसपाल , दीक्षा, रश्मि, लक्ष्मी, आरती, जानकी, गौरी ,कोमल, निकिता ध्रुव के द्वारा संपन्न किया । इसमें आदिवासी परिवार सहित वार्ड वासियों के सहयोग से यह कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सहभागिता बजरंग सेना अखाड़ा दल के प्रमुख बजरंग ध्रुव के मार्गदर्शन में छोटे-छोटे कलाकारों द्वारा बॉबी ध्रुव, सन्नी ध्रुव,शिवम ध्रुव, पप्पू पवनकर, चिंटू यादव, पिंटू यादव, डगेश्वर साहू, सौरभ ध्रुव, मोनू यादव, जिगर, ध्रुव, प्रथम, ध्रुव, शेखर ध्रुव, निक्कू, हितेश, जतिन, साहित्य, विकास, मयंक, नैतिक, भूपेंद्र, कृष्णा, लकी सहित अन्य आकर्षण हैरत अंगेज करतब दिखाए। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग हिमांशु यादव, शिव ध्रुव, गोलू ध्रुव, आयुष यादव, निखिल यादव अमन ध्रुव, जंतु ध्रुव, आदि ने शोभायात्रा में सिर पर गौरा-गौरी की प्रतिमाओं को रखें युवतियां। शोभायात्रा में अखाड़े के युवाओं ने आकर्षक हैरत अंगेज कर देने वाले करतब दिखाएं।

## आज राज्योत्सव में दिखेगी विकास की झलक

- कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने लिया ज़िला स्तरीय राज्योत्सव की तैयारियो का जायजा
- मंच, बैठक व्यवस्था एवं अन्य तैयारियों के संबंध में दिये ज़रूरी निर्देश

पायनियर संवाददाता ◂ सुकमा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय के मिनी स्टेडियम सुकमा में 5 नवम्बर को जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

राज्योत्सव का आयोजन पूर्ण गरिमा के साथ किया जाएगा। राज्योत्सव में स्थानीय स्कूली बच्चों द्वारा भी शानदार प्रस्तुति दी जाएगी। राज्योत्सव में विभिन्न विभागों द्वारा विकास पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएगी। जहां विकास की झलक दिखेगी। इसके अलावा अन्य संस्थानों द्वारा भी अपने उत्पादों की बिक्री या प्रदर्शन के लिए स्टॉल लगाये जा रहे है।

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने मिनी स्टेडियम सुकमा पहुंचकर राज्योत्सव की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा विकास पर आधारित लगाई जा रही जीवंत विकास प्रदर्शनी के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। उन्होने कहा कि स्टॉल राज्योत्सव के गरिमा के अनुरूप होनी चाहिए।

कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग को बच्चों एवं महिलाओं के सुपोषण के लिए पौष्टिक व्यंजनों पर आधारित स्टॉल लगाने कहा। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को जल जीवन मिशन के कार्यो पर आधारित स्टॉल लगाने के निर्देश दिये जहां जल जीवन मिशन के झलक दिखेगा। जनसंपर्क विभाग की विकास आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी भी लगायी जाएगी ।

कलेक्टर ध्रुव ने राज्योत्सव सफल, सुव्यवस्थित आयोजन के लिए ज़िला अधिकारियों को दायित्व सौंपे है। उन्होंने मंच, बैठक व्यवस्था, बैरिकेटिंग, यातायात व्यवस्था, विद्युत, पेयजल, साफ-सफाई और सजावट आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की और संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन, सीईओ जनपद पंचायत सुकमा सुमधु तेता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## विधायक चौतराम अटामी आज राज्य स्थापना दिवस समारोह सुकमा में होंगे मुख्य अतिथि

**सुकमा।** राज्य स्थापना दिवस, 2024 के अवसर पर 05 नवम्बर को जिला मुख्यालयों में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिले में मुख्य अतिथिगण की सूची सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी कर दी गई है। इसी क्रम में जिला मुख्यालय सुकमा के मिनी स्टेडियम सुकमा में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में दंतेवाडा विधायक चौतराम अटामी मुख्य अतिथि होंगे।

## जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह में आज केशकाल विधायक टेकाम होंगे मुख्य अतिथि

पायनियर संवाददाता ◂ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय में जिला स्तरीय राज्योत्सव का भव्य आयोजन 5 नवम्बर को 6 बजे से विकास नगर स्टेडियम कोंडागांव में होगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम शामिल होंगे। राज्योत्सव में विभिन्न विभागों द्वारा केन्द्र एवं राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं शासन की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएगी। जिला स्तरीय एक दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। समारोह में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों और स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। सांस्कृतिक संध्या में कार्यक्रम में चिरैया लोकमंच (लालजी कोर्राम), छत्तीसगढ़ी लोकरंग (सिद्धार्थ महाजन) एवं चक्रधर समारोह से सम्मानित रायपुर के कलाकार सुनील तिवारी (रंग झांझर) के द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों की संस्कृति और कला का प्रदर्शन भी होगा।

### बिखरी गिट्टी के चलते आम राहगीरों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है

## ईई के सरंक्षण से गुणवत्ताहीन मरम्मत, विभागीय सचिव से शिकायत की तैयारी

पायनियर संवाददाता ◂ गरियाबंद
www.dailypioneer.com





खस्ताहाल सड़क की मरम्मत के लिए सरकार द्वारा लाखो रुपए आंबटित किया जाता है लेकिन आबंटित राशि अनुसार जमीनी स्तर पर मरम्मत का काम बिल्कुल भी नहीं होता पी डब्लू डी विभाग की मरम्मत कार्य चंद माह में दम तोड़ देती हैं बावजूद पी डब्लू डी के काम काज में सुधार नहीं हो पाता जिसका प्रमुख कारण पी डब्लू डी विभाग के कार्यपालन अभियंता की भ्रष्टाचारी मरम्मत कार्य को सरंक्षण देने को माना जाता है कुछ इस तरह के देवभोग से साहसखोल तक के गुणवत्ताहीन मरम्मत कार्य में ई ई की संरक्षण देखने को मिल रहा है घुटना भर भर के गड्ढा में ठेकेदार द्वारा धूल से लिप्त गिट्टी डाला गया जिसमें ना रोलर चलाया जा रहा है और ना उक्त गिट्टी को दबाया गया है ऐसे में वह गड्ढा से बिखर कर आजू बाजू दिखाई पड़ती हैं और बिखरी गिट्टी के चलते आम राहगीरों को काफी परेशानी भी झेलनी पड़ती हैं इसके अलावा पानी की तराई नहीं करने के चलते डाली गई गिट्टी से उड़ने वाली धूल को लेकर परेशानी होती है। जानकारी अनुसार देवभोग से सहसखोल मुड़ागांव गिरसूल और मुड़ागांव से बाड़ीगांव के गड्ढों की मरम्मत के लिए 50 लाख भीतर टेंडर होने की बात कही जा रही है लेकिन जिस तरह से बड़े बड़े गड्ढा का मरम्मत किया जा रहा उसे देख लगता नहीं कि उक्त स्वीकृत राशि खर्च किया जाएगा।

**मज़दूर के भरोसे कार्य :** सबसे दुर्भाग्य की बात तो यह है कि जिन अधिकारियों को साइट पर मौजूद होकर मरम्मत कार्य करने की जिम्मेदारी है वह अधिकारी साइड से अक्सर गायब दिखाई पढ़ते हैं मतलब मरम्मत का पूरा कार्य साइट पर लगे मजदूरों के भरोसे किया जाता है शायद ही वजह है कि मरम्मत कार्य में जमकर लापरवाही बरता जा रहा है।

### सचिव से शिकायत की तैयारी

देवभोग से साहसखोल सड़क को पिछले साल ही ठीक करने लाखो रुपए खर्च किया रहा जो महज 2 साल टिक नहीं पाया और अब पुनः गुणवत्ताहीन सड़क मरम्मत कार्य को बढ़ावा दिया जा रहा हैं जिसे देख यह मरम्मत भी चंद महीना टिकने की बात कही जाती हैं मतलब आगामी दिनों हजारों राहगीरों को फिर से खस्ताहाल सड़क पर आवागमन करना मजबूरी होगा जिससे नाराज लोग पत्राचार के माध्यम से पी डब्लू डी विभाग सचिव से शिकायत दर्ज कर कार्यवाही की मांग करने की तैयारी में है ताकि मरम्मत के बचे कार्य को गुणवत्तापूर्वक कराया जा सके।

## कलेक्टर ने कार्यों में पारदर्शिता और ग्रामीण विकास पर ध्यान केंद्रीत करने दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◂ सुकमा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने सोमवार को समय-सीमा बैठक में 22 ग्रामों में नियद नेल्लानार योजना के तहत शीघ्र विद्युतीकरण करने और इसके लिए लक्ष्य निर्धारित कर कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। जिला स्तरीय राज्योत्सव के सफल आयोजन के लिए संबंधित अधिकारियों को उनके दायित्व भी सौंपे गए।

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने जिले में प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और जनसेवा को प्राथमिकता देते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों और मैदानी कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे सप्ताह में दो दिन, बुधवार और शुक्रवार, को फील्ड विजिट करें ताकि शासन की योजनाओं की जमीनी हकीकत का निरीक्षण कर, उनकी प्रगति की वास्तविक स्थिति का मूल्यांकन हो सके। कलेक्टर ध्रुव ने कहा कि फील्ड विजिट से अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक जानकारी प्राप्त होगी और जनता की समस्याओं को शीघ्र निराकरण होगा। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपनी टीम के साथ हर बुधवार और शुक्रवार को फील्ड पर जाकर कार्यों का जायजा लें, जिससे प्रशासनिक प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे और विकास कार्यों में तेजी आए।

कृषि क्षेत्र की उत्पादकता में वृद्धि हेतु कलेक्टर ने एकीकृत कृषि पद्धतियों को अपनाने पर जोर दिया। इस संबंध में किसानों को प्रशिक्षण और सहायता उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में आदर्श ग्राम पंचायत बनाने हेतु विभिन्न ग्रामों का चिन्हांकन करने के निर्देश दिए गए, ताकि क्षेत्र में समग्र विकास को बढ़ावा दिया जा सके।

# गांड़ा समाज द्वारा आयोजित दीवाली मिलन समारोह में शामिल हुईं विधायक चातुरी नंद

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद ग्राम बिछिया में गांड़ा समाज द्वारा आयोजित दीवाली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ विधायक नंद ने समाज के ईष्ट देव की पूजा अर्चना और दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात गांड़ा समाज के पदाधिकारियों और आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरायपाली विधायक चातुरी नंद ने कहा कि गांड़ा समाज शिक्षित और संगठित समाज है। आज समाज के लोग हर क्षेत्र में कामयाबी का ध्वज लहरा रहे है। मेरा सौभाग्य है कि मैं इस समाज का प्रतिनिधित्व कर रही हूं। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को दीपोत्सव की बधाई दी। इस मौके पर गांड़ा समाज के पदाधिकारियों ने विधायक नंद से मंगल भवन में शेड निर्माण की मांग की जिस पर हामी भरते हुए विधायक श्रीमती नंद ने समाज के मंगल भवन में शेड निर्माण हेतु विधायक निधि से 3 लाख रूपये देने की बड़ी घोषणा की। विधायक नंद के साथ ही कार्यक्रम को पूर्व विधायक रामलाल चौहान, जनपद अध्यक्ष रूखमणी पटेल, अजा आयोग के पूर्व सदस्य पुनीत राम चौहान, विधायक प्रतिनिधि बिरंची बेताल समेत अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में गांड़ा समाज बसना ब्लाक अध्यक्ष गौतम चौहान, अध्यक्ष आनंद राम चौहान सुशील चौहान सुरेश चौहान अमृतलाल पटेल। कुशल सिंह चौहान, आनन्दराम चौहान, सुशील चौहान, सुदेश चौहान, संतोष चौबन, कांशीराम चौहान, खगेश्वर चौहान, चमार सिंह, निलमण चौहान, बेदराम चौहान, संतोष चौहान, रमेश चौहान, दशरथ चौहान, कौशीक चौहान, कौशीक चौहान, देवराम चौहान, अर्जुन चौहान, शंकर चौहान, प्रफूल चौधन, नित्या चौहान, शाखाराम चौहान, चैतन चौहान गन्तराम चौहान संतोष चौहान कांशीराम चौहान समेत अन्य पदाधिकारीगण और स्वजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री का राज्य प्रशासनिक सेवा के पदोन्नत अधिकारियों ने जताया आभार





पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके निवास कार्यालय में राज्य प्रशासनिक सेवा के पदोन्नत अधिकारियों ने मुलाकात कर उनके प्रति आभार जताया। उल्लेखनीय है कि राज्य प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ सेवा वेतनमान पर कार्यरत 64 अधिकारियों को प्रवर सेवा वेतनमान पर तथा कनिष्ठ सेवा वेतनमान पर कार्यरत 25 अधिकारियों को वरिष्ठ सेवा वेतनमान पर विगत 28 अक्टूबर को पदोन्नत किया गया है। मुख्यमंत्री साय ने राज्य प्रशासनिक सेवा के सभी पदोन्नत अधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राज्य प्रशासनिक सेवा से प्रणव सिंह, मनीष मिश्रा, नवीन कुमार ठाकुर, अभिलाषा पैकरा, विनायक शर्मा, अरुण वर्मा, गीता दीवान, अर्चना पांडेय, डॉ. दीप्ति वर्मा, मधु हर्ष, ऋतु हेमनानी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## 9 नवंबर को हैदराबाद के नामी डॉक्टर श्री बालाजी हॉस्पिटल में रहेंगे मौजूद

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



स्टार हॉस्पिटल हैदराबाद के प्रसिद्ध डॉ. संतोष कुमार 9 नवंबर को परामर्श हेतु मोवा स्थित श्री बालाजी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे। जिनसे कैंसर और हेमेटोलॉजी के संबंधित परामर्श लिया जा सकता है। अपाईमेन्ट के लिए 8007447003, 8305983939 में संपर्क किया जा सकता है।

## मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत प्रशिक्षण प्रारंभ

**गरियाबंद।** कौशल पखवाड़ा शिविर अंतर्गत कौशल प्रशिक्षण हेतु प्राप्त आवेदन का मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत दो बैच तैयार किया गया है। जिसका लाईवलीहुड कॉलेज गरियाबंद में ब्युटी पार्लर कोर्स में 30 हितग्राहियों का 05 नवम्बर 2024 से 21 मार्च 2025 तक एवं जनरल ड्यूटी असिस्टेंट कोर्स में 30 हितग्राहियों का 05 नवम्बर से 21 दिसम्बर 2024 तक प्रशिक्षण संचालित होगा। साथ ही डोमेस्टिक डाटा एन्ट्री ऑपरेटर एवं रिटेल सेल्स एसोसिएट कोर्स में 30-30 हितग्राहियों का एक-एक बैच 11 नवम्बर 2024 से प्रारंभ होना प्रस्तावित है।

# कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा में पुलिस सहायता केंद्र हुआ प्रारंभ पंथ उदितमुनिनाम साहब ने फीता काटकर किया शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



अपराध नियंत्रण, कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिले में स्थित कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा में नवीन पुलिस सहायता केंद्र का संचालन प्रारंभ किया गया है। जिसका शुभारंभ आज पंथ उदितमुनिनाम साहब के करकमलों द्वारा फीता काट कर किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा, कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में कबीर अनुयायी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस मौके पर पंथ उदितमुनिनाम साहब द्वारा सहायता केंद्र मे विधिवत रोजनामचा लेखन कार्य प्रारंभ कर पुलिस सहायता केंद्र कबीर धर्मनगर (दामाखेड़ा) का विधिवत कार्य प्रारंभ किया गया। पुलिस सहायता केंद्र कबीर धर्मनगर (दामाखेड़ा) में सहायक उप निरीक्षक माधो प्रसाद साहू को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। इसके साथ ही प्रधान आरक्षक सुख सागर मरावी, 03 आरक्षक सहित कुल 05 पुलिस स्टाफ की तैनाती पुलिस सहायता केंद्र कबीर धर्मनगर (दामाखेड़ा) में की गई है। गौरतलब है कि कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा कबीर पंथ के प्रमुख आस्था का मुख्य केंद्र है। ग्राम दामाखेड़ा में कबीर पंथ आश्रम विद्यमान है जिसमें कबीर पंथ के वंशाचार्य प्रकाश मुनि नाम साहेब एवं उनका परिवार भी निवास करते है। उक्त स्थल का दर्शन करने प्रतिदिन दर्शनार्थियों का आना-जाना लगा रहता है। साथ ही प्रत्येक वर्ष दामाखेड़ा में 15 दिवसीय मेला का भी आयोजन किया जाता है,जिसमें हर दिन चौका आरती एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम होते रहते हैं। इस दौरान मेला कार्यक्रम में विभिन्न प्रदेशों के साथ-साथ विदेश से भी कई लोग दर्शनार्थ कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा पहुंचते हैं तथा प्रतिदिन मेले में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते है।

# रबी फसल में धान की खेती पर लगाई रोक तो होगा चक्काजाम : संजय चौधरी

पायनियर संवाददाता ◄ भंवरपुर
www.dailypioneer.com



युवा नेता संजय चौधरी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर रबी फसल में धान की खेती न करने महासमुंद कलेक्टर के द्वारा मुनादी कराने के आदेश पर विरोध जताया एवं आदेश को निशर्त वापस लेने की मांग की है। महासमुंद कलेक्टर द्वारा 28 अक्टूबर फसल विविधीकरण एवं जल संरक्षण का कारण बताते हुए रबी फसल में धान न लगाने के जिले के सभी अनुविभागीय, अधिकारियों, तहसीलदारों, जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी को मुनादी कराने के लिए आदेश जारी किया है, चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार हमेशा से ही किसान विरोधी सरकार रही है। किसान गांजा या अफीम की खेती नहीं करते हैं कि उन्हें अब खेती के लिये भी अनुमति लेनी पड़े धान उगाने पर भी सरकार अगर प्रतिबंध लगायेगी तो किसान कहां जायेंगे? सरकार के फैसले से बिफरे हुये हैं। उनका कहना है कि छत्तीसगढ़ में पहले ही किसान लगातार आत्महत्या कर रहे हैं। ऐसे में सरकार का यह निर्णय किसानों को मौत के मुंह में धकेलने की तरह है, सरकार औद्योगिक घरानों को तो हज़ार-हज़ार फीट गहरे बोरवेल कर के भूजल दे रही है लेकिन किसानों के नाम पर सरकार को पानी की कमी का रोना आने लगता है। छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है और छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में धान की पैदावार सबसे अधिक होती है

जमीन में दलहन, तिलहन और गेंहू जैसे अन्य फसल लगाने से फसलों में उत्पादन कम होता है. साथ ही इससे मजदूरों की समस्या और आर्थिक रूप से किसानों पर भार बढ़ेगा। कोटवार गांवों में रबी फसल में धान की खेती नहीं करने की मुनादी कर रहे हैं और धान की फसल लगाने पर कृषि विभाग के अधिकारी धान की खेती नहीं करने एवं बिजली विभाग के अधिकारी बिजली काटने की धमकी देते घूम रहे हैं। इन सबके बीच सरकार को पानी पी-पीकर कोसते किसान फिलहाल सड़कों पर उतरने की तैयारी में है। जोंक परियोजना को लेकर शासन प्रशासन काम करें तो पिथौरा बसना सरायपाली जल संकट की समस्या लगभग खत्म जाएगी।

# विधायक धर्मजीत सिंह होंगे जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह के मुख्य अतिथि रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का होगा

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य के 24वें स्थापना दिवस के अवसर पर राज्योत्सव 2024 का एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यक्रम मंगलवार 5 नवम्बर को गरियाबंद के गांधी मैदान में आयोजित किया जाएगा। जिला स्तरीय राज्योत्सव में तखतपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक धर्मजीत सिंह मुख्य अतिथि के आसंदी से 05 नवम्बर की संध्या राज्योत्सव का शुभारंभ करेंगे। एक दिवसीय राज्योत्सव के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी हेतु विभागीय प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी तथा हितग्राहियों को सामग्री वितरित कर लाभान्वित किया जायेगा। इसी तारतम्य में आज कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने गांधी मैदान पहुंचकर राज्योत्सव के लिए की जा रही विभागीय तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने मुख्यमंच, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विभागीय स्टॉलों की तैयारियों की जानकारी लेते हुए सभी तैयारियां तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही बैठक व्यवस्था, पार्किंग, लाईट, साउंड, दर्शक दीर्घा, वीआईपी बैठक व्यवस्था एवं प्रवेश द्वार आदि की भी व्यवस्थाओं को समय में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला स्तरीय राज्योत्सव के भव्य आयोजन के लिए दिये गये दायित्वों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ रीता यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र चन्द्राकर सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे। नितिन दुबे का कार्यक्रम रहेगा मुख्य आकर्षण, स्कूली बच्चे भी प्रस्तुत करेंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम - राज्योत्सव में कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध गायक नितिन दुबे स्टार नाइट रहेगा।

# पुरानी रंजिश के चलते युवक की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com




पुरानी रंजिश के चलते एक युवक की हत्या के मामले का पुलिस ने चौबीस घंटा के भीतर खुलासा किया है । हत्या का मामला रायपुर जिला तिल्दा-नेवरा नगर की है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीते दिन नगर के महामाया पारा नेवरा खमार कुंआ नाला के समीप एक युवक की लहुलुहान लाश मिली थी, जिसकी जानकारी मिलने पर मौके पर पुलिस पहूचकर शिनाख्तगी किया। बताया जा रहा है कि तिल्दा-नेवरा शहर के समीप के ग्राम तुलसी निवासी युवक ओमप्रकाश रात्रे उर्फ गोलु उम्र 22 वर्ष, का धारदार हथियार से गोदकर हत्या किया गया था। पुलिस ने मामले को विवेचना में लेते हुए चौबीस घंटे के भीतर हत्या के मामले का खुलासा किया है। इस मामले पर पुलिस ने बताया कि 01 नवंबर की दरमियानी रात 10 बजे ग्राम तुलसी निवासी युवक ओमप्रकाश रात्रे अपनी मोटर सायकिल सी जी 04 एम एच 2777 को लेकर घर से निकला, जो कि रात को घर वापस नहीं हुआ। दुसरे दिन सुबह प्रार्थी जतिराम रात्रे को गांव के ही व्यक्ति अनिल धीवर ने बताया कि आपके लड़का मृत अवस्था में नेवरा के खमार कुंआ नाला के समीप पड़ा हुआ है। प्राथी जब घटना स्थल पर जाकर देखा तो युवक ओमप्रकाश रात्रे उर्फ गोलू के चेहरा, नाक, कान गाल सिर, गला दोनों हाथ व गर्दन, पीठ के अलावा दोनो हाथ व गर्दन व अन्य जगहों पर काफी चोट का निशान है व मृत अवस्था में पड़ा हुआ है। इधर पुलिस ने रिपोर्ट पर मर्ग क्रमांक 129/24 धारा 194 बी एन एस एस कायम कर मर्ग जांच पर संदेही आरोपी हेमकुमार साहू के द्वारा किसी धारदार वस्तु से प्राणघातक हमला कर गंम्भीर चोट पहूंचाकर हत्या करना पाया गया, एवं डाक्टर द्वारा प्रदाय शार्ट कट पीएम रिपोर्ट में मृत्यु की प्रकृति होमोसाइडल होना लेख करने पर अपराध क्रमांक 523/2024 धारा 103 (1) बी एन एस पंजीबद्ध कर विवेचना में लेते हुए आरोपी युवक हेमकुमार साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर बताया कि मेरे बड़े पिताजी के लड़की को 20-25 दिन पूर्व ओमप्रकाश रात्रे के द्वारा प्रेम-विवाह कर पत्नी बनाने पर रंजिश वंश उसकी हत्या करने की नियत से बटनदार चाकू से गोद गोद कर उसकी हत्या करना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त बटनदार चाकू को पुलिस ने आरोपी से जब्त कर आरोपी के विरुद्ध पृथक से धारा 25,27 आम्स एक्ट जोड़ी गई है। गौरतलब हो कि प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डांस संतोष सिंह द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कीर्तन राठौड़, नगर पुलिस अधीक्षक विधानसभा केसरी नंदन नायक व थाना प्रभारी तिल्दा-नेवरा को आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने को निर्देशित किया गया था, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या जैसे जघन्य अपराध के आरोपी को गिरफ्तार करने में पुलिस ने सफलता हासिल किया है।

# केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत की उपस्थिति में प्रमाण पत्र वितरण किया गया



पायनियर संवाददाता ◄ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक स्थित पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के शोध छात्रों व विद्यार्थियों द्वारा आपदा जोखिम न्यूनीकरण विषय पर आधारित लघु फिल्म कुछ नहीं होगा को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (गृह मंत्रालय, भारत सरकार) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की फिल्म प्रतियोगिता में शीर्ष 10 फिल्मों के अंतर्गत विशेष स्थान मिला है। 23 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस के अवसर पर प्रतिष्ठित डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र, नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभागी फिल्मों का प्रदर्शन किया गया तथा केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत की उपस्थिति में प्रमाण पत्र वितरण किया गया। विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं, शिक्षाविदों और सांस्कृतिक विशेषज्ञों को एक मंच पर लाते हुए आपदा जोखिम न्यूनीकरण रणनीतियों के माध्यम से आपदा के प्रति प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए समर्पित इस कार्यक्रम में विशेष रूप से शिक्षा और युवाओं के सशक्तिकरण पर जोर दिया गया। विदित हो कि विभाग की सह प्राध्यापक डॉ वसु चौधरी के मार्गदर्शन में निर्मित इस फिल्म की कथा व पटकथा विश्वविद्यालय के शोधार्थी आनंद कुमार द्वारा लिखी गई है तथा निर्देशन विवेक नेमा व कीर्ति किरण का है, साथ ही फिल्मांकन व संपादन का कार्य राजकुमार दास ने किया है। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के शोध छात्रों और विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई इस लघु फिल्म में आकाशीय बिजली या गाज गिरने के खतरों पर केंद्रित प्रेरक कहानी प्रस्तुत की गई है, जिसमें न केवल इससे बचाव के उपायों पर प्रकाश डाला गया है।

## पद्मश्री डॉ. सुरेन्द्र दुबे अपने कविताओं से बांधेंगे समा, छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति की बिखरेगी छटा

# महासमुन्द जिले में राज्योत्सव का आयोजन आज, मंत्री दयालदास बघेल होंगे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि

पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय महासमुन्द में आयोजित राज्योत्सव का शुभारम्भ मिनी स्टेडियम महासमुन्द में आज शाम 04:00 बजे से होगा। समारोह के मुख्य अतिथि खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण एवं प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल होंगे। इस अवसर पर महासमुंद लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिन्हा, विधायक बसना संपत अग्रवाल, विधायक खल्लारी द्वारकाधीश यादव, विधायक सरायपाली चातुरीनंद, जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल, नगरपालिका अध्यक्ष महासमुंद राशि महिलांग, जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू, नगरपालिका अध्यक्ष सरायपाली चंद्रकुमार पटेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष बागबाहरा स्मृति हितेश चंद्राकर, नगरपालिका अध्यक्ष बागबाहरा हीरा संतराम बघेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष सरायपाली कुमारी भास्कर, नगर पंचायत अध्यक्ष तुमगांव राकेश चंद्राकर, जनपद पंचायत अध्यक्ष बसना रुक्मणी सुभाषचंद्र पटेल, नगर पंचायत अध्यक्ष बसना गजेंद्र साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष पिथौरा सत्यभामा नाग एवं नगर पंचायत अध्यक्ष पिथौरा आत्माराम यादव के विशिष्ट आतिथ्य एवं गणमान्य अतिथियो, नागरिकों की गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम होगा। अतिथियों के आगमान के पश्चात् विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया जायेगा। शाम 05:00 बजे से छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। जिसमें कवि पद्मश्री डॉ. सुरेन्द्र दुबे अपने मनभावन कविताओं से समा बांधेंगे। महतारी लोक कला मंच खरोरा की प्रस्तुति से छत्तीसगढ़ी की समृद्ध लोक संस्कृति की छटा बिखरेगी तथा अलंकार बैंड पार्टी की रंगारंग संगीतमयी कार्यक्रम की धूम रहेगी। राज्योत्सव में जिला पंचायत, स्वास्थ्य विभाग, कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य पालन, पशु चिकित्सा, जल संसाधन, आदिवासी विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, क्रेडा, जल संसाधन, जिला परिवहन, पुलिस विभाग, जिला सेनानी, रेशम, आईटीआई, विधिक सेवा प्राधिकरण, बैंक, जनसंपर्क, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, वन विभाग, श्रम विभाग, महिला बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा विकास कार्यों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। समारोह में स्थानीय लोक कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

**शपथ पत्र**

मैं दिलीप कुमार पटेल उम्र 49 वर्ष पिता श्री रामधन पटेल जाति अघरिया निवासी ग्राम गिधापाली पोस्ट भूकेल तहसील बसना जिला महासमुन्द (छ.ग.) शपथपूर्वक सत्य कथन करता हूं कि :-

(1) यह कि मैं ग्राम गिधापाली तहसील बसना जिला महासमुन्द छ.ग. का स्थायी निवासी हूँ।

(2) यह कि ग्राम भूकेल स्थित भूमि खसरा नबर 354/1, 353/2 रकबा क्रमशः 0.18हे., 0.18 हे. कुल खसरा नं..

2 कुल रकबा 0.36 हेक्टेयर भूमि को सतीश पारेश्वर पिता कृष्ण सिंह पारेश्वर जाति गोंड निवासी ग्राम खरोरा पो. सिंघनपुर तहसील बसना जिला महासमुन्द छ.ग. वाले से विगत दिनांक 07/03/2014 को पंजीकृत विक्रय पत्र क माध्यम से क्रय किया गया है जिसका मूल रजिस्ट्री बैनामा स्टाम्प सरायपाली में कहीं गुम हो गया है जो कि विगत तीन माह से नहीं मिला है मिलने की संभावना नहीं है जिससे उक्त मूल रजिस्ट्री बैनामा स्टाम्प पेपर के गुम होने की सूचना रिपोर्ट दर्ज करवाने की आवश्यकता हुई है।

(3) यह कि मैंने कोई सारवान बातें नहीं छिपाई है।

**दिलीप कुमार पटेल**
**शपथकर्ता**

**सत्यापन**

मैं दिलीप कुमार पटेल उम्र 49 वर्ष पिता श्री रामधन पटेल जाति अघरिया निवासी ग्राम गिधापाली पोस्ट भूकेल तहसील बसना जिला महासमुन्द (छ.ग.) का निवासी हूँ। उपरोक्त शपथ पत्र की कण्डिका एक से तीन तक में लिखी बातें सत्य व सही है अतः आज दिनांक 04/11/2024 को सरायपाली में हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

**दिलीप कुमार पटेल**
**सत्यापनकर्ता**

**कार्यालय, नगर पालिका परिषद बेमेतरा जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

क्र./ /न.पा.प./ लो.नि.वि./2024-25 बेमेतरा दिनांक 04.11.2024

**// मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना //**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग PHE एस.ओ.आर. 2020 पर कम / सामान / अधिक दर पर अध्यक्ष निधि / पार्षद निधि / पेयजल संकट अंतर्गत नया बोर खनन कार्य कुल 01 कार्य, स्वीकृत लागत राशि 19.93 लाख रुपये हेतु दिनांक 19.11.2024 को कार्यालयीन समय अवधि 3.00 बजे तक पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से तीन लिफाफा पद्धति पर सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | - | 14.11.2024 को शाम 5:00 बजे |
| 2 | कोरा निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि | - | 18.11.2024 को शाम 5:00 बजे |
| 3 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | - | 25.11.2024 को शाम 3:00 बजे |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | - | 26.11.2024 को सुबह 10.30 बजे |

निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि एवं समय में लोक निर्माण शाखा से अथवा वेबसाईड www.uad.cg.gov.in पर देखी / प्राप्त की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बेमेतरा**

# जिला प्रशासन की तयारी पूर्ण राज्योत्सव में नितिन दुबे सहित स्थानीय बच्चों की होगी मनमोहक प्रस्तुति

पायनियर संवाददाता ✓ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य के 24वें स्थापना दिवस के अवसर पर राज्योत्सव 2024 का एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यक्रम भव्य तरीके से जिला मुख्यालय के गांधी मैदान में आयोजित किया जाएगा जिला स्तरीय राज्योत्सव में तखतपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक धर्मजीत सिंह मुख्य अतिथि के आसंदी से 05 नवम्बर की संध्या राज्योत्सव का शुभारंभ करेंगे। एक दिवसीय राज्योत्सव के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी हेतु विभागीय प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी तथा हितग्राहियों को सामग्री वितरित कर लाभान्वित किया जायेगा। इसी तारतम्य में आज कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने गांधी मैदान पहुंचकर राज्योत्सव के लिए की जा रही विभागीय तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने मुख्यमंच, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विभागीय स्टॉलों की तैयारियों की जानकारी लेते हुए सभी तैयारियां



तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए साथ ही बैठक व्यवस्था, पार्किंग, लाईट, साउंड, दर्शक दीर्घा, वीआईपी बैठक व्यवस्था एवं प्रवेश द्वार आदि की भी व्यवस्थाओं को समय में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला स्तरीय राज्योत्सव के भव्य आयोजन के लिए दिये गये दायित्वों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ रीता यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र चन्द्राकर सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे

**नितिन दुबे का कार्यक्रम रहेगा मुख्य आकर्षण, स्कूली बच्चे भी प्रस्तुत करेंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम -** राज्योत्सव में कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध गायक नितिन दुबे स्टार नाइट रहेगा। उनके द्वारा शाम 8 बजे छत्तीसगढ़ी एवं भक्ति गीत संगीत की प्रस्तुति दी जाएगी। इसी प्रकार शाम 7 बजे शारद अग्रवाल भी कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति शाम 4 बजे शुरू होगी। शाम 5 बजे मुख्य कार्यक्रम अंतर्गत अतिथियों का स्वागत एवं उद्बोधन होगा। शाम 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। इसके अंतर्गत शाम 4 बजे से कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय गरियाबंद के बच्चों द्वारा समूह नृत्य, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल गरियाबंद द्वारा बस्तर करमा नृत्य, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गरियाबंद द्वारा सुआ नृत्य, सरस्वती शिशु मंदिर गरियाबंद द्वारा छत्तीसगढ़ी समूह नृत्य, श्रद्धा पब्लिक स्कूल गरियाबंद के बच्चों द्वारा बस्तर परब नृत्य, उत्कृष्ट स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय गरियाबंद द्वारा सरगुजिहा करमा नृत्य एवं सेवा जोहार समूह नृत्य प्रस्तुत की जाएगी। शाम 6 बजे से सक्षम दिव्यांग आवासीय विद्यालय राजिम के दिव्यांग बच्चों द्वारा छत्तीसगढ़ी गीतों पर सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। इसी प्रकार शाम साढ़े 6 बजे से आदिवासी विकास विभाग अंतर्गत आश्रम छात्रावास के बच्चों द्वारा आदिवासी नृत्य, सतनामी चौका, पंडवानी गायन, पंथी गायन, भरथरी गायन, राउत नाचा, ढोला मारू, हल्बी गीत एवं करमा नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में लोगों की समस्या सुनी

## अधिकारियों को सभी आवेदनों का गंभीरता से निराकरण करने के दिए निर्देश

- अनुकम्पा और पेंशन प्रकरण का निराकरण संवेदनशीलता होकर करने के लिए कहा

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रोहित व्यास ने कलेक्ट्रेट कक्ष में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों से मुलाकात किए और उनकी मांगों और समस्याओं की जानकारी ली। जनदर्शन में राशनकार्ड, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, पेंशन, अनुकम्पा नियुक्ति, राजस्व सहित अन्य आवेदन लेकर पहुंचे थे। कलेक्टर सभी अधिकारियों को लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कोषालय अधिकारी से जिले के पेंशन प्रकरण के लंबित और निराकृत प्रकरणों की जानकारी ली। कलेक्टर ने अधिकारियो को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि पेंशन वाले प्रकरणों को संवेदनशीलता से और समय से पहले कागजी कार्रवाई अनिवार्य रूप से पूरा करवा लें ताकि संबंधित अधिकारी और कर्मचारी को





रिटायरमेंट के बाद पेंशन लेने में किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाए इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू उपस्थित थे।

# सिंदूर नदी छठ घाट का भाजपा जिलाध्यक्ष संघ कृषि मंत्री ने किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ✓ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

हिन्दु धर्म में छठ पूजा का धार्मिक महत्व बहुत बड़ा है यह व्रत सूर्य देव, ऊषा, प्रकृति, जल और वायु को समर्पित है छठ पूजा में सूर्य को अर्घ्य देने का विशेष महत्व है इस दिन उगते और डूबते सूर्य को दोनों को ही अर्घ्य दिया जाता है छठ पूजा में व्रती भगवान सूर्य और छठ माता से प्रार्थना करते हैं और उनका आशीर्वाद मांगते हैं। छठ व्रत करने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध हो इसके लिए भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल के साथ रामानुजगंज विधायक एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश के कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने जिला मुख्यालय बलरामपुर से लगा हुआ सिंदूर नदी छठ घाट का निरीक्षण कर



वस्तु स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान राम विचार नेताम ने कहा कि इस महापर्व में श्रद्धालुओं सहित भक्तगण को किसी प्रकार की कोई भी अ-सुविधा न हो इसके लिए भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकरता गण आवश्यकता अनुसार साफ -सफाई से लेकर बेहतर सुविधा के लिए विशेष प्रयास रत रहे। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल ने बेहतर व्यवस्था के लिए उन्होंने कृषि मंत्री को जानकारी उपलब्ध कराते हुए कहां की इसके लिए स्थानीय कार्यकर्ताओं को समिति के माध्यम से सक्रिय कर दिया गया है ताकि श्रद्धालुओं एवं भक्तगणों को बेहतर सुविधा मिल सके। इस अवसर पर पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# सीएम के विधानसभा क्षेत्र कुनकुरी पहुंचे कलेक्टर..सफाई, स्ट्रीट लाइट, सुविधाओं का बारीकी से लिया जायजा, व्यवस्था दुरुस्त करने नगर पंचायत अमला को दिया निर्देंश

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रोहित व्यास सोमवार की सुबह कुनकुरी नगर पंचायत क्षेत्र का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने नगरीय पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एस.एल. आर. एम. सेंटर, हनुमान टेकरी, कुनकुरी डेम छठ घाट, मंगल भवन, बाजार डाढ़, प्रस्तावित बस स्टैंड गड़ाकाटा सहित अन्य जगहों का निरीक्षण किया। उन्होंने शहर की साफ-सफाई सहित नागरिक सुविधाओं की जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान कुनकुरी एसडीएम नन्द पाण्डेय, नगर पंचायत सीएमओ प्रवीण उपाध्याय, पार्षद अमन शर्मा सहित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



**छठ घाट की सफाई के निर्देश -** छठ घाट के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने आने वाले छठ पूजा के लिए घाट में प्रयाप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने यहां पर पूरी तरह से साफ-सफाई करने सहित लाइटिंग की प्रयाप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने इस जगह की सौंदर्यीकरण कार्य करने के लिए भी निर्देशित किया। कलेक्टर व्यास ने बेमताटोली से छठघाट तक सीसी रोड बनाने के लिए अधिकारियों को प्रस्ताव भेजने को कहा। उन्होंने इस रोड के लिए नगर पंचायत में आने वाले क्षेत्र के लिए नगर पंचायत सीएमओ को और ग्राम पंचायत क्षेत्र में आने वाले क्षेत्र के लिए जनपद पंचायत सीईओ को प्रस्ताव भेजने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने पशु चिकित्सालय के लिए बाउंड्रीवल मरम्मत करने के लिए प्रस्ताव भेजने अधिकारियों को निर्देशित किया।

**सीवरेज सिस्टम को दुरुस्त करने निर्देश -** कलेक्टर ने नगर में स्ट्रीट लाइट की पर्याप्त व्यवस्था करने, सीवरेज सिस्टम को दुरूस्त करने के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर रोहित व्यास ने 8 एकड़ पर बनने वाले प्रस्तावित नवीन बस स्टैंड गड़ाकाटा का भी निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने विसर्जन तालाब के निरीक्षण के दौरान साफ सफाई सहित तालाब के किनारों में छायादार पौधे लगाने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर ने इनडोर स्टेडियम का निरीक्षण किया और यहां पर खिलाडियों को दी जा रही सुविधाओं का भी जायजा लिया। स्टेडियम पर बैडमिंटन कोर्ट बने हुए हैं। इसके साथ ही उन्होंने स्टेडियम के बगल में बनने वाले जिम के लिए चयनित स्थल का भी निरीक्षण किया।

**गार्डन सौन्दर्यीकरण के निर्देश -** कलेक्टर ने एस.एल.आर.एम सेंटर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने नगर पंचायत सीएमओ को स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए पर्याप्त तैयारी करने के निर्देश दिए। हनुमान टेकरी के समीप बन रहे देवकी महाराज उद्यान के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर व्यास ने उद्यान में कार्पेट घास, बच्चों के खेलने के लिए उपकरण, प्लांटेशन सहित सौंदर्यीकरण करने के निर्देश दिए। बाजार डाढ़ में निरीक्षण के दौरान उन्होंने सामुदायिक शौचालय की जगह निर्धारण करने सहित लगातार साफ - सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने मंगल भवन का भी निरीक्षण किया और सभी जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

# छत्तीसगढ़ सरकार के साथ साझेदारी में इनोव 8 ने रायपुर में शुरू किया अपना पहला को-वर्किंग सेंटर

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करने के उद्देश्य से भारत के प्रमुख को-वर्किंग स्टार्टअप इनोव8 ने छत्तीसगढ़ सरकार के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी के तहत, इनोव8 राज्य सरकार के साथ मिलकर राज्य के प्रमुख क्षेत्रों में को-वर्किंग स्पेस स्थापित करेगा, जिसकी शुरुआत रायपुर से होगी। इस पहल के रूप में, इनोव8 ने रायपुर नगर निगम के सहयोग से रायपुर में इंटर स्टेट बस टर्मिनस (आईएसबीटी) में एक प्रीमियम को-वर्किंग स्पेस लॉन्च किया है, जो नगर निगम के खाली स्थानों को को-वर्किंग, को-लर्निंग और को-स्किलिंग के लिए हब्स में बदल रहा है। यह स्पेस 10,000 वर्ग फुट में फैला है और इसमें 100 से अधिक सीटें हैं। शहर के केंद्र में स्थित यह स्पेस आधुनिक सुविधाओं से लैस है, जिसमें हाई-स्पीड इंटरनेट, कैबिन रूम्स मीटिंग रूम्स, रिक्रिएशनल एरिया, और रिसेप्शन डेस्क शामिल हैं।





यह सेट-अप स्टार्टअप्स, फ्रीलांसर्स, और व्यवसायों को एक सहज अनुभव देना सुनिश्चित करता है। इस को-वर्किंग हब क लक्ष्य सहयोग और नवाचार को बढ़ावा देना है, जिससे शहर का आंत्रप्रेन्योरियल इकोसिस्टम और मजबूत हो सके।

साझेदारी के बारे में बात करते हुए, इनोव8 के संस्थापक, रितेश मलिक ने कहा, यह पहली बार है जब इनोव8 किसी टियर-II शहर में प्रवेश कर रहा है। यह स्टार्टअप परिदृश्य को लेकर देश में रायपुर की बढ़ती प्रमुखता को दर्शाता है। छत्तीसगढ़ सरकार के साथ हमारी साझेदारी राज्य को एक समृद्ध स्टार्टअप डेस्टिनेशन बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे आंत्रप्रेन्योर्स को सही समर्थन, इंफ्रास्ट्रक्चर और मार्गदर्शन के साथ आगे बढ़ने का मौका मिलेगा।

# शराबी वाहन चालकों से एसपी ने की अपील... आप अपने परिवार और देश के लिए अमूल्य हैं

- पुलिस सड़क दुर्घटना में कमी लाने वृहद चेकिंग अभियान चला रही हैं

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिला जशपुर के विभिन्न थाना/चौकी क्षेत्र में नाकाबंदी कर शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों का ब्रीथ एनलाईजर के माध्यम से चेक कर एवं तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत् कार्यवाही की जा रही. विगत दिनों यातायात शाखा जशपुर द्वारा विशेष अभियान चलाकर अत्यंत लापरवाहीपूर्वक तेज गति से चलने वाले बाईकर प्रदीप राम निवासी एम.एल.बी. स्कूल के सामने के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत् चालानी कार्यवाही कर 3000 /- रू. का शमन शुल्क वसूला गया।



## नाबालिग वाहन ना चलाएं

जिला पुलिस जशपुर द्वारा अभी समझाईस दी जा रही है कि नाबालिगों को वाहन चलाने न देवें, वाहन चलाते समय हमेशा यातायात नियमों का पालन करें, दोपहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी बैठ कर वाहन न चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाइल फेन का प्रयोग न करें, शराब सेवन कर वाहन न चलाएं इत्यादि साथ ही नाबालिक वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही के बारे में बताते हुये अनावश्यक रूप से घूमने वाले नाबालिग वाहन चालकों के परिजनों को मौके पर बुलाकर न्यायालयीन प्रक्रिया के बारे में बताया गया। अब वृहद स्तर पर कार्यवाही की जावेगी।

> "आपका जीवन परिवार एवं देश के लिये अमूल्य है, कृपया लापरवाहीपूर्वक एवं शराब पीकर वाहन चलाकर इसे व्यर्थ न जाने दें, यातायात नियमों का पालन कर स्वयं एवं अन्य को भी सुरक्षित रखें।
> **-शशि मोहन सिंह, एसपी जशपुर**

# हसदा में सम्पन्न हुआ दो दिवसीय दीपावली सांस्कृतिक संझा बेमेतरा जिला अंतर्गत ग्राम हसदा में भव्य डाँस प्रतियोगिता

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा जिला अंतर्गत बेरला ब्लॉक के ग्राम हसदा में पिछले 22 वर्षों से लगातार दीपावली में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है साथ ही पिछले 6 वर्षों से भव्य डांस प्रतियोगिता का आयोजन गांव के समिति जीवन यात्रा परिवार के द्वारा किया जाता है इस वर्ष भी दो दिवसीय दीपावली सांस्कृतिक संझा का कार्यक्रम ग्राम हसदा मे किया गया। जिसमें प्रथम दिवस में जय मां सरस्वती सांस्कृतिक कार्यक्रम हरदी की प्रस्तुति जगराता के रूप में हुआ वही द्वितीय दिवस भव्य डांस प्रतियोगिता से ग्राम हसदा की भव्यता देखते ही बन रही थी प्रतियोगिता में पूरे छत्तीसगढ़ से प्रतिभागी सहभागी हुए, जिसमें सामूहिक डांस में प्रथम स्थान एल डी एस डांस ग्रुप सत्यम नगर रायपुर, द्वितीय स्थान जय मां करोकन्या डांस ग्रुप तारालिम, तृतीय पुरस्कार फ्रीडम डांस ग्रुप सड्डू रायपुर, चतुर्थ स्थान जी गैंग डांस ग्रुप गुधेली,



पंचम स्थान जय मां भारती वी के डांस ग्रुप सुंगेरा, षष्ठम अंजू डाँस ग्रुप हसदा,सप्तम जाह्नवी ठाकुर डाँस ग्रुप जरवाय रहे। वही एकल/युगल डाँस में प्रथम स्थान बसंत चौहान कुगदा,द्वितीय कोमल नीतीश धरसींवा,तृतीय आर्य युगल डाँस रायपुर,चतुर्थ कृष्णा यादव टड़वा, पंचम भूमिका निषाद खुढ़मूढ़ी, षष्ठम लितिका गायकवार्ड हतपान, सप्तम पुरुष्कार होसिका वर्मा हसदा रहे। समिति के अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा बताया कि पिछले 6 वर्षों से यह प्रतियोगिता प्रत्येक वर्ष आयोजित है ग्रामीण अंचल में छुपे हुए सांस्कृतिक प्रतिभा को अवसर प्रदान करने का यह कार्यक्रम एक अच्छा माध्यम है। अतिथि के रूप में क्षेत्र के जनपद सदस्य चन्द्रिका प्रकाश वर्मा, डॉ चुरामन साहू,भाजपा नेता संध्या परगनिहा जी एवं गांव के उपसरपंच दिलीप वर्मा जी व सरपंच तेजश्वी पवन डहरिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मंच संचालक देवलाल सिन्हा वही कार्यक्रम का निर्णायक डॉ भगत राम साहू कर रहे थे, प्रत्येक वर्ष से यह कार्यकम आयोजित होने कारण तीन हजार से भी अधिक लोग इस कार्यक्रम का लुफ्त उठा रहे थे जिसमे कार्यक्रम के उपाध्यक्ष टिकेंद्र देवांग सचिव ओमेश साहू जी एवं कोषाध्यक्ष वासुदेव सिन्हा सहित जीवन यात्रा परिवार के सभी सदस्य व समस्त ग्रामवासी हसदा उपस्थित रहे।

## जिले में मतांतरितों के धरना प्रदर्शन के पीछे कांग्रेस : कृष्ण कुमार राय

# मतांतरण और प्रदेश को अशांत करने के षडयंत्र में कांग्रेस का हाथ : गोमती साय

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

प्रदेश में साम्प्रदायिक सद्भावन का महौल बिगाड़ कर कांग्रेस अपनी राजनीति चमकाने का षड़यंत्र कर रही है। बीते दिनों बलरामपुर जिले में पुलिस अधिकारी के स्वजनों की हत्या की घटना हो या फिर बलौदा बाजार जिले के दामाखेड़ा में कंबीर पंथियों के साथ पूरे प्रदेशवासियों के आस्था केन्द्र पर हमला करने का मामला। इन सभी घटनाओं में कांग्रेसियों का हाथ होने का सबूत अब सबके सामने उजागर हो गया है। सरगुजा आदिवासी क्षेत्र विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष गोमती साय ने उक्त बातें कहीं। वे शहर के जिला भाजपा कार्यालय राधाकांत भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि इन दिनों जब पूरे प्रदेश में लोग 25 वां



राज्योत्सव मनाने की तैयारी में जुटे हुए हैं। ऐसे में कांग्रेस अपने राजनीतिक लाभ के लिए प्रदेश का महौल खराब करने के लिए आपराधिक साजिश को अंजाम देने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि बीते दिनों दामाखेड़ा में हुई घटना में कांग्रेसी कार्यकर्ता के संलिप्तता सबके सामने आ चुकी है। स्वयं प्रकाशमुनि साहेब ने अपने फेसबुक पोस्ट में इसका उल्लेख किया है। प्रकाश मुनि साहेब ने स्पष्ट कहा कि इस घटना को राजनीतिक रूप देने की कोशिश की जा रही है। बलौदा बाजार में कलेक्टर-एसपी कार्यालय में हुई आगजनी के मामले में कांग्रेस के विधायक देवेन्द्र यादव अब भी जेल में बंद है। मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्हें किसी भी न्यायालय से जमानत नहीं मिल पारही है। गोमती साय ने आरोप लगाया कि लोहारीडी कांड में बार-बार अशांति फैलाने की कोशिश की जा रही है।

**मतांतरण में कांग्रेस का सीधा हाथ -** राधाकांत भवन में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए गोमती साय ने आरोप लगाया कि जशपुर सहित पूरे प्रदेश में चल रहे मतांतरण में कांग्रेस शामिल है। गोमती साय ने कहा कि ईसाई समाज के लिए कांग्रेस का साथ खुल कर इसीलिए देते हैं। मतांतरण को रोकने के लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयास के संबंध में पूछे जाने पर गोमती साय ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता हर बूथ पर सजग है। इसलिए मतांतरण का खेल खुल कर नहीं हो पा रहा है। उन्होनें कहा कि केन्द्र और राज्य की सरकार मतांतरण पर नकेल कसने की दिशा में काम कर रही है।

**विधायक रायमुनि के खिलाफ साजिश -** कृष्ण कुमार ने मिडिया से चर्चा करते हुए आरोप लगाया कि बीते दिनों विधायक रायमुनि भगत के खिलाफमें जिस तरह ईसाई समाज ने प्रदर्शन किया इसके पीछे सीधे तौर पर कांग्रेस शामिल है। कांग्रेस और मतांतरित मिल कर भाजपा की विधायक रायमुनि भगत को कमजोर करना चाहते हैं। लेकिन पत्थलगड़ी को उखाड़ फेंकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली रायमुनि भगत किसी भी तौर पर कमजोर नहीं है। उन्होनें कहा कि जिले में मतांतरितों की संस्थाओं की भूमिका भी अब जिलेवासियों के सामने उजागर हो रही है। इस संबंध में समुचित कार्रवाई जरूर की जाएगी। उन्होनें कांग्रेस पर ग्रामीणों को आपस में लड़ाने का आरोप भी लगाया।

# फ्लिपकार्ट और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ने मिलाया हाथ


पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने ई-कॉमर्स के माध्यम से ग्रामीण महिला उद्यमियों को सशक्त करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के साथ मिलकर ओरिएंटेशन वर्कशॉप का आयोजन किया। ई-कॉमर्स के माध्यम से आर्थिक सशक्तीकरण पर केंद्रित इस कार्यशाला में माननीय विद्युत राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफकॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार एवं अन्य सम्मानितजन उपस्थित रहे। कार्यशाला को लेकर फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार ने कहा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के साथ यह साझेदारी पूरे भारत में डिजिटल समावेश को विस्तार देने की फ्लिपकार्ट की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हमारा उद्देश्य हरियाणा की ग्रामीण महिलाओं के लिए व्यापक आर्थिक अवसर सृजित करना और नई पीढ़ी के उद्यमियों को बढ़ावा देना है, जो अपनी आजीविका को निखारने के लिए टेक्नोलॉजी का लाभ उठा सकते हैं। समर्थ प्रोग्राम का लक्ष्य वंचित समुदायों को अवसर प्रदान करना और ई-कॉमर्स का लाभ उठाते हुए सतत आजीविका निर्माण में उन्हें सशक्त बनाना है। इन समुदायों को दिशानिर्देश एवं समर्थन प्रदान करते हुए फ्लिपकार्ट ग्रामीण उद्यमियों को भारत की व्यापक विकास गाथा से जोड़ने की दिशा में काम कर रहा है। डिजिटल सशक्तीकरण पर ध्यान केंद्रित करते हुए इस कार्यशाला के माध्यम से 70 से अधिक प्रतिभागियों को प्रोडक्ट लिस्टिंग, एफिशिएंट लॉजिस्टिक्स और रणनीतिक कारोबारी विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं।

## संपादकीय

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कच्छ से संदेश

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने सैनिकों संग दीपावली मना कर राष्ट्र और उसके रक्षकों के प्रति असीम सम्मान और समर्थन का उदाहरण दिया है। गुजरात के कच्छ से प्रभावशाली संबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की संप्रभुता के प्रति अपनी सरकार की अडिग प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए कहा कि भारत अपनी जमीन का 'एक इंच हिस्सा' भी नहीं छोड़ेगा। सुरक्षा बलों के साथ दीपावली मनाते हुए इस संदेश में सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया है कि वह राष्ट्र की रक्षा में 21वीं शताब्दी की चुनौतियों को पूरा करेगी। मोदी ने सैनिकों से कहा, 'जब दुनिया आप को देखती है तो वह भारत की शक्ति देखती है। जब हमारे विरोधी आपको देखते हैं तो वे अपनी दुष्टतापूर्ण योजनाओं का अंत देखते हैं।' गुजरात के कच्छ क्षेत्र में लक्की नाला में सीमा सुरक्षा बल-बीएसएफ, भारतीय सेना, नौसेना व वायु सेना कर्मियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने अपने प्रशासन की प्रतिबद्धता दुहराई कि वह देश की सेना को दुनिया की एक सर्वाधिक उत्कृष्ट सेना बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिकीकरण प्रयासों से आत्मनिर्भरता पर जोर दिया जा रहा है जो भारत के रक्षा क्षेत्र के प्रति आधिकारिक दृष्टिकोण का केन्द्र है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सीमा पर्यटन की कम-चर्चित भूमिका पर भी चर्चा की। उनका विश्वास है कि इससे राष्ट्रीय



सुरक्षा को रणनीतिक महत्व मिलेगा। कच्छ के महत्वपूर्ण भौगोलिक क्षेत्र के रूप में महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि सीमा क्षेत्रों में पर्यटन को प्रोत्साहन देने से जागरूकता बढ़ाने में सहायता मिलेगी, देशभक्ति की भावना पैदा होगी तथा नागरिकों में देश के रक्षा यथार्थ की समझ बढ़ेगी।

यह दीपावली भारतीय सशस्त्र बलों के साथ त्योहार मनाने की मोदी की पवित्र परंपरा का एक और साल रहा। 2014 से प्रधानमंत्री विभिन्न मोर्चों पर सैनिकों के साथ दीपावली मनाते आ रहे हैं। इससे देश के रक्षकों के प्रति उनकी एकजुटता तथा आभार प्रकट होता है। हर साल उनकी दीपावली यात्रा सैनिकों के साथ गहरे भावनात्मक लगाव का क्षण बनती है जिससे नेता और सैनिकों के बीच परस्पर सम्मान का आदर्श साझा होता है। प्रधानमंत्री रक्षा क्षेत्र में लगातार आत्मनिर्भरता पर जोर दे रहे हैं, ऐसे में उनके शब्द न केवल राष्ट्र को आश्वस्त करते हैं बल्कि यह शत्रुओं को चेतावनी भी हैं। वास्तव में भारत की सुदूर सीमाओं पर खड़े सैनिक शांति के सिपाही हैं और प्रधानमंत्री के साथ उनकी दीपावली उस एकता और दृढ़ता की प्रतीक है जो भारत को आगे ले जाती है। जब त्योहार के समय परिवार आनन्द उठाने के लिए एकसाथ एकत्र होते हैं तब नायकों का एक मौन व दृढ़ समूह ऐसा भी होता है जो अपने प्रियजनों के साथ इन क्षणों को भूल कर देश की आत्मा और हृदय की रक्षा करता है। सीमाओं पर रक्षक की तरह तैनात हमारे सैनिक दृढ़ता, साहस और देशभक्ति के प्रतीक हैं जो व्यक्तिगत बलिदान की भावना से भी आगे जाते हैं। वे आग उगलते सूरज से लेकर कड़ाके की ठंड जैसी सर्वाधिक कठोर स्थितियों तथा अनजानी चुनौतियों का सामना करते हैं ताकि हमारे उत्सव निर्बाध, सुरक्षित और आनन्ददायक बने रहें। दीपावली जैसे त्योहार के मौसम में इस बलिदान के और गहरे अर्थ हैं। जब हम अपने घरों में दिए जलाते हैं तो ये बहादुर सैनिक अपने कर्तव्य के प्रकाश में सीमाओं पर चौकीदार की तरह तैनात रह कर देश को किसी खतरे से बचाते हैं। वे अपने त्योहार खुले आसमान के नीचे, परिवार और प्रियजनों की गर्मजोशी से दूर बिताते हैं। ऐसे समय वे केवल अपने कर्तव्य की भावना तथा देश के प्रति गहरे प्रेम से संचालित होते हैं।

# म्यांमार में बदली स्थितियां

## म्यांमार में विपक्ष द्वारा महत्वपूर्ण व्यापार गलियारों समेत प्रमुख क्षेत्रों पर नियंत्रण सुनिश्चित करने से सैनिक शासक के अधिकार वाले क्षेत्रों में लगातार कमी आ रही है



**हिरण्मय कार्लेकर**
(लेखक, द पायनियर के सलाहकार संपादक हैं)



म्यांमार के सैनिक शासक को लगातार पराजय का सामना करना पड़ रहा है और उसकी सत्ता खतरे में है। बहुत से लोगों की सोच की तुलना में उसके और जल्दी पतन की उम्मीद है। म्यांमार की सेना 'सिट-टैट' की नवीनतम व सर्वाधिक गंभीर पराजय 8 अक्टूबर, 2024 को पिनलेब्यू शहर पर काचिन स्वतंत्र सेना-किया के कब्जे के रूप में सामने आई है। यह सैनिक शासक का मुकाबला कर रही गठबंधन सेनाओं की महत्वपूर्ण विजय है। सैगांग क्षेत्र तथा काचिन राज्य की सीमा पर स्थित इस शहर पर विपक्ष के कब्जे से उसका उस रास्ते पर नियंत्रण हो गया है जो कालिन शहर को पड़ोसी क्षेत्रों से जोड़ता है। अपने भू-रणनीतिक महत्व के साथ ही इस शहर पर कब्जे से सिट-टैट की स्थिति का पता चल गया है। यह सैनिक शासक की भारी पराजय है।

खबरिया वेबसाइट 'द इरावडी' द्वारा 14 अक्टूबर, 2024 को सा लिन की प्रकाशित रिपोर्ट में विपक्षी नेशनल यूनिटी गवर्नमेंट के हवाले से दावा किया गया है कि यहां सैनिक शासक के 800 सैनिकों को इस तथ्य के बावजूद पराजय का सामना करना पड़ा कि उसके पक्ष में 670 हवाई हमले हुए तथा 5,000 से ज्यादा बम गिराए गए। इसमें सैनिक शासक के 70 सैनिक मारे गए, 275 गायब हैं, 225 घायल हुए, 48 ने आत्मसमर्पण कर दिया तथा लड़ाई के दौरान 102 को बंदी बनाया गया। इसके साथ ही लगभग 400 हथियार तथा अन्य सैनिक उपकरण भी विपक्षी सैनिकों द्वारा जब्त किए गए। इस रिपोर्ट में कालिन जिला जन-रक्षा टीम के नेता थो गाई के हवाले से बताया गया है कि जंगलों व पहाड़ों से घिरे पिनलेब्यू का बचाव करना आसान तथा इस पर हमला करना कठिन था। 2022 में पहली बार हमले के बाद इस पर चार हमले हुए थे जो लगभग सफल रहे थे, पर सैनिक शासक को मिले वायुसेना के समर्थन तथा सैनिकों को विमानों से लाने के कारण विपक्ष को विजय नहीं मिल सकी थी। इसके बावजूद 15 अगस्त, 2024 को शुरू हुआ पांचवां हमला सफल रहा।

थो गाई ने बताया कि दुश्मन कमजोर था। जिन लोगों को जबरन या भर्ती कानून के अंतर्गत भर्ती किया गया था, उनमें लड़ने की हिम्मत नहीं थी और लड़ाई शुरू होते ही उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया। अन्य सैनिकों ने भोजन समाप्त होने तथा लड़ने में अक्षम होने पर आत्मसमर्पण कर दिया। सिट-टैट को इसके अलावा अन्य कमजोरियों का भी सामना करना पड़ रहा है। उसके भीतर आंतरिक मतभेद उभरे हैं। अनेक तीन-सितारा जनरलों को हटा दिया गया है। अनेक युवा अधिकारी असंतुष्ट हैं क्योंकि वे समझ गए हैं कि लगभग पूरा देश उनके खिलाफ है।

पिनलेब्यू के पहले सैनिक शासक-विरोधी बलों ने उत्तरी मांडले के चार अन्य शहरों पर कब्जा कर लिया था। 'अल ज़ज़ीरा' में 23 सितंबर, 2024 को एंड्रयू नाकमेशन की प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार इन शहरों पर विपक्ष के कब्जे से मांडले शहर उनके हमले के दायरे में आ गया है जो म्यांमार का दूसरा सबसे बड़ा शहर है और वहां लगभग दो मिलियन लोग रहते हैं। वास्तव में विपक्षी 'थ्री ब्रदरहुड एलायंस' गठन होने और उसके द्वारा हमला बोलने के बाद से सिट-टैट को अनेक पराजयों का सामना करना पड़ा है। 27 अक्टूबर, 2023 को शुरू हुए इस हमले का नाम 'आपरेशन 1027' दिया गया है। इस एलायंस में उत्तरी शान राज्य के कोकांग विशेष क्षेत्र में सक्रिय म्यांमार नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस आर्मी-एमएनडीएए, शान राज्य में सक्रिय तांग नेशनल लिबरेशन आर्मी-टीएनएलए तथा देश के पश्चिमी हिस्से के राखीन राज्य में सक्रिय अराकान आर्मी-एए शामिल हैं। इनके बीच विपक्षी नेशनल यूनिटी गवर्नमेंट की सैनिक शाखा पीपुल्स डिफेंस फोर्स-पीडीएफ निकट समन्वय बनाए रखती है। इसके साथ ही करेन नेशनल लिबरेशन आर्मी-केएनएलए और करेन नेशनल आर्मी जैसी नस्ली सेनायें भी सैनिक शासक के खिलाफ युद्ध कर रही हैं।

एए ने पूरे राखीन राज्य को अप्रैल, 2024 में अपने नियंत्रण में ले लिया था। एक प्रमुख घटना के रूप में एमएनडीएए ने 31 जुलाई, 2024 को दावा किया कि उने सिट-टैट के लाशियो सैनिक अड्डे पर कब्जा कर लिया। यह चीन की सीमा से सटे शान राज्य के शहर और उसके हवाईअड्डे के निकट है। यह सैनिक शासक के लिए भारी नुकसान था। 5 अगस्त, 2024 को 'द न्यूयार्क टाइम्स' में प्रकाशित लेख में विवेक शंकर ने संकेत किया था कि 'लाशियो शहर और उसका हवाईअड्डा चीन के यूनान प्रांत के महत्वपूर्ण व्यापारिक गलियारे के निकट है। चीन यहां सीमा के दोनों ओर हाईस्पीड रेल नेटवर्क तथा अन्य ढांचागत परियोजनायें तैयार करने में करोड़ों डालर खर्च कर रहा है।' विपक्षी बलों ने म्यांमार की सीमाओं तथा उसके पहाड़ी क्षेत्रों के बड़े हिस्सों पर कब्जा कर लिया है, हालांकि सेना का बड़े शहरों तथा केन्द्रीय इरावडी घाटी के निचले क्षेत्रों पर अभी कब्जा बना हुआ है। अब सैनिक शासक का शहरों और कस्बों से भी नियंत्रण समाप्त होता जा रहा है। विवेक शंकर ने उपरोक्त लेख में बताया है कि सैनिक शासक का विरोध करने वाले बलों का अब 'म्यांमार के लगभग 75 शहरों और कस्बों तथा दो हवाईअड्डों पर कब्जा है। इनमें से एक पश्चिम में राखीन राज्य का थरीड्वे तथा दूसरा लाशियो है।' अब सैनिक शासक के खिलाफ स्थितियां तेजी से बदल रही हैं।

असंदिग्ध रूप से सैनिक शासक के पास टैंक तथा अन्य बख्तरबंद वाहन, तोपें और वायुसेना है। लेकिन नस्ली बलों के कब्जे वाले क्षेत्रों में टैंकों और बख्तरबंद वाहनों की तैनाती आसान नहीं है। घने जंगलों, गहरे नालों तथा खड़ी ढलानों वाले क्षेत्र छापामार युद्ध के लिए आदर्श हैं और सैनिक शासक-विरोधी बल इसका लाभ उठा रहे हैं। इन क्षेत्रों में सैनिक-शासक द्वारा संचालित सेनायें ज्यादा प्रभावी नहीं हो पा रही हैं। इसके साथ ही सभी जानते हैं कि केवल हवाई हमलों या तोपखाने के बल पर लड़ाइयां नहीं जीती जा सकती हैं। भले ही सेनाओं को अत्यधिक प्रशिक्षित सैनिकों तथा भारी तोपखाने का समर्थन प्राप्त हो, पर वे भी आम जनता से लड़ाई में सफल नहीं हो सकती हैं। यदि ऐसा होता तो अमेरिका को वियतनाम में विजय मिलती।

ऐसे में प्रमुख सवाल यह है कि क्या म्यांमार के सैनिक शासक दीवाल की लिखावट देख पा रहे हैं? ऐसा लगता है कि सैनिक शासक अपनी बुरी स्थितियों और लगातार हो रही पराजयों से आहत और घबराए हुए हैं। 26 सितंबर, 2024 को 8 बजे शाम को प्रसारण में सैनिक शासक ने पहली बार विपक्षी सशस्त्र प्रतिरोधी समूहों को एक रियायत देने का ऐलान किया। सैनिक शासक की ओर से एक बयान में कहा गया, 'राज्य ने बड़ी संख्या में मानव संसाधन, ढांचागत संरचनायें तथा लोगों का जीवन और संपत्तियां खोई हैं। इसका कारण यह है कि कुछ व्यक्ति और संगठन सशस्त्र आतंकवाद और सशस्त्र संघर्ष के रास्ते पर चल रहे हैं, लेकिन वे राजनीतिक तरीकों से राजनीतिक समस्याओं का समाधान नहीं निकालना चाहते हैं।'

इस बयान में निहित आरोपी स्वरों और अविश्वसनीय अंतर्निहित विरोधाभास से स्पष्ट है कि आखिरकार विपक्षी बलों ने इसे क्यों स्वीकार नहीं किया। विद्रोही बलों के अनेक कमांडरों, नस्ली सेनाओं तथा विपक्षी एनयूजी सरकार ने फौरन सैनिक शासक के इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया। 'द न्यूयार्क टाइम्स' में 27 सितंबर, 2024 को प्रकाशित सुई-ली वी की रिपोर्ट में संयुक्त राष्ट्र इंस्टीट्यूट फार पीस के म्यांमार कार्यक्रम के विजिटिंग वरिष्ठ विशेषज्ञ ये मायो हीन के हवाले से कहा गया, 'इस घोषणा के पीछे चीन को खुश करने का इरादा है।' हो सकता है कि ऐसा ही हो।

वी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि सैनिक शासक का समर्थन करने के साथ ही बीजिंग उत्तरी म्यांमार में नस्ली सशस्त्र समूहों से भी बात कर रहा है। चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने अगस्त, 2024 में म्यांमार की यात्रा कर सैनिक शासक से राजनीतिक सुलह-समझौता करने तथा चुनाव कराने की बात कही थी। लेकिन सैनिक शासक द्वारा सूकी से बातचीत के कोई संकेत नहीं हैं। जेल में सूकी की हालत बहुत खराब है और उनकी मृत्यु भी हो सकती है। इसका दोष सैनिक शासक पर लगेगा। लेकिन इसके दोषी पश्चिमी लोकतंत्र भी होंगे क्योंकि अब उनको म्यांमार की स्थितियों की कोई चिन्ता नहीं है।

# जॉब मार्केट और भारतीय शिक्षा प्रणाली

> व्यापक नियोजन के साथ, पुनर्जीवित शिक्षा प्रणाली राष्ट्रीय समृद्धि और सामाजिक स्थिरता के लिए उत्प्रेरक बन सकती है।

**आरपी गुप्ता**
(लेखक, स्तम्भकार हैं)



आज की औद्योगिक अर्थव्यवस्था में, औपचारिक शिक्षा व्यक्तिगत और राष्ट्रीय विकास की रीढ़ बन गई है। मूल रूप से लॉर्ड मैकाले द्वारा 1830 के आसपास शुरू की गई, औपचारिक शिक्षा ने स्वतंत्रता के बाद गति पकड़ी, जिससे भारत को कृषि प्रधान से औद्योगिक अर्थव्यवस्था में बदलने में मदद मिली। हालांकि, जैसे-जैसे नौकरी बाजार विकसित हुआ है, शिक्षा प्रणाली द्वारा प्रदान किए गए कौशल और कार्यबल की ज़रूरतों के बीच एक चिंताजनक बेमेल उभर कर आया है। इस असमानता के कारण उच्च बेरोज़गारी दर हुई है, विशेष रूप से शिक्षित युवाओं के बीच, जबकि कुछ क्षेत्रों में कुशल श्रमिकों की कमी का अनुभव होता है। इस प्रकार, भारत की शिक्षा नीति को रोज़गार की ज़रूरतों के साथ बेहतर तालमेल बिठाने और देश के विकास लक्ष्यों का समर्थन करने के लिए महत्वपूर्ण सुधार की आवश्यकता है। मानव पूंजी निस्संदेह किसी राष्ट्र की वृद्धि और विकास के लिए सबसे मूल्यवान संसाधन है। हालांकि, इस संपत्ति का लाभ उठाने के लिए, इसे अर्थव्यवस्था में उचित रूप से लगाया जाना चाहिए। ऐसा न करने पर गरीबी दर और संभावित सामाजिक अशांति में वृद्धि हो सकती है। सार्थक रोज़गार और आर्थिक सुधार के लिए, कार्यबल को बाज़ार की मांगों के अनुरूप कौशल से लैस होना चाहिए। शिक्षा और रोजगार के बीच की खाई को पाटकर भारत बेरोजगारी को कम कर सकता है, आय के स्तर को बढ़ा सकता है और समग्र आर्थिक दक्षता में सुधार कर सकता है।

सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी के एक सर्वेक्षण के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 की तीसरी तिमाही में, केवल 12 प्रतिशत नौकरी-धारक स्नातक थे। अधिकांश, 40 प्रतिशत ने केवल हाई स्कूल (10वीं कक्षा) पूरा किया था, 28 प्रतिशत ने हाई स्कूल पूरा नहीं किया था, और शेष 20 प्रतिशत की शिक्षा का स्तर 5वीं कक्षा से नीचे था। आश्चर्यजनक रूप से, स्नातकों के बीच बेरोजगारी दर 17.2त्न थी, जबकि हाई स्कूल स्नातकों के लिए यह 10.2 प्रतिशत और निम्न शिक्षा स्तर वाले लोगों के लिए 1.6 प्रतिशत थी। यह डेटा बताता है कि भारत की शिक्षा नीति इसकी रोजगार मांगों के साथ मेल नहीं खाती है, जो बदलाव की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करती है।

इस सुधार में पहला कदम विभिन्न क्षेत्रों में वर्तमान और भविष्य की श्रम मांगों का आकलन करने के लिए एक व्यापक सर्वेक्षण आयोजित करना होना चाहिए। इस तरह के सर्वेक्षण से युवाओं को अपनी शिक्षा और करियर पथ के बारे में सूचित निर्णय लेने में मदद मिलेगी। इस डेटा का उपयोग करके, नीति निर्माता एक गतिशील, उत्तरदायी शिक्षा प्रणाली बना सकते हैं जो बदलती बाजार आवश्यकताओं के साथ विकसित होती है। सबसे पहले, मैट्रिकुलेशन तक बुनियादी शिक्षा पूरी करने को सार्वभौमिक रूप से प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। जरूरतमंद लोगों के लिए वित्तीय सहायता कार्यक्रम प्रदान किए जा सकते हैं। शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए योग और खेल जैसी शारीरिक गतिविधियों को अनिवार्य बनाया जाना चाहिए। मानवता, नैतिकता और राष्ट्रवाद पर प्राचीन शिक्षाओं को भी एक जिम्मेदार, दयालु समाज बनाने के लिए शामिल किया जा सकता है। मैट्रिकुलेशन पूरा करने के बाद, छात्रों को इंजीनियरिंग, नर्सिंग और आतिथ्य प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में छोटे, विशेष पाठ्यक्रमों (2-4 साल) तक पहुंच मिलनी चाहिए। बाजार की मांग के आधार पर इस मॉडल को व्यापक क्षेत्रों को कवर करने के लिए विस्तारित किया जा सकता है।

इन पाठ्यक्रमों में औपचारिक शिक्षा को व्यावसायिक प्रशिक्षण के साथ मिलाना चाहिए, जिसमें नौकरी की आवश्यकताओं के अनुसार पाठ्यक्रम की अवधि अलग-अलग होनी चाहिए। उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों के लिए, पाठ्यक्रम को नौकरी के बाजार द्वारा मांगे जाने वाले कौशल को प्रतिबिंबित करने के लिए अनुकूलित किया जाना चाहिए, और व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के लिए अनिवार्य इंटर्नशिप शुरू की जानी चाहिए। संचार और समस्या-समाधान जैसे सॉफ्ट स्किल विकसित करना भी आवश्यक है। भारत की बढ़ती आबादी के साथ, बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों द्वारा समर्थित नए शैक्षणिक संस्थान खोलना आवश्यक है।

अनुसंधान और नवाचार किसी भी देश के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण हैं। भारत को देश की दीर्घकालिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए शोध करने वाले छात्रों के एक चुनिंदा समूह का समर्थन करना चाहिए। हालांकि, घरेलू स्तर पर शोध भूमिकाओं के लिए सीमित बाज़ार को देखते हुए, कई विद्वान विदेशों में अवसर तलाशने के लिए मजबूर हैं। केंद्र और राज्य दोनों सरकारों को शोध संस्थानों में निवेश करना चाहिए, कुशल शोधकर्ताओं को बनाए रखने के लिए अधिक धन उपलब्ध कराना चाहिए और भारत के भीतर नवाचार को प्रोत्साहित करना चाहिए।

भारत के कार्यबल का लगभग 50त्न हिस्सा स्व-रोज़गार में है, जिसमें एक बड़ा हिस्सा किसान और छोटे व्यवसाय के मालिक हैं। हालाँकि, ये व्यक्ति अक्सर वेतनभोगी पदों पर काम करने वालों की तुलना में कम कमाते हैं और वैकल्पिक अवसरों की कमी के कारण स्व-रोज़गार में प्रवेश कर सकते हैं।

औद्योगिक क्षेत्र से परे, कुशल और अर्ध-कुशल श्रमिकों की महत्वपूर्ण मांग है, जिसमें ड्राइवर, इलेक्ट्रीशियन, राजमिस्त्री, रसोइया और सुरक्षा गार्ड आदि शामिल हैं। कई स्व-रोज़गार वाले व्यक्ति, जैसे कि शिल्पकार और मरम्मत तकनीशियन, ने अपने व्यापार को अनौपचारिक रूप से सीखा है, अक्सर बिना वेतन के। औपचारिक शिक्षा के साथ व्यावसायिक प्रशिक्षण उनकी कमाई की क्षमता को काफी हद तक बढ़ा सकता है।

उदाहरण के लिए, वाहन रखरखाव और यातायात नियमों में प्रमाणन वाले शिक्षित ड्राइवर के लिए बेहतर नौकरी की संभावनाए होंगी और उन्हें उच्च वेतन मिल सकता है।

## आप की बात

### इंदौर में उपद्रव

**शांति प्रिय इंदौर** में दीपावली की रात जो हुड़दंग और आतंक मचाया गया वह एक गहरी सोची गई साजिश के बिना संभव नहीं है। ऐसा लगता है कि भारत-विरोधी ताकतें देश के विभिन्न शहरों व नगरों में सुनियोजित ढंग से उपद्रव कराने के प्रयास कर रही हैं। विडंबना है कि समय बीतने के साथ ही अब ऐसी घटनाओं का विस्तार हो रहा है। यदि इंदौर की घटना को शीघ्रता से सख्ती पूर्वक नहीं दबाया गया होता तो यह और भी गंभीर रूप धारण कर सकती है। यह देश में हिंदू तीज त्योहारों पर निशाना साधकर लोगों को भड़काने का प्रयास है। ऐसा लगता है कि राजनीतिक रूप से पराजित शक्तियां अब केन्द्र और राज्य सरकारों की छवि खराब करने के लिए कुछ भी करने पर आमादा हैं। रेलों के आगे सिलेंडर व पत्थर रखना, हवाई जहाज में बम रखने के फर्जी ईमेल करना, होटलों और अस्पतालों को विदेशी हैंडलों से धमकियां देना देश में अराजकता फैलाने के योजनाबद्ध प्रयास है। सरकार एसे तत्वों को शीघ्र गिरफ्तार करें और राष्ट्रव्यापी साजिश के लिए बड़े पैमाने पर गुप्तचर संस्थाओं को सक्रिय करना पड़ेगा। समय आ गया है कि उपद्रवी व अराजक तत्वों तथा उनका प्रत्यक्ष या परोक्ष समर्थन करने वाले समुदायों पर लगातार कठोर नजर रखी जाए और उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई हो।

**-सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### अभद्र भाषा का प्रकोप

**हम** सनातनी हैं, हमारी सभ्यता प्राचीन है तथा भारतीय संस्कार और संस्कृति की दुनिया में अपनी एक अलग स्वच्छ पहचान है। किन्तु जब से देश में राजनीति में कतिपय आपराधिक तत्व और बदजुबान लोगों का प्रवेश हुआ है तब से देश की राजनीति अभद्र भाषा के प्रयोग व बयानबाजी का शिकार होती जा रही है। कोई भी कुछ भी किसी को कह देता है। कतिपय राजनीतिज्ञ अपनी बदजुबान से अपशब्द तक कहने में नहीं चूक रहे हैं। अभद्र भाषा का उपयोग तो वे जैसे गर्व के साथ करने लगे हैं, जैसे कोई बहुत ही विद्वता का काम कर रहे हों। अभद्र वाणी का विरोध होने पर वे या तो माफी मांग लेते हैं या अपनी ही जुबान से पलट जाते हैं अथवा मीडिया पर तोहमत लगते हुए कह जाते हैं कि मेरे शब्दों को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया। शिवसेना-यूबीटी नेता अरविन्द सावंत ने भद्र महिला व शिवसेना-शिंदे नेता शाइना एन.सी. पर अभद्र टिप्पणी करते हुए कहा कि हमारे यहाँ इम्पोर्टेड माल नहीं चलता। इसके जवाब में शाइना ने कहा कि मैं महिला हूँ, माल नहीं। अनेक नेताओं ने इस बयान की निंदा की है। शाइना ने पुलिस में एफ्आईआर भी दर्ज करवाई है। अभद्र भाषा पर विराम लगाने के लिए व्यापकतम सहमति बननी चाहिए।

**- शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### राजनीति का स्वरूप

**उत्तर प्रदेश** में कुछ दलों के क्रियाकलाप आश्चर्यजनक हैं। भाजपा के बटेंगे तो कटेंगे के नारे के बदले में सपा ने नारा दिया- जुड़ेंगे तो जीतेंगे। हालांकि विगत लोकसभा चुनावों में पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक गठजोड़ एवं भाजपा को संविधान-विरोधी बताकर इस दल ने जनता को भ्रमित कर अपेक्षा से अधिक सफलता प्राप्त कर ली। अब इसने अलगाव और बंटवारे की राजनीति के अंतर्गत समाज को दलित-सवर्ण व अगड़ा-पिछड़ा में बाँटने का प्रयास तेज किया है। उत्तर प्रदेश में विधानसभा की नौ सीटों पर होने वाले उपचुनाव में अब यही पार्टी कह रही है कि जुड़ेंगे तो जीतेंगे। वैसे सपा के नारे की गणित अलग है, लेकिन इस गणित के चलते विकास तथा जन-कल्याण के मुद्दे पीछे छूट जाते हैं। इस जुड़ेंगे में मुस्लिम तुष्टीकरण भी शामिल है। योगी आदित्यनाथ द्वारा दिए नारे का समर्थन प्रधानमंत्री तथा आरएसएस ने भी किया है। हरियाणा में इस नारे की सफलता के बाद अब यही प्रयोग महाराष्ट्र और झारखंड में दुहराया जाने वाला है। ऐसे में देखना होगा कि देश-प्रदेश में राजनीति क्या स्वरूप लेगी? क्या हिंदुओं को जात-पांत के नाम पर बांटने की रणनीति सभी हिंदुओं को एकजुट करने की रणनीति पर भारी पड़ेगी या पराजित होगी?

**- सुधाकर आशावादी,** मेरठ

### भारत की प्रगति

**भारत** की तेज आर्थिक ही नहीं, सर्वांगीण प्रगति वर्तमान भू-राजनीतिक कारकों को देखते हुए सारी दुनिया को हैरान कर रही है। यदि देश के भीतर ही टांग खींचने वाले तत्व नहीं होते तो यह प्रगति और ज्यादा होती। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-एआई के इस युग में अब युवा वर्ग में भी एक विशेष बुद्धिमत्ता दिखाई देने लगी है। युवा पुराने पड़ चुके राजनीतिक विचारों के बजाय नया विकासपरक दृष्टिकोण अपना रहे हैं। उनके लिए रोजगार के कई नए क्षेत्र खुल गए हैं। भारतीय युवा ऑनलाइन पेमेंट से लेकर नए आविष्कारों को अपना कर देश के विकास की गति बढ़ा रहे हैं। भारतीय युवाओं की प्रतिभा दुनिया में किसी से कम नहीं है। देश के प्रति समर्पित लोगों के हाथ में सत्ता होने के कारण देश तेजी से विकास कर रहा है। सैन्य शक्ति संसाधनों से परिपूर्ण हो रही है तो अंतरिक्ष में भी भारत अपनी धाक जमा रहा है। लड़कियों के प्रति भी सोच के सकारात्मक होने से महिला शक्ति में नया विश्वास आया है और वह सभी क्षेत्रों में देश के विकास में भरपूर सहयोग दे रही है।

**- विभूति बुपक्या,** खाचरोद

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के अवसर पर आज कवर्धा में भव्य राज्योत्सव का होगा आयोजन

## बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल राज्योत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में होंगे शामिल


पायनियर संवाददाता ∢ कवर्धा
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिले में कवर्धा के आचार्य पंथ गृथमुनि नाम साहेब शासकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय में भव्य राज्योत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ बिलासपुर के विधायक अमर अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में करेंगे। कार्यक्रम में विधायक पण्डरिया भावना बोहरा, जिला पंचायत की अध्यक्ष सुशीला रामकुमार भट्ट, जनपद पंचायत की अध्यक्ष इन्द्राणी चन्द्रवंशी और नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष मनहरण कौशिक विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर जिला स्तरीय एक दिवसीय राज्योत्सव की तैयारियां शुरू हो गई है। राज्योत्सव के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य की विभिन्न शासकीय योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी देने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल भी लगाए जाएंगे, जिनसे लोगों को राज्य की योजनाओं और सुविधाओं की जानकारी प्राप्त होगी। कार्यक्रम का आयोजन शाम 5:30 बजे से रात 11:30 बजे तक होगा, जिसमें छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और लोक कलाओं का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। कार्यक्रम की शुरुआत शाम 5:30 बजे जिला कबीरधाम के स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले सांस्कृतिक नृत्य से होगी, जो कि 6:00 बजे तक चलेगा। इसके बाद 6:00 से 6:20 तक क्लासिकल म्युजिकल्स कवर्धा के अंतर्गत तुलेश्वर शर्मा द्वारा सुनहरी यादें की प्रस्तुति दी जाएगी, जिसमें शास्त्रीय संगीत की महक दर्शकों तक पहुंचेगी। 6:20 से 6:40 बजे छत्तीसगढ़ी लोकसंगीत का कार्यक्रम रजऊ साहू और उनके साथी द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें छत्तीसगढ़ की लोकधुनों की मिठास दर्शकों को सुनाई देगी। शाम 6:40 बजे मुख्य अतिथि अमर अग्रवाल के मंचीय कार्यक्रम की शुरुआत होगी, जिसमें वे उपस्थित जनसमूह को संबोधित करेंगे और राज्योत्सव की शुभकामनाएं देंगे। 7:30 से 8:30 बजे सुरता के आंसू नामक लोक कला मंच का कार्यक्रम होगा, जिसमें नेवारी से आए कलाकार योगेन्द्र दास मानिकपुरी और उनके साथी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। रात 8:30 से 9:30 बजे खैरागढ़ के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी, जिसमें विभिन्न रंग-बिरंगी प्रस्तुतियाँ होंगी जो दर्शकों का मन मोह लेंगी। कार्यक्रम का समापन रात 9:30 से 11:30 बजे तक चलेगा, जिसमें प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी लोकगायक पद्मश्री अनुज शर्मा का विशेष लोकसंगीत कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। अनुज शर्मा अपनी सुरमयी आवाज़ में छत्तीसगढ़ी गीतों की मिठास से समां बांधेंगे और राज्योत्सव की रौनक को और भी बढ़ाएंगे। इस आयोजन के माध्यम से छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत, लोककलाओं और विविध परंपराओं का प्रदर्शन होगा, जो स्थानीय निवासियों के साथ-साथ बाहर से आए दर्शकों को भी आकर्षित करेगा।

# कांग्रेस के दो पार्षदों सहित जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष को जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने थमाया कारण बताओ नोटिस

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com


जिला कॉंग्रेस कमेटी, बेमेतरा
बंशी पटेल

बेमेतरा जिला के कांग्रेस के अंदरूनी लड़ाई अब सड़क में आ गई है। जिसके चलते यह मामला दिनों-दिन विवाद बढ़ता ही जा रहा है। इसी के चलते जिला कांग्रेस अध्यक्ष बंसी पटेल ने कांग्रेस के दो पार्षद मनोज शर्मा जो बेमेतरा जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता भी है, इसके अलावा कांग्रेस की पार्षद राम ठाकुर को कारण बाताओ नोटिस जारी किया गया है और जवाब देने के लिए 7-7 दिन का समय दिया गया है। इसी तरह जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष जोगेंदर छाबड़ा को भी कांग्रेस जिला कांग्रेस ने के अध्यक्ष के द्वारा कारण बताओं नोटिस जारी करते सात दिन के भीतर जवाब मांगा गया तीनों को अलग अलग भेजें गये कारण बताओ नोटिस के माध्यम से जिला कांग्रेस अध्यक्ष बंशी पटेल ने अलग-अलग कारणों को स्पष्ट करते हुए अनुशासन हीनता करने की बात कही गई है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष बंशी पटेल ने मनोज शर्मा पार्षद बेमेतरा नगर पालिका परिषद एवं प्रवक्ता जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा को निष्कासन के संबंध में कारण बताओ नोटिस में कहा गया है कि जोगेन्दर छाबड़ा की आईडी से फेसबुक में प्रदेश अध्यक्ष को एक शिकायत करते हुए आपका फोटो दिखाया गया है। जो कि यह पार्टी के खिलाफ पार्टी विरोधी गतिविधि कहलाता है। शिकायत की कोई बात नहीं। परन्तु शिकायत कर उसे उजागर करना यह पार्टी गाइड लाइन के खिलाफ होता है। उस शिकायत को पहले पार्टी मिटिंग में रख कर बात करना था उसके बाद जो भी करते उससे हमे किसी भी प्रकार का शिकायत नही होता परन्तु आपके द्वारा पार्टी फोरम में बात न रख कर सीधे शिकायत कर उसे उजागर करना यह सब पार्टी नियम के विरुद्ध अनुशासनहीनता में आता है। आप पार्टी के चुने हुए प्रतिनिधि है। क्यों न आपको पार्टी से निष्कासन कर प्राथमिक सदस्य से निकाला जाये। इसका जवाब 7 दिनों के अंदर प्रस्तुत करें नहीं तो आप वो उपर अनुशासनहीनता की कार्यवाही की जायेगी। इसी तरह राम ठाकुर पार्षद नगर पालिका बेमेतरा को भी जारी किए गए। कारण बताओ नोटिस में कहा गया है कि इण्डियन नेशनल काग्रेस से पार्टी विरोधी गतिविधि के कारण क्यो न आप को काग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासन कर दिया जाये आगे बताया कि आपके द्वारा कुछ लोगो के साथ पार्टी के छवि को खराब करने के उदेश्य से जोगेन्दर छाबड़ा की फेसबुक आईडी से डाला गया फोटो में आप लोगों के साथ प्रदेश अध्यक्ष को एक शिकायत पत्र देते हुए दिखाया जा रहा है। शिकायत किये कोई बात नहीं। परन्तु शिकायत कर उसे उजागर करना यह पार्टी गाइड लाइन के खिलाफ होता है। अगर शिकायत किये उसको पहले पार्टी मिटिंग में रख कर बात करना था उसके बाद जो भी करते उससे हमे किसी भी प्रकार का शिकायत नहीं होता परन्तु आपके द्वारा पार्टी फोरम में बात न रख कर सीधे शिकायत कर उसे उजागर करना यह सब पार्टी नियम के विरूद्ध अनुशासनहीनता में आता है।

# राज्य स्थापना के वर्ष गाँठ पर अटल बिहारी बाजपेयी प्रश्न माला का आयोजन : प्रज्ञा निर्वाणी

### भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ललिता साहू करेंगी पोस्टर का विमोचन

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



ज़िला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 के बालसमुंद, मुलमुला, पेड़ितराई, लोलेसरा, केवाछी, नरी, तुमाँ, बहेरा, झिरिया, बावा मोहतरा, करंजिया पंचायत और आश्रित ग्रामों में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 24 वे वर्षगाँठ के अवसर पर महिलाओं के लिए क्विज पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है।

यह कहना है ज़िला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी का,उन्होंने कहा है कि ठेठ ग्रामीण महिलाओं में सामान्य ज्ञान और आस पास की घटनाओं जानकारी के प्रति सजग करने के लिए सामान्य ज्ञान प्रश्न माला का यह आयोजन है, प्रज्ञा निर्वाणी ने बताया इसके माध्यम से महिलाओं से जुड़ उन्हें बहिर्मुखी और आत्मविश्वास से लबरेज़ करने छोटा सा प्रयास है, प्रश्न माला में पूछे गये प्रश्नों के सहीं उत्तर देने पर महिलाओ को उनके दैनिक उपयोग में आने वाले वस्तुओं जैसे थाली, प्लेट, कप, गिलास, गंजी, कटोरी इत्यादि विजेता पुरुस्कार के तौर पर दिया जाएगा, पुरस्कारों को अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के द्वारा प्रदत्त किया जा रहा है, प्रश्नोत्तरी को भाजपा के संस्थापक और देश के प्रधानमंत्री रहे अटल बिहारी बाजपेयी प्रश्न माला का नाम दिया गया है, अटल जी के राष्ट्र के लिए योगदान और स्थान से हम सभी परिचित हैं,अपने प्रधानमंत्री कॉल में अटल जी ही छोटे राज्यों के निर्माण के पक्षधर रहे,छत्तीसगढ़ की जनता और आने वाली पिढ़ी भी इसे कभी नही भूलेगी, अटल के जीवन से संबंधित सरल और आसान प्रश्नों को पूछ सही उत्तर पर ग्रामीण बहनों को तुरंत पुरुस्कृत किया जाएगा,

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य के मुखिया विष्णु देव साय के महिलाओं के लिए बनाये गये लोक कल्याणकारी योजनाओं के बाद महिलाओ के जीवन आये बदलाव की चर्चा भी उन्ही के जुबानी सुनेंगे ताकि हमे और अधिक कार्य करने की अभी प्रेरणा मिले, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष ललिता साहू इससे संबंधित पोस्टर का विमोचन भाजपा जिला कार्यालय में करेंगी, पूरे पखवाड़े भर जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 के अलग अलग पंचायतों में यह आयोजन महिला चौपाल लगा कर किया जाएगा, उस गाँव के सक्रिय भाजपा महिला कार्यकर्ताओं के हाथों पुरुस्कार वितरण कराया जाएगा। 6 नवम्बर को ग्राम नवागांव खुड़मूड़ी से आयोजन का शुरुवात किया जाना है।

# केमिस्टस संगठनों ने समझौता के खिलाफ ड्रग कंट्रोलर को सौंपा ज्ञापन

### ऑनलाइन दवा वितरण का विरोध नशीली नकली दवाइयां के वितरण की आशंका ड्रग कंट्रोलर ऑफइंडिया को लिखा गया पत्र

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के 12.40 लाख सदस्य, देश भर में दवाओं के वितरण और स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता को बनाए रखने में प्रतिबद्ध है, संस्था ने हाल ही में स्विगी इंस्टामार्ट और फार्मईज़ी के बीच डाक स्टोर्स के माध्यम से 10 मिनट में दवाइयाँ वितरित करने के लिए हो रही कथित साझेदारी को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की हैं। एआईओसीडी ने भारत के डीसीजीआई को एक पत्र लिखकर कहा है कि यह कदम भारतीय कानून के तहत निर्धारित मानकों के खिलाफ है और इससे स्वास्थ्य एवं सुरक्षा से जुड़े कई गंभीर खतरे पैदा हो सकते हैं। इसकी संभावित गंभीरता की जानकारी देते हुए एआईओसीडी के अध्यक्ष जे.एस शिंदे, महासचिव राजीव सिंघल एवं बेमेतरा जिला दवा विक्रेता संघ अध्यक्ष दिनेश दुबे सचिव नवीन अग्रवाल ने बताया कि इसमें हमारी निम्न मुख्य चिंताएँ है जिसे हमने सीडीएससीओ के समक्ष रखा है।

### कानूनों का उल्लंघन

भारत में दवाओं के वितरण के लिए कड़े नियम बने हुए हैं जो रोगी सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। इस साझेदारी में उचित पर्चे की जांच और रोगी की पहचान जैसे महत्वपूर्ण मानकों की अनदेखी की आशंका है, जिससे आम नागरिकों के स्वास्थ्य को खतरा हो सकता है।

### एंटी-माइक्रोबियल प्रतिरोध (एएमआर)

सरकार द्वारा एएमआर के खतरे से निपटने के लिए किए जा रहे प्रयासों के बावजूद, ई-फार्मेसी के अनियंत्रित संचालन से इस समस्या में और वृद्धि होने का डर है। इस प्रकार की साझेदारियाँ एएमआर से लड़ने के प्रयासों को कमजोर करती हैं।

### फार्मईज़ी के साथ जोखिम भरी साझेदारी

फार्मईज़ी, जो स्वयं विनियामक उल्लंघनों के कारण कई कानूनी मामलों में उलझा हुआ है, के साथ इस तरह की साझेदारी स्विगी के लिए भी कानूनी और विनियामक जोखिम बढ़ा सकती है।

### गुणवत्ता और रोगी सुरक्षा से समझौता

अल्ट्रा-फास्ट डिलीवरी मॉडल के चलते एक्सपायर या नकली दवाइयों की संभावना बढ़ सकती है, जो रोगी सुरक्षा के लिए हानिकारक है। इस प्रकार के मॉडल में आवश्यक गुणवत्ता मानकों का पालन संभव नहीं हो पाता इसलिए एआईओसीडी का मानना है कि ऐसी साझेदारियाँ न केवल कानूनी रूप से, बल्कि जनता के स्वास्थ्य और सुरक्षा की दृष्टि से भी चिंता का विषय हैं। हम सरकार से आग्रह करते हैं कि इन मुद्दों की गहनता से समीक्षा करें और सभी आवश्यक कदम उठाएं ताकि देश के नागरिकों को सुरक्षित और विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो सकें।

एआईओसीडी पारंपरिक केमिस्टों की भूमिका को बरकरार रखने के लिए प्रतिबद्ध है और जनता की सुरक्षा के लिए किसी भी संभावित खतरे का सदैव विरोध करता रहेगा।

# रायपुर के लिपिक आत्महत्या प्रकरण में कर्मचारियों ने सौपा ज्ञापन



**बेमेतरा।** कार्यालय कलेक्टर रायपुर में पदस्थ लिपिक प्रदीप उपाध्याय के द्वारा अधिकारियों की प्रताड़ना से व्यथित होकर आत्महत्या किये जाने की घटना को दुखद एवं चिंताजनक बताते हुए छत्तीसगढ़ लिपिकवर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ बेमेतरा ने मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौपकर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की है। लिपिक संघ द्वारा सौपे गये ज्ञापन में कहां गया है कि उक्त घटना के कारण प्रदेश के सभी कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। अतः उक्त घटना की निष्पक्ष न्यायिक जांच कर दोषियों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता एवं सिविल सेवा आचरण नियम के तहत कार्यवाही के निर्देश संबंधित विभागों को देने की मांग की गई है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके। लिपिकवर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ बेमेतरा के जिला अध्यक्ष विक्रम देवांगन, प्रांतीय सचिव संतोष नामदेव सहित लिपिक कर्मचारियों द्वारा मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन अपर कलेक्टर जी.एल. जगत को सौपा गया। इस दौरान जिला कार्यालय के लिपिक कर्मचारी हेमंत खरे, सुनील घाटे, कार्तिक कैवर्त, जागेश्वर महिलांग, लोचन साहू एवं छत्रपाल आदि उपस्थित रहे।

# मचांदूर में धूमधाम के साथ मां लक्ष्मी की मूर्ति का किया गया विसर्जन



**उतई।** ग्राम मचांदूर में मां लक्ष्मी की मूर्ति का विसर्जन बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ किया गया। लक्ष्मी पूजा के दौरान कई दिनों तक चले इस उत्सव के बाद भक्तों ने मां लक्ष्मी को नम आंखों और मंगलकामनाओं के साथ विदा किया। विसर्जन के दौरान पूरे गांवों में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। ढोल-नगाड़ों की गूंज,शंख ध्वनि और जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। विसर्जन के जुलूस में युवाओं से लेकर बुजुर्गों, महिलाओं तक ने हिस्सा लिया। जुलूस में मां लक्ष्मी की भव्य मूर्तियों को सजाए गए टालियो पर रखा गया था और भक्तगण नाचते-गाते हुए इन्हें विसर्जन स्थल तक ले गए। प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे और पुलिस ने यातायात की सुचारु व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मां लक्ष्मी के विसर्जन के साथ ही लक्ष्मी पूजा का समापन हुआ, लेकिन भक्तों ने अगले वर्ष पुनः मां के स्वागत की आशा और उत्साह के साथ विदाई दी।इस धार्मिक आयोजन ने पूरे देश में भक्ति और उत्साह का माहौल बना दिया, जहां मां लक्ष्मी की शक्ति और आशीर्वाद के प्रति लोगों की अटूट श्रद्धा साफ झलक रही थी। यह आयोजन सामाजिक एकता और धार्मिक आस्था को और मजबूत करता है। इस अवसर पर प्रमुख रूप सार्वजनिक लक्ष्मी उत्सव समिति अध्यक्ष धनेश साहू, उपाध्यक्ष आशीष राजपूत, सचिव प्रवीण यदु, कोषाध्यक्ष खिलेश्वर साहू, संचालक चोवा निषाद, राहुल यदु, अजय यदु, हरीश यादव, भानु साहू, फलेंद्र सिंह राजपूत, पुकेश्वर साहू, अरुण साहू, प्रकाश साहू प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# सैगोना में पारंगत गोरी गौरा का किया गया विवाह

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



ग्राम सैगोना में दीपावली की रात में परंपरानुसार लक्ष्मी पूजा के दिन गौरी-गौरा का विवाह पर्व मनाया गया इस मौके पर मिट्टी के बने गौरी-गौरा जिन्हें शिव-पार्वती का प्रतीक माना जाता है गाँव के चौक में स्थापित कर उनकी पूजा-अर्चना की किए, लोक गीत सुआ गीत और सुआ नृत्य से पूरे वातावरण गुंजायमान हो रहा था, विवाह सम्पन्न होने के पश्चात सुबह गोवर्धन पूजा के दिन गौरा गौरी विसर्जन के लिए बाजा गाजा के साथ गली भ्रमण कराया गया जिसे देखने के लिए ग्रामीणों का सैलाब उमड़ पड़ा, कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रमुख रुप से महामाया समिति सैगोना के सदस्य चौव्वन सिंह वर्मा, धुरु सिंह वर्मा, राकेश सिन्हा, रामसाय सिन्हा, शिवरतन निषाद, मनोहर निषाद, दिलीप सिंहा, बीरू वर्मा, परदेशी वर्मा, जितेन्द्र साहू, नोहर निषाद, कोदू बैगा, डमरु निषाद, समाज सेवी डी सी, कुलदीप सिंहा, लिलेश सिंहा व समस्त ग्रामवासी सैगोना का विशेष सहयोग रहा।

# 15 वीं सीनियर वर्ल्ड बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



15 वीं सीनियर वर्ल्ड बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में महेंद्र टेकाम (अंतराष्ट्रीय बॉडी बिल्डिंग निर्णायक) का चयन 15वी सीनियर वर्ल्ड बॉडी बिल्डिंग चैम्पीयनशीप 2024 जो की दिनांक 5 से 11 नवंबर 2024 को मालदीप मे होने जा रही है। इस प्रतियोगिता मे महेंद्र टेकाम निर्णायक की भूमिका निभाएंगे एवं बॉडी बिल्डिंग सहित विभिन्न वर्गों के फिटनेश सहित अन्य केटेगरी में अपने अनुभव के अनुसार खिलाड़ियों का चयन कर मेडल के लिए खिलाड़ियों का चयन करेंगे, पिछले आठ वर्षो से कई राज्य, राष्ट्रीय तथा अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता में महेंद्र टेकाम निर्णायक की भूमिका का निर्वहन कर रहे है और अपने विभाग, जिले, राज्य तथा देश का नाम रौशन कर रहे है, इसके जिले वासियों ने महेंद्र टेकाम को हार्दिक शुभकामनाए प्रेषित किया गया है।

# मातर में माता की शक्ति को जगाया जाता है: ललित चंद्राकर

## झोला व मचांदूर में मनाया गया मातर पर्व

पायनियर संवाददाता ∢ उतई
www.dailypioneer.com





दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम झोला व मचांदूर में मातर बड़े धूमधाम से मनाया गया। इसमें दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। उन्होंने मातर स्थल पहुंचकर भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना कर यादव समाज के लोगों सहित समस्त ग्रामवासी को मातर उत्सव व भाई दूज की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित किया। इस दौरान राउत नाचा की धुन पर यादव समाज व अन्य समाज के लोग जमकर थिरके। साथ ही अखाड़ा का आयोजन किया गया और रात में रंगा रंग छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति हुआ। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने इस बेहतर आयोजन के लिए यादव समाज सहित ग्रामवासी की सराहना किया और इसी तरह सामाजिक एकता को बनाए रखने निवेदन किया। मातर उत्सव पूरे छत्तीसगढ़ में धूमधाम से मनाया जाता हैं। छत्तीसगढ़ के गांवो में मातर, मेला मंडाई छत्तीसगढ़ की परंपरा है। यहां सुरहोती (दीपावली) के अगले दिन गोवर्धन पूजा और उसके बाद के दिन को मातर कहा जाता है। मातर में मा का अर्थ है माता और तर यानी उनकी शक्ति को जगाना। इस पर्व में गाय की पूजा की जाती है। छत्तीसगढ़ में यह पर्व मुख्य रूप से यादव (राउत, ठेठवार, पहटिया) समाज के लोगो के द्वारा मनाया जाता है, परंतु अन्य समाज के लोग भी इसमे शामिल होते है। यादव समुदाय के लोग घर-घर जिनके घरों में गोवंश पाले जाते है जा कर दोहा, नाचा करते है।और सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हैं।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से मनीष बेलचंदन, गुलाब बेलचंदन, चंद्र प्रकाश बेलचंदन, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुकेश बेलचंदन दुखित बेलचंदन, अश्वनी देशमुख, पुकेश बेलचंदन, परशु पटेल, भगत यादव, वीरेन्द्र अमृत, गोपी देशमुख, परस राम दुलार अमृत, प्रवीण यदु, फलेंद्र राजपूत सोनू राजपूत, नवाब खान, योगेश पटेल, धनराज साहू, जस, लोक, बैसाखू राम साहू, दयालु यादव, प्रीत यादव, तोरण साहू, युवराज सिंह साहू, राधेश्याम बेस, गजेन्द्र साहू सरपंच, लेखन साहू जनपद सदस्य सहित बड़ी संख्या यादव समाज के लोग व ग्रामवासी उपस्थित थे।

# सनातन धर्म का चलता फिरता मंदिर है गौ माता : स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महराज

### सालधा शिव गंगा आश्रम में हुआ मानस का महासंगम

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



शिव धाम सलधा जहां विश्वप्रसिद्ध सवा लाख ज्योतिर्लिंग की स्थापना होने जा रहे है जिसका मंदिर निर्माणाधीन है। प्रतिवर्ष की भांति कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी को परमाराध्य परमधर्माधीश अनन्त विभूषित उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगतगुरू शंकराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानंदः सरस्वती महाराज, कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी 30 अक्टूबर को सपाद लक्षेश्वर धाम सलधा जिला बेमेतरा पहुंचे। जहां एक दिवसीय दीपावली एवं मानस महामहोत्सव के साथ अपने विविध कलाओं के द्वारा छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित करने वाले विशिष्ट अतिथियों का सम्मान किया गया स्वामी ने अपने कथा व्यास के माध्यम से आशीर्वाद वचन में सभी को भाव विभोर कर दिया कहा कि गौ माता मे 33 करोड देवी देवता का निवास है गौ सेवा ही असली राष्ट्र सेवा होगा कहा कि भाइयो-बहनों मेरा यह कहना है भाई बहन वे ही होते है जो एक मा बाप की संतान होते है लेकिन हम सबके माता पिता तो अलग है। हम भाई और बहन तभी बन सकते है जब हमारी माता एक हो तो वह कैसे संभव है वह संभव है जब हमारी माता गौ माता हो। स्वामी ज्योतिर्मयानंदः सरस्वती सपाद लक्षेश्वर धाम सलधा के नेतृत्व में हुए आयोजन में जिला मानस संघ बेमेतरा ने प्रमुख भूमिका निभाई संघ के अध्यक्ष देवलाल सिन्हा ने आश्रम एवं संघ की ओर से सभी का आभार प्रकट किया जिसमें अनेक नामचीन बालीवुड स्टार एवं राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय कलाकार पंडवानी पहुंचे सुनील सोनी आरू साहू कंचन जोशी के साथ पूरी टीम पहुंची। विराट आयोजन में धार्मिक सामाजिक साहित्यिक एवं मानस से जुड़े विभिन्न संगठनों सहित पदाधिकारियों पहुंचे।

# पुलिस को मिली सफलता, पुलिस की सक्रियता से हिस्ट्री सीटर सुपारी किलर को किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



थाना मालखरौदा जिला सक्ति में ग्राम अण्डी में बुजुर्ग के हत्या कर शव को जलाने वाला शातिर सुपारी किलर आरोपी गिरफ्तार हुआ है,थाना तमनार जिला रायगढ के डबल मर्डर के भी प्रकरण में भी यह फरार चल रहा था, एवं थाना डभरा में डबल मर्डर मामले में भी यह जेल जा चुका है,चौकी फगुरम क्षेत्र का यह हिस्ट्री शीटर बदमाश निवासी है, इस पर अलग-अलग थानों मे दर्जनों प्रकरण दर्ज है, तथा यह डभरा, रायगढ़ तथा कोरबा क्षेत्र में आपराधिक मामलों में सक्रिय था, साथ ही पुनः अपराध घटित करने की फिराक में यह आरोपी अंततः पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। उक्त आरोपी नंद कुमार लहरे उर्फ नदु पिता स्व. मोहित राम लहरे उम्र 38 वर्ष साकिन बरतुगा चौकी फगुरम थाना डभरा जिला सक्ती (छ0ग0) है,जिसके विरुद्ध अपराध क्रमांक – 98/2024 धारा – 302 201,120 (बी), 34 भादवि दर्ज है, 29.02.2024 को रात्रि में ग्राम अण्डी में मामले के मृतक भरत लाल भारद्वाज पिता स्व0 साध राम भारद्वाज उम्र 67 वर्ष साकनि अण्डी का ग्राम अण्डी में ही मृतक का जोगी तालाब किनारे उसके मकान में किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उसके सिर चेहरे में चोट पहुंचाकर उसका हत्या कर दिया गया था जिस पर से थाना मालखरौदा में अपराध क्रमांक 98/2024 धारा 302,201 भादवि का अपराध पॅजीबद्ध विवेचना की जा रही थी विवेचना के दौरान मामले में संदेही ग्राम अण्डी के सरपंच पति विजय कुमार भारद्वाज पिता स्व. तिहारू राम भारद्वाज उम्र उम्र 38 वर्ष साकिन अण्डी से पूछताछ पर बताया गया कि मामले का मृतक भरत लाल भारद्वाज से जमीन सबंधी विवाद होना उसी बात पर मृतक के द्वारा पूर्व में उसके साथ लडाई-झगडा होना उसी बात को लेकर भरत लाल का हत्या करने के लिये चौकी फगुरम क्षेत्र का गुण्डा बदमाश नंद कुमार लहरे तथा हिमाँशु खुटे निवासी जमगहन को 1,50,000-/ में सुपारी देना तब दिनॉक 29.02. 2024 को रात्रि में मृतक भरत लाल को नंदु लहरे तथा हिमाशु खुटे के द्वारा उसके मकान में जाकर हत्या कर पेट्रोल से उसका शव को जला देना बताने से मामले में आरापी विजय कुमार भारद्वाज निवासी अण्डी तथा आरोपी हिमाशु खुटे निवासी जमगहन को 06.03. 2024 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया था। मामले में मुख्य आरोपी नद कुमार लहरे उर्फनंदु पिता स्व. मोहित राम लहरे उम्र 38 वर्ष साकिन बरतुंगा जो कि चौकी फगुरम क्षेत्र का गुण्डा बदमाश (हिस्ट्री शिटर) है जो कि थाना तमनार जिला रायगढ के डबल मर्डर मामले में भी फरार था तथा जिसके विरूद्ध डभरा, फगुरम व रायगढ़ में अनेकों अपराधिक प्रकरण दर्ज है, जो शातिर किस्म का आरोपी है वह इस मामले में भी फरार था जिसके पता साजी हेतु पुलिस अधीक्षक सक्ती अंकिता शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सक्ती रमा पटेल एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सक्ती मनीष कुंवर के दिशा निर्देश पर लगातार पतासाजी किया जा रहा था जिसका पता तलाश हेतु अलग-अलग टीम बनाकर अलग-अलग राज्यों में टीम खाना कर पतासाजी किया जा रहा था, कि 02.11.2024 को जरिये मुखबीर से सूचना मिली कि आरोपी नंद कुमार लहरे पुनः किसी अपराधिक घटना को अंजाम देने चौकी फगुरम क्षेत्र में दिखाई दिया है कि सूचना थाना मालखरौदा से टीम बनाकर आरोपी के संभावित ठिकानो पर दबिश देने पर आरोपी का घेरा बदी कर आरोपी को पुलिस हिरासत में लिया गया जिसे थाना लाकर पूछताछ करने पर उक्त आरोपी के द्वारा उक्त घटना को घटित करना स्वीकार किया तथा हत्या करने के एवज में आरोपी विजय कुमार भारद्वाज से 1,50,000- / रूपये प्राप्त करना स्वीकार किया जिसके निशानदेही पर मामले के मृतक का हत्या करने में प्रयुक्त हथियार पत्थर को जप्त कर आरोपी को 02.11.2024 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

# दीपावली पर्व पर पोरथा गांव में हुआ गौरा गौरी पूजा उत्सव का आयोजन

## खेदु बैगा चौक में दशकों से चली आ रही है उत्सव की परंपरा

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com





नवगठित सक्ती जिले के शक्ति विकासखंड की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत पोरथा में दीपावली पर्व पर विगत कई दशकों से निरंतर गौरा-गौरी पूजन का कार्यक्रम किया जा रहा है, तथा इसी श्रृंखला में ग्राम-पोरथा के खेदू बैगा चौक में वर्षों से दिवाली के दिन ही यह आयोजन किया जाता है।

गौरा- गौरी पूजा उत्सव मैं जहां लोग पूरी आस्था के साथ शामिल होते हैं तो वहीं शक्ति शहर के प्रतिष्ठित राठौर प्रिंटिंग प्रेस के संचालक पोरथा निवासी हेतराम राठौर द्वारा ग्राम बैगा समुदाय और खेदू बैगा चौक वासियों के सहयोग से सालों से निरंतर दिवाली के दिन यह आयोजन किया जा रहा है,गौरा- गौरी पूजा विगत कई वर्षो से बरतराम साहू परिवार इस उत्सव प्रथा को ग्राम बैगा परिवार तथा मोहल्ला वासियों के सहयोग से निभाते चल रहे है,यह आयोजन नरक चतुर्दशी के दिन होता है, फूल कुटनी रस्म जिसमें 21 प्रकार के फूलों से होती है, पूजा की शुरुआत अगली दिवाली की सुबह चूल माटी के लिए बाजे-गाजे के साथ जाते है, मोहल्लेवासी दिवाली की रात निकाली जाती है, शिव भगवान की बारात एक गांव के एक मोहल्ले से दूसरे मुहल्ले तक जाती है,बारात जहां गौरी माता के साथ शिव गौरा की मूर्तियों का होता है, विवाह गोवर्धन पूजा के दिन शिव गौरा-गौरी रानी, शीत बाबा की मूर्तियों का होता है, सार्वजनिक पूजा जिसके बाद गोवर्धन पूजा के दिन दोपहर को होता है मूर्तियों का विसर्जन वर्षो से दिवाली के दिन चली आ रही इस प्रथा को निभाते आ रहे है। पोरथा के राठौर प्रिंटिंग प्रेस संचालक पोरथा निवासी हेतराम राठौर अब उनके पुत्र एवं पुत्र वधू डॉ रोशन सिंह राठौर- रीमा राठौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शक्ति के ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. सूरज सिंह राठौर - डॉ कल्पना राठौर इस प्रथा में देते है अपना पूरा सहयोग, मुहल्ले में रहता हैं शिव भक्ति का माहौल इस वर्ष अभी इस पूरे आयोजन को लेकर जहां पोरथा का हेतराम राठौर परिवार एवं पूरे ग्रामवासी पूरे उत्साह एवं आस्था के साथ इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे रहे, तो वहीं इस संबंध में हेतराम राठौर परिवार के सदस्य डॉक्टर सूरज सिंह राठौर ने बताया कि यह परंपरा दशकों से चली आ रही है,एवं दीपावली पर्व पर यह एक बड़ी आस्था का परंपरागत पर्व है, जिसे विधि-विधान पूर्वक संपन्न कराया जाता है।

# सक्ती में होने वाले तीन दिवसीय निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर को लेकर तैयारियां जोरों से

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com




मारवाड़ी युवा मंच की शक्ति शाखा द्वारा 11, 12 एवं 13 नवंबर 2024 को शक्ति शहर के हटरी चौक में स्थित हटरी धर्मशाला में तीन दिवसीय निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण विशाल शिविर का आयोजन स्वर्गीय सेठ मांगेराम अग्रवाल की पुण्य स्मृति में किया है, तथा इस शिविर में श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सहयोग से विकलांगों को कृत्रिम अंग प्रत्यारोपित किए जाएंगे तो वही शिविर के इस आयोजन को लेकर अग्रिम पंजीयन की प्रक्रिया भी चल रही है. जिसमें कृत्रिम हाथ हेतु मारवाड़ी युवा मंच शक्ति शाखा के हरिओम अग्रवाल, कृत्रिम पैर हेतु शक्ति शाखा के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल साइ कंप्यूटर, कैलीपर्स हेतु सुमित शर्मा,वैशाखी हेतु राजीव अग्रवाल आर के एवम मनीष कथूरिया तथा कान की मशीन हेतु मुकेश बंसल एवं राजकुमार अग्रवाल राजू से संपर्क किया जा सकता है, उपरोक्त जानकारी देते हुए मारवाड़ी युवा मंच शक्ति शाखा के सदस्यों ने बताया कि तीन दिवसीय शिविर को लेकर व्यापक रूप से शक्ति जिले सहित पूरे प्रदेश में इसका प्रचार प्रसार किया जा रहा है, तथा स्वर्गीय सेठ मांगेराम अग्रवाल की स्मृति में यह पूरा कार्यक्रम आयोजित है, तथा मारवाड़ी युवा मंच शक्ति शाखा के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल राजू के पूज्य पिता स्वर्गीय सेठ मांगेराम अग्रवाल की स्मृति में आयोजित इस कार्यक्रम में जहां आगंतुक लोगों को बेहतर कृत्रिम अंग प्रत्यारोपित किया जा सके इस दिशा में पूरी आयोजन समिति भी गठित की गई है।

एवं मारवाड़ी युवा मंच शक्ति शाखा के सभी पदाधिकारी तथा सदस्य इस कार्यक्रम को सफ्ल बनाने में जुटे हुए हैं,तथा आयोजक संस्था ने 11 नवंबर से पूर्व सभी विकलांग बंधुओ को उपरोक्त कृत्रिम अंग प्रत्यारोपित करने के लिए अपना अग्रिम पंजीयन करवा लेने की अपील की है।

# राज्योत्सव के कार्यक्रम को सफल बनाने में जिले के सभी विभागों के अधिकारी- कर्मचारी जुटे

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



नवगठित जिला मुख्यालय शक्ति के कलेक्ट्रेट कार्यालय मैदान जेठा में आज मंगलवार को राज्य उत्सव 2024 का कार्यक्रम आयोजित किया गया है, उपरोक्त कार्यक्रम का आयोजन शक्ति जिले के आईएएस कलेक्टर अमृत विकास टोपनो के मार्गदर्शन में किया गया है, जिसमें राज्योत्सव के कार्यक्रम को सफल बनाने में जिले के सभी विभागों के अधिकारी- कर्मचारी जुटे हुए हैं, तो वहीं कलेक्ट्रेट कार्यालय मैदान में भी आकर्षक भव्य पंडाल का निर्माण किया गया है एवं इस कार्यक्रम के दौरान जहां लोक कलाकारों एवं स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी तो वहीं विभिन्न सरकारी विभागों की प्रदर्शनी का भी आयोजन इस राज्योत्सव कार्यक्रम स्थल पर किया जाएगा। तथा दोपहर 3:00 से प्रारंभ होने वाले इस राज्य स्थापना दिवस के कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जांजगीर चांपा लोकसभा क्षेत्र की सांसद कमलेश जांगड़े होगी एवं कार्यक्रम में विशिष्ट तिथि के रूप में छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत, चंद्रपुर के विधायक रामकुमार यादव, जैजैपुर के विधायक बालेश्वर साहू, जिला पंचायत जांजगीर चाम्पा की अध्यक्ष यनिता यशवंत चंद्रा,नगर पालिका शक्ति की अध्यक्ष सुषमा दादू जायसवाल, नगर पंचायत अड़भार की अध्यक्ष दिशु बनियाराम रात्रे, नगर पंचायत जैजैपुर के अध्यक्ष सोनसाय देवांगन, नगर पंचायत डभरा के अध्यक्ष प्रीतम अग्रवाल, नगर पंचायत चंद्रपुर के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, नगर पंचायत बाराद्वार की अध्यक्ष रेशमा विजय सूर्यवंशी, जनपद पंचायत शक्ति के अध्यक्ष राजेश राठौर, जनपद पंचायत जैजैपुर की अध्यक्ष रोशनी कुलदीप, जनपद पंचायत मालखरौदा की अध्यक्ष लकेश्वरी देव् लहरे,जनपद पंचायत डभरा की अध्यक्ष पत्रिका दयाल सोनी प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे, शक्ति जिले के कलेक्टर अमृत विकास टोपनो ने समस्त जिले वासियों से राज्य स्थापना दिवस इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

# कार का कांच तोड़कर 1 लाख रूपये की चोरी, पीडित ने थाने में लिखाई रिपोर्ट

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिले के लैलूंगा क्षेत्र में दुकान के सामने खडी कार का कांच तोड़कर 1 लाख रूपये की नगदी रकम चोरी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम चिराईखार का रहने वाला मनेश पैंकरा 36 साल खेती किसानी का काम करता है। 30 अक्टूबर को मनेश अपनी वेगानार कार से लैलूंगा एसबीआई बैंक पहुंचा। जहां दीपावाली पर्व की खरीददारी के लिए उसने बैंक से 1 लाख रूपए निकाले और कार के डिक्की में उसे रखकर नीरज प्रोविजन स्टोर पहुंचा। कार को बाहर खड़ीकर कुछ सामान लेने के लिए भीतर गया और कुछ देर बाद बाहर आया, तो उसने देखा कि कार के बाएं साईड के कांच को किसी अज्ञात चोर ने तोड़कर डिक्की में रखे 1 लाख रूपए को लेकर फरार हो गया है। घटना के बाद उसने आसपास पूछताछ किया, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। ऐसे में वह मामले में पता कर ही रहा था, लेकिन रविवार तक उसका कोई पता नहीं चलने पर उसने लैलूंगा थाना पहुंचकर मामले में रिपोर्ट लिखाया। जहां पुलिस ने मामले में अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध कायम कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

**खंगाले जा रहे सीसीटीवी फुटेज-** इस संबंध में लैलूंगा थाना प्रभारी राजेश कुमार जांगड़े ने बताया कि आज पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराया है। मामले में आसपास के सीसीटीवी फुटेज देखा जा रहा है। ताकि जल्द से जल्द आरोपी को गिरफ्तार किया जा सके। पुलिस आगे की जांच कर रही है।

# धर्मातरण को लेकर मिट्ठुमुडा में हुआ बवाल, पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर भेजा जेल





पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिला मुख्यालय में धर्मातरण का एक और मामला सामने आया है। हिंदु संगठन के सदस्यों की शिकायत के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आधे दर्जन से भी अधिक लोगों को पकड़कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मिली जानकारी के मुताबिक जूटमिल क्षेत्र में अंतर्गत आने वाले मिट्ठुमुडा मोहल्ले के स्थित संतोष चैहान के मकान में सुबह प्रार्थना सभा की जानकारी हिंदु संगठन के पदाधिकारियों को लगी तब वे अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और फिर नारेबाजी करते हुए पुलिस का इस मामले से अवगत कराया।

मौके पर पहुंची पुलिस ने सात लोगों को हिरासत में लेने के साथ-साथ कुछ सामानों को जब्त कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

हिंदु संगठन के नेता व एबीवीपी के पदाधिकारी अंशु टूटेजा ने बताया कि बीते कई महीनों से हमे सूचना मिल रही कि यहां प्रार्थना के बहाने धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था। इस सूचना पर उनके द्वारा लगातार रेकी की जा रही थी। इसी बीच सुबह जानकारी मिली कि मिट्ठुमुडा के संतोष चैहान के मकान में भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित होकर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। उनकी टीम जब यहां पहुंची तब उन्होंने सुना कि सडक तक आवाज आ रही थी और लोगों को प्रभु ऐश के ताकतों के बारे में बताया जा रहा था। इतना ही नही उनके द्वारा लोगों से यह भी कहा जा रहा था कि हिंदु देवी देवताओं में अब ताकत नही बची है आप लोग हमारे साथ जुड़िये आप सभी के दुख तकलीफ दूर होगी।

अंशु टूटेजा ने बताया कि इसके बाद उन्होंने इस मामले की जानकारी पुलिस को दी और जब वे अंदर पहुंचे तो वहां मौजूद महिलाओं ने कहा कि वे बस चार लोग है जब वे अंदर पहुंचे तो देखा कि 15 से 20 महिलाएं प्रार्थना कर रही थी। काफी तादाद में वहां से सामान बरामद किया गया है। हम चाहते हैं जो भी धर्मातरण करवाता है उसके खिलाफ सख्स से सख्त कार्रवाई हो। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम ने बताया कि जांच के लिये मिट्ठमुडा पुलिस टीम पहुंची है। जांच के बाद ही वैधानिक कार्रवाई की जा जाएगी। कमरे के अंदर 10 से 15 लोग मौजूद थे। इस मामले में संतोष सिंह चैहान उसकी पत्नी सुषमा सिंह चैहान, बहु दयामती सिंह चैहान, बेटी तृप्ति सिंह चैहान को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# झाडियों में मिली अज्ञात शख्स की सड़ी गली लाश, ग्रामीणों ने कहा हत्या कर शव फेंका गया

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ जिले में सड़क किनारे झाड़ियों में एक अज्ञात शख्स की नग्न अवस्था में सड़ी गली लाश मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजते हुए पूरे मामले को जांच में ले लिया है। मिली जानकारी के अनुसार घरघोड़ा-तमनार मार्ग में रविवार की दोपहर घरघोड़ा नगर पंचायत के वार्ड नं. 8 नवापारा में एक अज्ञात शख्स की नग्न अवस्था में लाश मिलने से मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। गांव के ग्रामीणों ने बताया कि मृतक की लाश 5 से 6 दिन पुरानी है और शव से दुर्गध आने की वजह से आज मृतक का शव मिला है और उनके अनुसार हत्या की आशंका जताई जा रही है। गांव के ग्रामीणों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची घरघोड़ा पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजते हुए मौके पर मिले सबूतों को इकट्ठा कर आगे की जांच में जुट गई है।

### हत्या कर शव फेंकने की आशंका

बताया जा रहा है कि मृतक के शव के पास से पुलिस को प्रारंभिक जांच में लल्लू सिंह पिता संजय सिंह, निवासी ग्राम चिनिया पोस्ट चिनिया गढवा झारखण्ड के नाम का आधार कार्ड एवं लल्लू सिंह के नाम से फिनो बैंक का एटीएम कार्ड मिला है। स्थानीय लोगों के अनुसार हत्या कर शव को यहां फेकने की आशंका जताई जा रही है।

### पीएम रिपोर्ट में होगा खुलासा

इस संबंध में घरघोड़ा थाना प्रभारी रामकिंकर ने बताया कि घरघोड़ा नवापारा वार्ड नं. 8 में अज्ञात शख्स की लाश मिलने की सूचना मिली थी जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची है। मृतक के पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही उसकी मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

## जानकारी नहीं मिलने से खातादार परेशान

# ग्रामीण बैंक बिर्रा का प्रिंटर महीनों से खराब

पायनियर संवाददाता जैजैपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक शाखा बिर्रा के खाताधारकों को आयेदिन तरह-तरह के समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस बैंक में जब से नए शाखा प्रबंधक आएं हैं तब से लचर व्यवस्था एवं शाखा प्रबंधक के रवैया से खाताधारक परेशान हैं।वहीं पिछले कई महीने से प्रिंटर खराब है। इसके बावजूद हमेशा लिंक फेल होने का बोर्ड लगाकर कैशियर बस स्टैंड तरफ घूमते फिरते नजर आते हैं। जिसके कारण खाता धारकों को बेवजह परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कुल मिलाकर छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक शाखा बिर्रा में खाताधारकों को अपने खाते की जानकारी नहीं मिल पा रही है। गौरतलब है कि जांजगीर चांपा जिला के जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत आने वाले सबसे बड़े ग्राम पंचायत बिर्रा में स्थित छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के नये शाखा प्रबंधक जब से इस बैंक में आए हैं तब से उनके लचर व्यवस्था और उदासीनता एवं निम्न रवैया के कार्य प्रणाली के कारण कई महीनो से प्रिंटर खराब है। इसके बावजूद हमेशा बैंक में लिंक फेल होने की बोर्ड लगाकर कर बस स्टैंड के आसपास घूमते फिरते नजर आते हैं। जिसके कारण छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक शाखा बिर्रा के तकरीबन 10000 खाता धारकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खाता धारकों से मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक शाखा बिर्रा के खाताधारकों को आये दिन कभी सर्वर के नाम से तो कभी कैश और इसके बावजूद खाता को प्रिंट कराने में भारी परेशानी होती है। यहां प्रबंधक के लचर रवैया से खाताधारकों को काफी परेशान किया जा रहा है। वहीं पिछले कई महीने से प्रिंटर खराब होने से खाताधारकों को खाता बिना प्रिंट किये ही लौटना पड़ रहा है। वहीं नया खाता खुलवाने वाले खाताधारक को खाता नहीं मिल पा रहा है। जिससे खासे परेशान हैं। वहीं बैंक प्रबंधक का रवैया लचर व्यवस्था नजर आ रहा है। प्रिंटर को आजकल में सुधार करा लिया जायेगा कहकर लोगों को बेवजह घुमाया जा रहा है। सबसे ज्यादा स्कूली बच्चे और महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना में काम करने वाले मजदूरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं प्रिंटर खराब होने से नए खाता खुलवाने वालों को भी पासबुक का वितरण न कर कोरे कागज में खाता नंबर लिखकर दिया जा रहा है। बैंक शाखा में प्रिंटर खराब होने से पासबुक नहीं मिल पा रहा है। इससे स्कूली बच्चों को भी परेशान होना पड़ रहा है। लोग दूर दराज गांवों से एंट्री कराने छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक शाखा बिर्रा में आते हैं। लेकिन बैंक पहुंचने पर उन्हें प्रिंटर खराब होने की जानकारी मिलती है। इसके चलते उन्हें मायूस लौटना पड़ता है। तो वहीं इस संबंध में बैक मैनेजर का कहना है कि ऊपर आधिकारियों को अवगत कराया गया है वहां से टेक्नीशियन आने पर सुधार किया जायेगा।

बहरहाल कारण चाहे जो भी हो लेकिन छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक शाखा बिर्रा में खाता धारकों को पिछले कई महीनो से प्रिंटर खराब होने और हमेशा लिंक फेल होने के कारण बेवजह परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खाता धारकों ने जिले के मुख्या कलेक्टर से उचित व्यवस्था कराने की मांग करते हुए शाखा प्रबंधक को यहां से अन्यत्र हटाने की मांग भी किए हैं।

# 5 नवम्बर को राज्योत्सव, सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सजेगी शाम

## लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया होंगे मुख्य अतिथि

- शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में होगा आयोजन

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस समारोह का जिला स्तरीय आयोजन 5 नवम्बर को संध्या 5.30 बजे से शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम, रायगढ़ में होगा। राज्योत्सव समारोह के मुख्य अतिथि लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया होंगे। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा शासन की योजनाओं के संबंध में प्रदर्शनी लगाई जाएगी व सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस समारोह के शुभारंभ के अवसर पर 5 नवम्बर को संध्या 6.30 बजे से शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम, रायगढ़ में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसमें गीतिका वैष्णव एवं साथी कलाकार गणेश वंदना एवं राज्यगीत की प्रस्तुति देंगे। तत्पश्चात स्नेहा परिमिता स्वाईन एवं साथी (शरद वैष्णव) द्वारा कथक शिव वंदना-अर्द्धनारीश्वर एवं ओ.पी.जिंदल स्कूल तराईमाल करमा लोक नृत्य पर प्रस्तुति देंगे। इसी तरह पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय तमनार द्वारा संबलपुरी लोक नृत्य, सेन्ट टेरेसा स्कूल रायगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य, साधुराम विद्या मंदिर रायगढ़ द्वारा भरतनाट्यम वाराह अवतार, सरदार वल्लभभाई पटेल शास.उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम रायगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य, सेन्ट जेवियर स्कूल रायगढ़-लावणी, मराठी लोक नृत्य पर प्रस्तुति देंगे।

# धान खरीदी की तैयारियां... इलेक्ट्रॉनिक तराजू से होगी तौल, ऑनलाईन टोकन मिलेगा

## कलेक्टर ने ली धान खरीदी से संबंधित अधिकारियों की बैठक

पायनियर संवाददाता < मोहला
www.dailypioneer.com

कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने धान खरीदी से संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में धान खरीदी की तैयारी की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी किसानों से पंजीकृत रकबा के अनुसार धान खरीदी करें।

उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि सभी धान खरीदी केंद्रों में सभी आवश्यक व्यवस्था प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करें। किसी भी धान खरीदी केंद्र में किसान को अव्यवस्थाओं से न जूझना पड़े। इस पर विशेष ध्यान रखने कहा गया है। कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में जिले में पंजीकृत किसानों की संख्या, पंजीकृत रकबा की जानकारी ली। इसके साथ ही इस वर्ष धान खरीदी के निर्धारित लक्ष्य की जानकारी ली गई। उन्होंने बैठक में वन अधिकार पट्टा के अंतर्गत पंजीकृत किसानों की सूची का मिलान वन विभाग से करने कहा है। धान खरीदी हेतु सभी समिति का सत्यापन करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने सभी धान खरीदी केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में बारदानों की उपलब्धता, धान बेचने आने वाले किसानों के लिए छाया हेतु शेड की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा है।





### धान की नमी पर नज़र रखें

उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि धान खरीदी के दौरान धान में नमी का नाप अवश्य किया जाए। धान खरीदी केंद्रों में धान की तौल इलेक्ट्रॉनिक मशीन के माध्यम से करने के निर्देश दिए गए हैं। विशेष परिस्थिति में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की अनुमति से तराजू से तौल करने कहा गया है। खरीदे गए धान का संग्रहण के लिए पर्याप्त मात्रा में धान संग्रहण केंद्र की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए गए हैं। धान खरीदी के दौरान किसी प्रकार की गड़बड़ी ना हो यह प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में जिला खाद्य अधिकारी, उप संचालक कृषि विभाग, जिला प्रबंधक मार्कफेड, जिला प्रबंधक नान, सहायक पंजीयक सहकारी संस्था, नोडल अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, नोडल अधिकारी कृषि एवं खाद्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# उदितमुनि नाम साहेब पर हमला निंदनीय-कबीरमंच

## दामाखेड़ा कबीर आश्रम की घटना से अनुयायी आक्रोशित




पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

बलौदाबाजार जिले के कबीरधर्म नगरी दामाखेड़ा की घटना को लेकर कबीर मंच ने आक्रोश व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि दामाखेड़ा में दीपावली की रात असामाजिक तत्वों द्वारा आचार्य हुजूर प्रकाश मुनि नाम साहेब कबीर आश्रम में किए गए हमले व नवोदित वंशाचार्य उदित मुनि नाम साहेब को धमकी देने तथा आश्रम में बम फेके जाने की घटना की खबर सर्वविदित है। कबीर धर्मनगरी दामाखेड़ा की घटना को लेकर जिला कबीर विचार मंच राजनांदगांव के अध्यक्ष डॉ नीरेंद्र साहू ने कड़ी निंदा करते हुए घटना को दुखद एवं दुर्भाग्यपुर्ण निरूपित किया है। कबीर पंथ हमेशा से शांतिप्रिय एवं सरल स्वभाव वाला पंथ रहा है, हमेशा से सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलकर लोगो को भी शिक्षा देते आए है, किंतु किसी पंथ पर ऐसी हिंसात्मक घटना से वे स्तब्ध है। उन्होंने कहा कि इस तरह की अप्रिय एवं अमानवीय घटना कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मामले को लेकर सभी कबीर पंथ के आचार्य एवं साधु संत एक है, एवं प्रशासन से अपील है कि अपराधियों पर जल्द से जल्द कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित हो। जिला अध्यक्ष डॉ साहू ने दामाखेड़ा के प्रमुखों से चर्चा कर जिले एवं प्रदेश के कबीरपंथ अनुयायियों में दामाखेड़ा की घटना को लेकर व्याप्त आक्रोश से अवगत कराया है। जिला कबीर विचार मंच की बैठक में अध्यक्ष डॉ नीरेंद्र साहू, केपी साहू, रामप्रकाश साहू, सुरेंद्र साहू, केवल राम साहू, खेलन साहू, बोधन साहू, प्रेमदास साहू, भोलादास कंवर, लोकेश साहू, रामाधीन साहू, दौवादास साहू, बिजेदास,गंगा दास, डोमन दास, हेमनाथ दास, के पी साहू सहित जिला कबीर विचार मंच के सदस्यगण उपस्थित थे।

# सोनिया उप निरीक्षक के लिए चयनित

पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com



ब्लाक मुख्यालय से महज 9 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम बखरूटोला के कृषक एवं ग्राम पंचायत जोब के सचिव जगन्नाथ साहू की सुपुत्री सोनिया साहू का चयन पुलिस उप निरीक्षक (एसआई) के पद पर हुआ है। सोनिया/जगन्नाथ साहू के इस सफलता व गौरवमयी उपलब्धि पर ग्राम व पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। एसआई सोनिया साहू ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिजनों व गुरुजनो, शुभचिंतकों और इष्ट मित्रों को दिया है। वे एसआई के अलावा अभी पीएससी की तैयारी कर रही है तथा लक्ष्य प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण करके राज्य प्रशासनिक सेवा का अफसर बनना है।

# संगठन चुनाव को लेकर कल जिला भाजपा की कार्यशाला

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के संगठन चुनाव की प्रक्रिया धीरे-धीरे प्रारंभ हो रही है, संगठन चुनाव के साथ साथ सदस्यता अभियान भी 15 नवंबर तक बढ़ा दिया गया है। संगठन चुनाव सक्रिय सदस्यता अभियान व प्राथमिक सदस्यता अभियान पूरे जिले में एक साथ चल रहा है, इसी तारतम्य में संगठन चुनाव को लेकर जिला भाजपा की एक महत्वपूर्ण कार्यशाला कल दिनांक 05 नवंबर को दोपहर 01 बजे जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित की गई है, जिसमें प्रदेश भाजपा के महामंत्री संजय श्रीवास्तव का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। जिले के अध्यक्ष रमेश पटेल व महामंत्री तथा जिला संगठन चुनाव के सह प्रभारी राजेन्द्र गोलछा ने बताया कि इस बैठक में अपेक्षित लोगों को ही प्रवेश दिया जायेगा जिसमें जिला चुनाव अधिकारी व उनकी टीम, जिला पदाधिकारी, जिला के मोर्चा अध्यक्ष, प्रदेश भाजपा के पदाधिकारी, प्रदेश भाजपा के कार्यसमिति सदस्य, सांसद-विधायक, जिला पंचायत, जनपद पंचायत, नगर निगम, नगर पालिका व नगर पंचायत के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष साथ ही मंडल अध्यक्ष व महामंत्री, मंडल प्रभारी, मंडल के सक्रिय सदस्यता संयोजक, मंडल चुनाव अधिकारी व उनके सहयोगी ही इस कार्यशाला में भाग ले सकेंगे।

# छठ पर्व की तैयारियां.. तालाबों के आस पास साफ-सफाई के निर्देश

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

छठ पर्व को ध्यान में रखते हुये निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा को शहर में साफ सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने, के साथ साथ मोती तालाब व चिखली तालाब के अलावा अन्य तालाबों के आस पास साफ सफाई कराने, दवा का छिडकाव करने के निर्देश दिये।

आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने कहा कि दीपावली त्योहार में शहर के आंतरिक व बाह्य क्षेत्रों सहित बाजार व शहर के प्रमुख मार्गो में भीड की स्थिति निर्मित हो गयी थी और विभिन्न समानों की खरीदी बिक्री के कारण शहर में कचरा फैल गया था, जिसे ध्यान में रखते हुये शहर में साफ सफाई व्यवस्था दुरूस्त करे, नाली से कचरा निकालने के उपरांत कचरा तुरंत उठावे, दवाई एवं चुना का छिडकाव करे। मच्छर के बढ़ते प्रकोप को देखते हुये वार्डो में फागिंग करें। दुकानदारों व पसरा वालों को गंदगी न फैलाने कचरा वाहन में डालने, डस्टबीन का उपयोग करने समझाईस देवे। उन्होंने कहा कि छठ पर्व के पूर्व हुये, मोती तालाब, चिखली तालाब सहित अन्य तालाबों के आस पास साफ सफाई कर कटिली झाडिया कटावे एवं दवाई का छिडकाव कर चुना लाईन खीचे।

आयुक्त विश्वकर्मा ने नागरिकों से अपील करते हुये कहा कि अपने घर की साफ सफाई के अलावा घरों के आस पास भी साफ सफाई रखे। कचरा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण गाडी में ही डाले। मौसमी बीमारी डेंगू मलेरिया से बचने सावधानी बरते।

# हमलावरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो : हारुन

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



कबीर साहेब के धर्म स्थली एवं कबीरपंथ के सोलहवें वंश प्रतापाचार्य पंथ उदितमुनि नाम साहब की पर सुनियोजित तरीके से किया गया हमला निंदनीय है। राजनांदगांव जिले के युवा कबीर पंथी हारुन मानिकपुरी ने कहा की दामाखेड़ा की धरती कबीर पंथ के आदर्शो के लिए जाना जाता है,जो पूरे देश विदेश के आस्था का केंद्र है। शांति के पथ प्रदर्शक सन्त कबीर साहब जी के आश्रम में ये हमला सोची समझी साजिश लग रही है। पूर्व में बलौदा बाजार जिले में ही एक समाज के आड़ में राजनीतिक रोटी सेंकने वाले लोगों ने समाज को उकसा कर समाज के भोले-भाले लोगों को कानून हाथ में लेने मजबूर कर दिया। आज परिणाम स्वरूप सैकड़ों लोगों जेल की हवा खानी पड़ रहा है। हारुन मानिकपुरी ने सरकार को आगाह करते हुए कहा है कि किसी सुनियोजित साजिश को ध्यान में रखते हुए अहिंसा के रास्ते पर चलने वाले कबीर पंथियों के भावनाओं को समझते हुए, दामाखेड़ा कबीर आश्रम एवं कबीर पंथ के सोलहवें वंश प्रतापाचार्य पंथ उदितमुनि नाम साहब पर हमला करने वाले वाले दोषियों पर अविलंब कड़ी से कड़ी कार्यवाही किया जाए।

# राज्योत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि में किया गया संशोधन

**मोहला।** राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 5 नवंबर को जिला मुख्यालय मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय दशहरा मैदान बस स्टैंड मोहला में आयोजित किया जाएगा। जिला स्तर पर आयोजित राज्योत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर होंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार विधायक चंद्राकर सुबह 11:00 बजे जिला मुख्यालय पहुंचकर राज्योत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। पूर्व में इस कार्यक्रम के लिए रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत को मुख्य अतिथि बनाया गया था। इसमें संशोधन कर विधायक ललित चंद्राकर को मुख्य अतिथि बनाया गया है।

# प्रदेश की सिनियर हॉकी टीम में राजनांदगांव के 7 खिलाड़ी चयनित

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

04 से 15 नवम्बर 2024 तक 14वी हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष हॉकी प्रतियोगिता चेन्नई में आयोजित की जा रही है जिसमे हॉकी इंडिया से मान्यता प्राप्त 31 राज्य की हॉकी टीमें भाग ले रही है। जिसमे छत्तीसगढ़ हॉकी की सीनियर पुरुष हॉकी टीम भी उक्त प्रतियोगिता में भाग लेंगी। सीनियर पुरुष हॉकी टीम के भाग लेने के पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में 30 खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर अंतराष्ट्रीय हॉकी खिलाडी एवं कोच मृणाल चौबे द्वारा लिया गया जिसमे उत्तकृष्ठ प्रदर्शन के आधार पर राजनांदगांव के खुशाल यादव,अर्जुन यादव,संदीप यादव,सोनू निषाद,तरुण यादव,आदित्य मेश्राम,कुशल यादव का चयन राज्य की हॉकी टीम के लिए किया गया है। टीम के कोच दीपेश चौबे (कस्टम विभाग पुणे) होंगे। उक्त टीम आज रात को शिवनाथ एक्स.से नागपुर के लिए रवाना होगी वंही कल 5 अक्टूबर 2024 को तमिलनाडु एक्स.से चेन्नई के लिए रवाना होगी। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर फ़िरोज़ अंसारी, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हॉकी, ए एक्का सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग राजनांदगांव, नीलम चंद जैन, अब्दुल कादिर, महेंद्र सिंग ठाकुर, छोटे लाल, प्रिंस भाटिया, सब्बीर सोलंकी, दीपेश चौबे, आशीष सिन्हा आदि नेअंतराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में खिलाड़ियों से मिलकर उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी।



# अतुल विश्वकर्मा ने निगम आयुक्त का पदभार ग्रहण किया

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम के नवागत आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने अपरान्ह में पदभार ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि छ.ग.शासन सामान्य प्रशासन विभाग, महानदी भवन मंत्रालय रायपुर के आदेश क्रं. एफ-1/52/2024/एक/4 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 28 अक्टूबर 2024 द्वारा अतुल विश्वकर्मा (राप्रसे, पी-2016) संयुक्त कलेक्टर, राजनांदगांव को आयुक्त,नगर पालिक निगम राजनांदगांव के पद पर अस्थाई रूप से, आगामी आदेश पर्यन्त तक पदस्थ किया गया है। उक्त आदेश के परिपालन में विश्वकर्मा ने आज अपरान्ह 12 बजे नगर निगम कार्यालय पहुंच कर आयुक्त अभिषेक गुप्ता से पदभार ग्रहण किया एवं नगर निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि पारिवारिक माहोल में मिलजूल कर राजनांदगांव के विकास के लिये कार्य करना है।

## प्रदेश में अपराध और तनाव जैसी स्थिति उत्पन्न हो रही

# कांग्रेस की कारगुजारियां : प्रदेश में अशांति और अपराध की जड़ भाजपा का हमला

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

आज जब हम प्रदेश का पचीसवां राज्योत्सव मना रहे हैं, वहां बड़े ही दुःख और चिंता के साथ कांग्रेस की कारगुजारियों को आपके बीच रखने की विवशता है।

प्रदेश में जहां भी अपराध और तनाव जैसी स्थिति उत्पन्न हो रही है, उसकी जड़ में कांग्रेस है। हमारा यह स्पष्ट आरोप है कि कांग्रेस जान बूझ कर छत्तीसगढ़ को आग में झोंकना चाहती है। इसलिए पहले खुद अपराध को अंजना देती है। षड्यंत्र रचती है। फिर उस पर सरकार की घेरने में उसके बड़े नेता लग जाते हैं। यह कांग्रेस की राष्ट्रीय स्तर पर तय हुई साजिश के तहत हो रहा है कि समूचे देश-प्रदेश को अराजकता में धकेल दो, फिर चुनी हुई सरकारों को अस्थिर करो। भय और आतंक का वातावरण निर्माण करो।

छत्तीसगढ़ में भी हर आतंक और अपराध के पीछे कांग्रेस का ही खूनी पंजा है। कांग्रेस लोकसभा चुनाव में मिली करारी हार और छत्तीसगढ़ समेत तमाम राज्यों में हुए सफ़ाये से अब जनता में प्रति बदले की भावना से भरी हुई है। वह समाज में अशांति फैलाने का काम कर रही है। अभी दामाखेड़ा में कबीरपंथ ही नहीं समूचे प्रदेश के आस्था के केंद्र में हमला करने वाला भी कांग्रेस का सक्रिय कार्यकर्ता निकला है। इसका प्रमाण स्वयं प्रकाशमुनि साहब के फेसबुक के पोस्ट में है।

प्रकाशमुनि साहेब ने अपने फेसबुक पोस्ट में इस बात का उल्लेख किया है कि इस घटना में भी अपराधी सरपंच पति कांग्रेस पार्टी का ही कार्यकर्ता है। प्रकाशमुनि साहब ने स्पष्ट यह आरोप लगाया है कि दामखेड़ा की घटना को राजनीतिक रंग दिया जा रहा है। कांग्रेस के इस कृत्य की जितनी भर्त्सना की जाय, कम है। इसी तरह आपने देखा कि बलौदाबाजार में किस तरह योजनाबद्ध तरीके से कलेक्टर और एसपी कार्यालय जलाये गये। इस प्रकरण में कांग्रेस के विधायक देवेंद्र यादव के साथ-साथ सैकड़ों कांग्रेसी जेल में बंद हैं। महीनों बाद भी किसी अदालत ने इन्हें अगर जमानत देने लायक भी नहीं पाया है तो समझा जा सकता है कि इनके खिलाफ साक्ष्य कितने मजबूत हैं।



इसी तरह सूरजपुर में पुलिस अधिकारी की पत्नी और बच्चे की जघन्य हत्या करने वाला एनएसयूआई का ज़िला महासचिव था तथा एनएसयूआई का जिलाध्यक्ष भी इस घृणित कृत्य में ज़िम्मेदार था। इस घिनौने कृत्य पर भी कांग्रेस उल्टे चोर कोतवाल को डाँटे की तर्ज पर राजनीति कर रही थी। सवाल उठता है कि क्या ये अब अपनी गंदी राजनीति चमकाने के लिए नरसंहार आदि को भी प्रायोजित करने से बाज नहीं आ रहे हैं? यह प्रश्न निराधार तो नहीं लगता। अगर ऐसा है, जो कि लग रहा है तो साफ कहा जा सकता है कि कांग्रेस अब एक गिरोह में बदल चुकी है। लोहारीडीह कांड में भी बार बार गाँव में अशांति फैलाने और दो समूहों को लड़वाने का काम कांग्रेस कर रही है। यदि उन्हें पता है कि दोषी और निर्दोष कौन है तो बता दे पुलिस को या पुलिस को जाँच करने दे। यही नहीं केशकाल में युवा कांग्रेस का ब्लॉक उपाध्यक्ष 500 रुपये के लाखों के नक़ली नोट के साथ पुलिस के गिरफ्त में है। कांग्रेस के नेता और उनसे संबंधित अधिकारियों पर कोयला घोटाला, शराब घोटाला, पीएससी घोटाला, महादेव घोटाला आदि के आरोप हैं। कांग्रेस की इन कृत्यों को छत्तीसगढ़ क़तई सहन नहीं करेगा। भाजपा की हमारी सरकार तो प्रदेश में हर क़ीमत पर शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए कटिबद्ध है ही, हमारा संगठन भी लोकतांत्रिक तरीके से कांग्रेस का मुक़ाबला करने तैयार है।

भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा कांग्रेस की आपराधिक कृत्य के विरोध में सभी ज़िला मुख्यालय में पुतला दहन किया जायेगा। कांग्रेस को स्पष्ट चेतावनी दी जा रही है कि वह अपने कृत्यों से बाज आये, अन्यथा उससे हर स्तर पर दो-दो हाथ करने भाजपा के कार्यकर्ता तैयार हैं। कांग्रेस को प्रदेश में अशांति, अराजकता और आतंक फैलाने और फिर उस आग पर अपना हाथ सेंकने की छूट हम बिल्कुल नहीं दे सकते। दामाखेड़ा की कबीरपंथ के आचार्य जी के निवास में हुए हमले की हम घोर भर्त्सना करते हैं और इसके पीछे के षड्यंत्र की पता लगा कर दोषियों को चाहाए वह कितना ही बड़ा कांग्रेसी क्यों न हो, सलाखों के पीछे भिजवाने बिना भाजपा चैन से नहीं बैठेगी।

# आपसी खींचातानी के कारण 9 साल पूर्व से स्वीकृत केंद्रीय विद्यालय आज तक नहीं खुल पाया

## बीते माह टीम ने दल्लीराजहरा क्षेत्र के चोरहापड़ाव का किया था निरीक्षण, इस माह के अंत में टीम निरीक्षण करने और पहुचेगी

पायनियर संवाददाता ✓ बालोद
www.dailypioneer.com



जिले में 2016 से स्वीकृत केंद्रीय विद्यालय के लिए अब तक स्थान चयन नही हो पाया है। मामले में बढ़ते राजनीतिक दबाव और आपसी खींचतान के कारण केंद्रीय विद्यालय न खुल पाना प्रशासन के नाकामी को भी दर्शाता है। वही एक बार फिर केंद्रीय विद्यालय के लिए दल्लीराजहरा के चोरहापड़ाव के पास जहां पहले बीएसएफ का कैम्प था, उस स्थल को चयन किया गया है। साथ ही तत्कालीन रूप से दल्लीराजहरा के बीएसपी के स्कूल नम्बर 2 में केंद्रीय विद्यालय का संचालन किया जाना बताया जा रहा है। जिसका फिर एक बार निरीक्षण करने इसी माह टीम भी आने वाली है। दल्लीराजहरा व्यापारी संघ अध्यक्ष गोविंद वाधवानी की माने तो केंद्रीय विद्यालय जिले के लिए बड़ी सौगात है। मगर अब तक स्थल सही तरीके से चयन न होना पाना दुर्भाग्य है। फिर एक बार टीम चयन करने आएगी। बता रहे है केंद्रीय विद्यालय दल्लीराजहरा में खुलने से बेहतर होगा जिसके लिए कलेक्टर को भी अवगत कराया गया है। गोविंद वाधवानी ने उम्मीद जताई है कि आने वाले दिनों में निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा, और 2 साल के भीतर केंद्रीय विद्यालय खुलकर तैयार हो जाएगा। वही चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष स्वाधीन जैन ने कहा कि किसी भी बड़े संस्थान के खुलने और सुविधा के नाम पर दल्लीराजहरा क्षेत्र हमेशा अछूता रहा है। इस क्षेत्र में कार्यरत सभी अधिकारी कर्मचारी की सुविधाओं को ध्यान में रख के केंद्रीय विद्यालय यहां खोला जाना आवश्यक हैं। बीएसपी के भी अधिकारी कर्मचारी है, उन्हें भी इसका लाभ मिलेगा। हम चाहते है कि केंद्रीय विद्यालय डौंडी ब्लॉक में ही बनना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि केंद्रीय विद्यालय खोले जाने के जो नॉर्म्स है, उसपर दल्लीराजहरा खरा उतरता हैं।

### तीनो विधायक अपने अपने क्षेत्र में विद्यालय खोलने को लेकर अड़े

उल्लेखनीय हो कि जनवरी 2021 में जिले के तीनों विधानसभा के विधायक ने अपने अपने क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय खोले जाने की मांग को लेकर अड़े हुए थे, और आज भी अड़े हुए है। जहां डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसियो ने दल्लीराजहरा, गुंडरदेही विधानसभा क्षेत्र के विधायक ने ग्राम पैरी और संजारी बालोद विधानसभा अंतर्गत बालोद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने बालोद जिला मुख्यालय में केंद्रीय विद्यालय खोले जाने की मांग को लेकर अड़े हैं।

आपसी खींचातानी की वजह से आज तलक केंद्रीय विद्यालय जिले में नही खुल पाया हैं। अब जब दल्लीराजहरा के चोरहापड़ाव में केंद्रीय विद्यालय खुलने और स्थल चयन को लेकर टीम द्वारा निरीक्षण किया गया तथा अभी नवम्बर माह के आखिर में एक बार फिर टीम द्वारा निरीक्षण कर स्थल फाइनल किया जाएगा, जिसे लेकर एक बार भी केंद्रीय विद्यालय खुलने का मुद्दा गरमा गया है। बालोद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी ने बताया कि बालोद जिला तीन विधानसभा क्षेत्रों से बना हुआ है। जिसमें तीनों विधानसभा क्षेत्र के आम जनता को हमेशा जिला मुख्यालय में आना जाना लगा रहता है। बालोद में दुर्ग, धमतरी एवं राजनांदगांव क्षेत्रों से लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। यहां रेलवे एवं बसों से आवागमन के लिए पर्याप्त सुविधा उपलब्ध है।

### चक्काजाम कर आंदोलन किया जाएगा : कुंवर

गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय खोलने हेतु ग्राम पैरी में 10 एकड़ भूमि का चयन हो गया था, जमीन का इश्तहार भी जारी हुआ है और आश्रम से एनओसी भी दिया गया है। पैरी में केंद्रीय विद्यालय खोलने को लेकर तत्कालीन मुख्यमंत्री का अनुशंसा पत्र भी है, दिल्ली से भी पत्र जारी हुआ है। उन्होंने कहा कि पैरी के ग्रामवासियों के साथ बैठक लेकर आगे का निर्णय लिया जाएगा, दिल्ली भी जाने पड़े तो जाऊंगा। ग्रामवासियों के निर्णय के बाद पैरी में ही केंद्रीय विद्यालय खोलने की मांग को लेकर चक्काजाम और आंदोलन भी करना पड़े, तो किया जाएगा।

### मापदण्ड पर खरा उतर रहा दल्लीराजहरा-

दरअसल लौहनगरी के नाम से मशहूर दल्लीराजहरा केंद्रीय विद्यालय संचालन के लिए हर मापदंड को पूरा कर रहा है। पहला मापदंड यह है कि न्यूनतम 500 केंद्रीय कर्मचारी होना चाहिए, लेकिन यहां जब सर्वे कराया गया तो 1200 से अधिक केंद्रीय कर्मचारी निवासरत मिले। इन 1200 में से न्यूनतम 40 पालकों के बच्चों की जरूरत है, जिसे कक्षा पहली में प्रवेश दिया जाएगा। इसके अलावा विद्यालय संचालन के लिए अन्य जरूरी मापदंड पूरा हो रहा है, इसलिए किसी प्रकार कोई रोड़ा नहीं है। इसकी पुष्टि भी तत्कालिक जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास बघेल ने की थी।

### ये है चयन के मापदंड

500 शासकीय केंद्रीय कर्मचारी निवासरत होने चाहिए। जबकि दल्लीराजहरा में बीएसपी में कार्यरत 1200 अधिकारी व कर्मचारी निवासरत है। जो निर्धारित मापदंड पर आ रहे हैं। जो निर्धारित क्षमता से दो गुना ज्यादा है। इसके अलावा रेलवे व बैंक के कर्मचारी भी कार्यरत है। 270 एकड़ जमीन को लेकर शासन व बीएसपी स्तर से निराकरण हो चुका है। ऐसे में केंद्रीय विद्यालय के भवन निर्माण के लिए शासन ही जमीन उपलब्ध करा सकती है। ऐसे में 10 एकड़ जमीन मिलने में किसी प्रकार का रोड़ा नहीं है। अभी बीते माह चोरहापड़ाव में स्थल का भी निरीक्षण टीम द्वारा किया गया है। केंद्रीय कर्मचारियों के अलावा आवास प्लांट उपलब्ध कराने बीएसपी ने सहमति दी है। क्वार्टर में ही अधिकांश अधिकारी व कर्मचारी निवासरत है। ऐसे में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आएगी। जमीन विवाद का जो मामला अटका था। जिसे 2 वर्ष पहले ही सुलझा लिया गया है।

# छठ पर्व पर तालाबों में की जाए रोशनी: महापौर

पायनियर संवाददाता ✓ रिसाली
www.dailypioneer.com



महापौर शशि सिन्हा ने विभागवार समीक्षा की। छठ पर्व को ध्यान में रखते हुए उन्होंने तालाबों के घाट की सफाई करने और तालाब किनारे रोशन करने निर्देश दिए है। महापौर ने विभाग प्रभारी की उपस्थिति में मुख्य बाजार स्थित मार्गो को व्यवस्थित करने के निर्देश भी दिए है। महापौर ने राजस्व और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठकर कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि दीप पर्व के बाद छठ त्यौहार है। बड़ी संख्या में लोग डूबते और ऊगते सूरज का अर्ध देने पहुचेंगे। इसे देखते हूए तालाब के घाट और आस पास खाली जगहों की बेहतर तरीके से सफाई करे। उन्होंने नेवई डेम, हिन्द नगर तालाब और कल्याणी मंदिर तालाब, रूआबांधा तालाब पर विशेष व्यवस्था के निर्देश दिए है। बैठक में एमआईसी संजू नेताम, जहीर अब्बास, अनिल देशमुख, चन्द्रप्रकाश निगम, सनीर साहू, सीमा साहू, परमेश्वर देवदास आदि उपस्थित थे।

### अतिक्रमणकारियों के खिलाफ करे कार्रवाई

महापौर ने निर्देश दिए कि कृष्णा टॉकिज रोड में अधिकांश दुकानदार बढ़ाकर व्यापार कर रहे है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अतिक्रमण हटाकर मार्ग को सुगम बनाए। महापौर परिषद के सद्स्यों ने कर संग्रहण के संबंध में भी चर्चा की और विशेष मॉनिटरिंग करने कहा। इसके अलावा महापौर परिषद के सद्स्यों ने समीक्षा बैठक में नाली पर स्लैब ढालने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई के निर्देश दिए है।

## मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत प्रशिक्षण प्रारंभ

**गरियाबंद।** कौशल पखवाड़ा शिविर अंतर्गत कौशल प्रशिक्षण हेतु प्राप्त आवेदन का मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत दो बैच तैयार किया गया है। जिसका लाईवलीहुड कॉलेज गरियाबंद में ब्युटी पार्लर कोर्स में 30 हितग्राहियों का 05 नवम्बर 2024 से 21 मार्च 2025 तक एवं जनरल ड्यूटी असिस्टेंट कोर्स में 30 हितग्राहियों का 05 नवम्बर से 21 दिसम्बर 2024 तक प्रशिक्षण संचालित होगा। साथ ही डोमेस्टिक डाटा एन्ट्री ऑपरेटर एवं रिटेल सेल्स एसोसिएट कोर्स में 30-30 हितग्राहियों का एक-एक बैच 11 नवम्बर 2024 से प्रारंभ होना प्रस्तावित है। कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग रायपुर छ.ग. के निर्देशानुसार गरियाबंद जिले में 14 अक्टूबर से 30 अक्टूबर 2024 तक कौशल पखवाड़ा का आयोजन किया गया था।

# भाजपा जिला महामंत्री ने किया प्रेस वार्ता

## प्रदेश में बिगड़ी कानून व्यवस्था के लिए कांग्रेस जिम्मेदार : यादव

पायनियर संवाददाता ✓ बलरामपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री दीनानाथ यादव ने प्रेस वार्ता के माध्यम से कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के द्वार भय का वातावरण बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन काल में छत्तीसगढ़ को अपराध गढ़ बना दिया गया था जिसके कारण छत्तीसगढ़ की जनता उनको बाहर की रास्ता दिखा दी। वही बलौदा बाजार में कांग्रेस विधायक के इशारे पर घटना को अंजाम दिया गया जिसके कारण आज कांग्रेस विधायक को गिरफ्तार किया गया था। व्ही कांग्रेस के कई नेता अपराधी प्रवृत्ति में शामिल है। उन्होंने आगे कहा कि पड़ोसी जिला सूरजपुर में जो घटना घटित हुई है उस में भी एनएसयूआई के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल है जिन पर पुलिस ने करवाई की है। व्ही दामाखेड़ा मामले को लेकर कहा कि धर्म गुरु प्रकाश मुनि का यह कहना है कि हमले में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का हाथ है, उन्होंने यह भी बताया कि लोहारीडीह कांड में कांग्रेस के सदस्यों ने अशांति फैलाने का काम किया है। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश में हुए चार मुख्य घटनाओं में कांग्रेस की संलिप्तता दीखाई देती है जो दुर्भाग्यपूर्ण है इसलिए प्रदेश की जनता नकारात्मक राजनीति को पहचाने और सही निर्णय लें ताकि प्रदेश में शांति व्यवस्था बनी रहे।

# धनोरा में मां लक्ष्मी उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



पायनियर संवाददाता ✓ उतई
www.dailypioneer.com

बजरंग पारा बाबा दरबार के पास धनोरा मे विगत 10 वर्ष से हर साल धनतेरस के दिन बाल सखा मां लक्ष्मी उत्सव समिति के द्वारा मां लक्ष्मी एवं गणेश की मूर्ती स्थापित किया जाता है। इस वर्ष भाई दूज के दिन दोपहर 12 बजे हवन संपन्न करके प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया एवं सोमवार को सुबह 10 बजे से झांकी के साथ गली भ्रमण करते हुए खनती तलाब पहुंचकर मां लक्ष्मी मैय्या की मूर्ति विसजर्न किया गया। शोभा यात्रा में पुरे गांव के लोग इकठ्ठा होकर साथ साथ माता रानी की जय-जयकार लगाते हुए चलते रहे। इस दौरान मुख्य रूप से बलराम बबलू साहू, रमन साहू, भोलू साहू, चीन्टू साहू, लक्की पटेल, अजय हिरवानी, अवेद साहू, लक्ष्मण साहू, भुपेश साहू, महेंद्र पटेल, भोजराज, देवेन्द्र साहू, भुपेंद्र साहू, अंजोर साहू, रामेशवर साहू, भुपेंद्र सप्रे, कुंभकरण पटेल, अमर यादव, हीरामनी साहू, भोला साहू, भरत साहू, दुरगेन्दर साहू, फायर यादव, रुपेन्द्र साहू, खोमलाल ढीमर, देवराज यादव आदि मौजूद रहे। यह जानकारी समिति के बलराम साहू एवं गुलाब साहू जी ने दी।

## गृह मंत्री दक्षता पदक से सम्मानित होंगे छत्तीसगढ़ के 181 पुलिस अधिकारी-कर्मचारी

**रायपुर।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय गृह मंत्री दक्षता पदक की घोषणा कर दी है। गृह मंत्रायल ने देश के विभिन्न राज्यों की पुलिस के 348 अफसरों और कर्मचारियों को पुरस्कार देने की घोषणा की गई है। इनमें सबसे ज्यादा 181 छत्तीगसढ़ पुलिस के अफसर और जवान शामिल हैं। एडीजी विवेकानंद सिन्हा, एसपी विजय पांडे, एसपी आई के एलेसेला, समेत निरीक्षक, उप निरीक्षक, एएसआई, हवलदार और आरक्षक को केंद्रीय गृह मंत्री का पुलिस पदक मिलेगा। सबसे अधिक जवान कांकेर नक्सल मुठभेड़ मामले में सम्मानित होंगे। आईजी अमरेश मिश्रा को भी केंद्रीय गृह मंत्री पुलिस पदक से सम्मानित किया जाएगा। एनआईए में पदस्थापना के दौरान इन्वेस्टिगेशन में उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें सम्मानित किया जाएगा। साथ ही छत्तीसगढ़ पुलिस के सब इंस्पेक्टर अजय सिन्हा को भी इन्वेस्टिगेशन में केंद्रीय गृह मंत्री पदक से सम्मानित किया जाएगा।

# नव पदस्थ आयुक्त सुमित अग्रवाल ने संभाला पदभार, आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने सौंपा चार्ज

## चार्ज लेते ही आयुक्त सुमित अग्रवाल ने शासन की योजनाओं और विकास कार्यो में गुणवक्ता के साथ काम करने के दिये निर्देश

पायनियर संवाददाता ✓ दुर्ग
www.dailypioneer.com





नगर पालिक निगम में नव पदस्थ आयुक्त सुमित अग्रवाल ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया। तत्कालीन आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने नये आयुक्त सुमित अग्रवाल को प्रभार सौंपा। आयुक्त अग्रवाल का निगम में स्वागत करने के लिए आला अधिकारी मौजूद रहें। सभी अधिकारी/ कर्मचारियो ने आयुक्त को बधाई दी। महापौर धीरज बाकलीवाल से मुलाकात करने उनके बगले एफ 4 पंहुचे. इस अवसर पर महापौर धीरज बाकलीवाल ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी। बता दे कि आयुक्त सुमित अग्रवाल 2013 बैच के राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी है।इससे पूर्व कांकेर में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी के रुप मे पदस्थ रहे है।पदभार ग्रहण करने के बाद नगर निगम के अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया।उन्होंने निगम अधिकारियों/ कर्मचारियो से परिचय प्राप्त कर विभागीय कार्यो की जानकारी ली। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे एक टीम के रूप में मिलकर उत्कृष्टता और गुणवत्ता के साथ कार्य करें। उन्होंने अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर निगम कार्यालय की विभिन्न विभागों का अवलोकन किया और कर्मचारियों से परिचय एवं कार्यों की जानकारी ली।कार्यपालन अभियंता मोहन पूरी गोस्वामी, प्रभारी कार्यपालन अभियंता आरके जैन, सहायक अभियंता वीपी मिश्रा, सहायक अभियंता संजय ठाकुर, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, स्थापना शाखा प्रभारी आर.के. बोरकर, लेखा अधिकारी रमाकांत शर्मा, बाजार अधिकारी थानसिंह यादव, निज सहायक आयुक्त शुभम गोइर, स्वेता महलवार, प्रेरणा दुबे सहित अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे। नगर निगम नये आयुक्त सुमित अग्रवाल ने इस दौरान कहा कि निकाय में काम करने का यह प्रथम अवसर है, इसलिए निगम के विकास के लिए सभी को टीमवर्क से काम करना होगा। निगम के किसी भी समस्याओं तथा निगम के हित के कार्यो को लेकर उन्होंने सीधे संवाद करने अधिकारियों से कहा। उन्होंने कहा कि समय के साथ गुणवत्तापूर्ण कार्य करना अधिकारियों की पहली जिम्मेदारी होनी चाहिए।

समस्त प्रदेशवासियों को
दीपावली पर्व की
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
PRAKASH INDUSTRIES LTD.
CHAMPA
(AN ISO 9001,14001 & OHSAS 18001 CERTIFIED COMPANY)
AN INTEGRATED STEEL & POWER PLANT
कोटाडबरी-चांपा, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)






















सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403